Hindi
2016

CA.GOV

California

ड्राइवर विवरण पुस्तिका



Edmund G. Brown Jr., गवर्नर
स्टेट ऑफ़ कैलिफ़ोर्निया
Brian P. Kelly, सेक्रेटरी
कैलिफ़ोर्निया स्टेट ट्रांसपोर्टेशन एजेंसी
Jean Shiomoto, डायरेक्टर
कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ मोटर व्हीकल्स

ये पुस्तिका **www.dmv.ca.gov** पर उपलब्ध है।

नोट्स

प्यारे कैलिफ़ोर्निया वासियों,

मई 2015 में कैलिफ़ोर्निया मोटर वाहन विभाग (Department of Motor Vehicles (DMV)) ने सार्वजनिक सेवा की 100वीं वर्षगाँठ मनाई। कमाल है!

अपनी स्थापना के बाद से DMV कई बदलावों से होकर गुजरा है और इसमें ऐसे विकास हुए हैं जिनकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। इस विभाग ने जनसंख्या में वृद्धि, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, नवाचार, और सड़क सुरक्षा के साथ तालमेल रखा, और यह एक लक्ष्य: ग्राहक सेवा में सुधार के लिए प्रयासरत रहते हुए व्यापार करने के नए तरीकों की ओर बदलाव करना जारी रखें हुए है।

कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर हैंडबुक (California Driver Handbook) इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे इस विभाग ने कैसे वर्तमान की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के अनुकूल रूपांतरित किया है।

ग्राहकों की वरीयताओं को समायोजित करने के लिए, DMV अब हार्डकॉपी में और प्रौद्योगिकी के माध्यम से हैंडबुक प्रदान करता है। यहाँ तक कि एक मुफ्त DMV "एप्लीकेशन" भी मौजूद है जो हैंडबुक और अन्य DMV जानकारी को व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर डाउनलोड कर देती है -- जिसमें नमूना क्विज़, वीडियो और अन्य इंटरैक्टिव ट्यूटोरियल का उपयोग करके सड़क के नियमों को जानने के लिए रोचक और मजेदार तरीके शामिल हैं।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक ड्राइवर लाइसेंस को जारी किया जाना एक विशेषाधिकार है और यह जिम्मेदारियों के साथ आता है। इसलिए, ड्राइवर लाइसेंस परीक्षा लेने से पहले पढ़ने के लिए समय निकालना *अत्यधिक* महत्वपूर्ण है। हम जानते हैं कि पहली बार परीक्षा लेने वालों में से आधे व्यक्ति परीक्षा में फेल हो जाते हैं।

चाहे काम पर जाने के लिए गाड़ी चला रहे हों, बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए, या किसी राज्य की सुंदर सड़कों और राजमार्गों पर यात्रा कर रहे हों, हम आपको सुरक्षित देखना चाहते हैं। इसलिए कृपया उन तरीकों का फायदा उठाएँ जिनके द्वारा सड़क के नियमों को जानने में DMV आपकी सहायता कर सकती है।

आपका शुभचिंतक,

Brian P. Kelly

BRIAN P. KELLY
सचिव
कैलिफ़ोर्निया राज्य परिवहन निगम

नोट्स

विषय-सूची

2016 के नये क़ानून VII
कहाँ लिखें viii

DMV जानकारी IX
क्षेत्रीय कार्यालय के संचालन के घंटे ix

सामान्य जानकारी 1
अस्वीकरण 1
सटीक पहचान 1
बुनियादी जानकारी 1

कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस 2
ड्राइवर लाइसेंस किसके पास होना चाहिए? 2
कैलिफ़ोर्निया निवासी 2
कैलिफ़ोर्निया निवासी सैन्य कर्मी (अमेरिकी सशस्त्र बल) 2
कैलिफ़ोर्निया में तैनात अनिवासी सैन्य कर्मी 2
नए कैलिफ़ोर्निया निवासी 2
कैलिफ़ोर्निया की सैर पर आने वाले वयस्क 2

एक ड्राइवर लाइसेंस प्राप्त करना 3
बुनियादी क्लास C ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन आवश्यकताएँ 3
वयस्कों की परमिट आवश्यकताएँ 4
वयस्क ड्राइवर लाइसेंस की आवश्यकताएँ 4

ड्राइवर लाइसेंस (DL) के वर्ग 6

परीक्षा की प्रक्रिया 7
परीक्षाएँ कहाँ जाकर लें 7
नकल मारना 7
DMV परीक्षाएँ 7

विशेष खंड - नाबालिग 8
नाबालिगों के लिए परमिट आवश्यकताएँ 8
नाबालिग के परमिट प्रतिबंध 9
नाबालिग ड्राइवर लाइसेंस की आवश्यकताएँ 9
अपवाद - नाबालिग के ड्राइवर लाइसेंस प्रतिबंध 9
राज्य से बाहर के नाबालिग 10
राज्य से बाहर के नाबालिग के परमिट 10
राज्य से बाहर के नाबालिगों के ड्राइवर लाइसेंस 10
ट्रैफ़िक उल्लंघन 10
ट्रैफ़िक में किशोरों की मौत 11
प्रोविज़नल ड्राइवर लाइसेंस के खिलाफ़ कार्रवाई 11
अपना प्रोविज़नल ड्राइवर लाइसेंस रखना 11
आदतन गैर-हाज़िर रहने वाले व्यक्ति 13-18 वर्ष की आयु वाले 11
नाबालिग और सेल फ़ोन 12

विविध लाइसेंस जानकारी 12
खोए / चोरी या क्षतिग्रस्त ड्राइवर लाइसेंस को बदलना 12
नाम परिवर्तन 12
ड्राइवर लाइसेंस नवीकरण 12
डाक से या इंटरनेट द्वारा नवीनीकरण 13
ड्राइवर लाइसेंस का विस्तार 13
आपके कब्जे में ड्राइवर लाइसेंस 13
पता परिवर्तन 13
दृष्टि 14
चिकित्सा सूचना कार्ड 14
अंग और ऊतक दान 14
सेवानिवृत सैनिक की पदवी और मिलने वाले लाभों की जानकारी 15
मैं सेवानिवृत्त सैनिक की पदवी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ? 15
मतदान के लिए पंजीकरण 15
बिना लाइसेंस वाले ड्राइवर 15
राजनयिक ड्राइवर लाइसेंस 15
पहचान (ID) कार्ड 16
शारीरिक और मानसिक (P&M) स्थितियों के लिए नि:शुल्क ID कार्ड 16
मेल या इंटरनेट से पहचान (ID) कार्ड का नवीनीकरण 16
ड्राइविंग स्कूल 16
परिपक्व ड्राइवर कार्यक्रम 17
पैदल चलने वालों का दायित्व 17
नई प्रौद्योगिकी 18

सवारियों का संरक्षण 18
सीट बेल्ट 18
सीट बेल्ट के बारे में ग़लत मान्यताएँ 19
बच्चों की रोकथाम प्रणाली और सुरक्षा सीटें 20
एयर बैग के साथ सुरक्षित सवारी 20
एयर बैग के पार्श्व-प्रभाव 21
मोटर वाहन में बिना रखवाली के अकेले बच्चे 21
ध्यान के बंटे होने की हालत में वाहन चालन 21
गर्म मौसम के जोखिम 22

ट्रैफिक नियंत्रण 22
ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें 22
पैदल चलने वालों की सिग्नल लाइटें 23
ट्रैफिक संकेत 23

सड़क के क़ानून और नियम 26
राइट-ऑफ़-वे नियम 26
सामान्य जानकारी 26
पैदल चलने वाले 27
पारपथ 28
चौराहे 28
यातायात परिपथ 29
पहाड़ी सड़कों पर 29
गति सीमाएँ 30
अधिकतम गति सीमा 30
कम गति 30

दृश्यात्मक (VISUAL) खोज 33
स्कैनिंग 33
आगे क्या है जानें 33
आपके बग़ल में क्या है जानें 34
आपके पीछे क्या है जानें 35
आप कितनी अच्छी तरह रोक सकते हैं? 36

लेन नियंत्रण 36
लाइन के रंग 36
लेन का चयन 37
लेन बदलना 37
लेन पार करना 38
कारपूल / उच्च रिहाइशी वाहन (HOV) लेन 38
सेंटर लेफ़्ट-टर्न लेन 38
टर्नआउट एरिया और लेन 39
लेन का अंत चिह्न 39
साझा सड़क साइकिल चिह्न (शैरोज़) 39
साइकिल लेन 39

मोड़ या टर्न 40
दाएँ मुड़ने और बाएँ मुड़ने के उदाहरण 41
कानूनी U-टर्न 42
गैरकानूनी U-टर्न 43

पार्किंग 43
पहाड़ पर पार्किंग करना 43
समानांतर पार्किंग 43
रंगीन पटरियों पर पार्किंग 44
गैरकानूनी पार्किंग 48
विशेष पार्किंग नियम 48

सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार 49
संकेतन 49
स्टीयरिंग 49
हॉर्न, हेडलाइट्स, और एमर्जेन्सी सिग्नल 50
अपने हॉर्न का उपयोग करें 50
अपने हॉर्न का प्रयोग न करें 50
अपने हेडलाइट्स का प्रयोग करें 50
अपने एमर्जेन्सी सिग्नलों का प्रयोग करें 51
टेक्स्ट मेसेजिंग और सेल फ़ोन 51

वाहन की स्थिति या पोज़िशनिंग 52
दूरियों का पालन करना 52
एक समय में एक ही ख़तरे पर ध्यान देना 52
अंतर का बँटवारा 52
व्यक्ति जो ड्राइवरों के लिए ख़तरे पेश करते हैं 52
ट्रैफ़िक में मिल जाना/बाहर निकलना 52
मिलने के लिए जगह 53
पार करने या प्रवेश के लिए जगह 53
बाहर निकलने के लिए जगह 53
अन्य ट्रैफ़िक को पार करना 54
पार करने के लिए जगह और स्पीड 54
लौटने के लिए जगह 54

सड़क साझा करना 55
बड़े ट्रक (बड़े साजो-सामान वाले) और मनोरंजनात्मक वाहन (RVs) 55
ब्रेक लगाना 55
ट्रकर का ब्लाइंड स्पॉट-"नो ज़ोन" 55
मोड़ना 55
कुशल गतिशीलता 55
बस, स्ट्रीटकार, और ट्रॉलियाँ 56
लाइट-रेल वाहन 57
एमर्जेन्सी वाहन 57
धीमी गति से चलने वाले वाहन 58
नेबरहुड इलेक्ट्रिक वाहन (NEV) और कम गति वाले वाहन (LSV) 58
पशु द्वारा खींचे जाने वाले वाहन 58
मोटरसाइकिलें 58
साइकिलें 59
ट्रैवल लेन्स में साइकिलें 61
नेत्रहीन पैदल चलने वाले 61
सड़क श्रमिक और काम के क्षेत्र ("कोन ज़ोन") 62
डबल फ़ाइन ज़ोन 63
बाज़ू हट जाना और धीरे चलाना 63

ख़तरनाक भार वाले वाहन 63
महत्वपूर्ण ड्राइविंग सुझाव 63
ट्रैफ़िक की भीड़ के साथ व्यवहार 63
आक्रामक ड्राइवरों और सड़क पर क्रोधोन्माद से निबटना 64

विशेष ड्राइविंग परिस्थितियाँ 64
आपकी कार नज़रों के सामने रखें 64
सड़क की हालत कैसी है 64
घुमाव 64
भारी ट्रैफ़िक में ड्राइविंग 65
ट्रैफ़िक स्पीड 65
ड्राइविंग के ख़तरे 65
सड़क पर पानी 65
फिसलन वाली सड़कें 65
ज़ोरदार हवाएँ 66
कोहरे में ड्राइव करना 66
सूर्य की तेज़ चमक के साथ ड्राइविंग करना 66
अंधेरे में ड्राइविंग करना 67
बारिश या बर्फ़ में ड्राइविंग करना 67
पानी से भरी सड़कें 70
पहाड़ी इलाक़ों या घुमावदार जगहों पर ड्राइविंग करना 70
ट्रैफ़िक ब्रेक 70
खिड़कियों और शीशों को साफ़ करें 71
सीट और शीशों को समायोजित करें 71
टायरों की सुरक्षा 71
अन्य खतरे 72
एनफ़ोर्समेंट द्वारा रोकने पर ड्राइवर को क्या करना चाहिए 72

आपात स्थितियों का संचालन 73
यांत्रिक सुझाव 73
फिसलने वाली सतहों पर स्किड होना 73
सड़क से पार जाकर ड्राइविंग करना 73
एक्सलरेशन फिसलन 73
लॉक हुए पहियों की फिसलन 73
एक्सलरेटर में ख़राबी 74
स्टीयरिंग व्हील लॉक करने वाला उपकरण 74
टक्करें दुर्घटनाएँ नहीं हैं 74
टक्करों के कारण 74
टक्कर में शामिल होना 74
टक्कर की रिपोर्टिंग 75
सुरक्षा सुझाव 75

ड्राइवर की तत्परता 76
वयोवृद्ध ड्राइवर के लिए सुरक्षा 76
सभी ड्राइवरों के लिए अच्छी दृष्टि 77
सुनना 77
सतर्कता 77
दवाइयाँ 78
स्वास्थ्य और भावनाएँ 78
चिकित्सकों द्वारा रिपोर्ट की जाने वाली स्थितियाँ 78

शराब और नशीली दवाएँ 78
शराब/नशीले पदार्थ और ड्राइविंग ख़तरनाक है 78
वाहन में शराब ले जाना 79
21 से कम उम्र वाले ड्राइवर (जिनके पास शराब पाई जाए) 79
सभी उम्र के ड्राइवर 83
रक्त में शराब की सांद्रता (BAC) सीमाएँ 83
स्वतः प्रशासन 83
21 से कम उम्र–शराब के उपयोग के लिए शून्य सहिष्णुता 84
न्यायालय द्वारा DUI दोषसिद्धि 84
21 और अधिक उम्र वाले ड्राइवर–DUI कार्यक्रम और प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस 85
निर्दिष्ट ड्राइवर कार्यक्रम 85

अतिरिक्त ड्राइविंग क़ानून/नियम 86
जो काम आपको नहीं करने चाहिए: 86
जो काम आपको करने चाहिए: 87

प्रशासनिक 88
वित्तीय जिम्मेदारी 88
बीमा आवश्यकताएँ 88
आपके रिकॉर्ड में टक्करें 89
टक्कर, बीमा और नाबालिग 89
टिकट पाना 89
शांति अधिकारी से बचना 89
ड्राइवर रिकॉर्ड पर अंक 90
यातायात भंग अभियुक्त स्कूल दोष-सिद्धि 90
DMV द्वारा निलंबन या निरस्त 90
जज द्वारा निलंबन 91
रिकॉर्ड गोपनीयता 91
तोड़फोड़/भित्तिचित्र-सभी उम्र 91
स्पीड प्रतियोगिताएँ/लापरवाह ड्राइविंग 91
बंदूक आदि रखना 91
वाहन पंजीकरण आवश्यकताएँ 92
कैलिफ़ोर्निया वाहन 92
राज्य से बाहर के वाहन 92
वाहन चोरी निवारण युक्तियाँ 93

ड्राइवर लाइसेंस त्वरित तथ्य और अन्य प्रकाशन 94
ऑनलाइन उपलब्ध 94
ज्ञान परीक्षण नमूना #1 99
ज्ञान परीक्षण नमूना #2 101

कैलिफ़ोर्निया में हर घंटे एक पैदल यात्री की मौत होती है या घायल होता है।

धीरे चलें

दूसरों का ध्यान रखें

विचलित मन से ड्राइव न करें

यह हम सब पर निर्भर है

कैलिफ़ोर्निया ऑफ़िस ऑफ़ ट्रैफ़िक सेफ़्टी और कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ

सड़क का सम्मान करें

कैलिफ़ोर्निया का पैदल यात्रियों और साइकल चालकों के लिए प्रवर्तन और शिक्षण प्रोजेक्ट

2016 के नये क़ानून

1 जनवरी 2016 से प्रभावी

साइकिल परावर्तक

एक हाईवे (राजमार्ग) पर या किसी सड़क के किनारे अंधेरे में चलाई जाने वाली साइकिलों में एक लाल परावर्तक (रिफ्लैक्टर) या बिल्ट-इन परावर्तक (रिफ्लैक्टर) के साथ पीछे की ओर एक ठोस या एक फ्लैश करती हुई लाल बत्ती का लगा होना ज़रूरी है *(कैलिफ़ोर्निया वाहन संहिता (California Vehicle Code)* [CVC] §21201)।

धीमी गति से चलने वाले वाहन

वे वाहन जो ट्रैफिक के प्रवाह से कम गति पर चल रहे हैं और एक दो-लेन वाले हाईवे पर चल रहे हैं जहाँ पासिंग (पार निकलना) असुरक्षित है, और 5 या अधिक वाहनों की उनके पीछे लाइन लगी है तो उनका पास के एक टर्नआउट के तौर पर नामित स्थान पर या जहाँ भी एक सुरक्षित टर्नआउट क्षेत्र मौजूद हो, वहाँ निकलना ज़रूरी है (CVC §21656)।

बरी व्यक्तियों के लिए ड्राइवर लाइसेंस

DMV का ऐसे व्यक्ति के लिए एक बिना फीस के ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी करना ज़रूरी है जिसे पिछले छह महीनों के भीतर किसी अपराध से बरी कर दिया गया हो और राज्य की जेल से रिहा कर दिया गया हो (CVC §14903)।

बिजली से चलने वाली साइकिल के लिए वर्ग

बिजली से चलने वाली साइकिलों के लिए तीन वर्ग बनाए गए हैं। बिजली से चलने वाली साइकिल के वर्ग 3 के सभी संचालकों (अधिकतम गति 28 मील प्रति घंटा [mph]) का 16 वर्ष या उससे अधिक का होना ज़रूरी है और एक साइकिल हेलमेट पहनना ज़रूरी है। इन बिजली से चलने वाली साइकिलों के लिए कोई वित्तीय जिम्मेदारी, ड्राइवर लाइसेंस (DL), पंजीकरण, या लाइसेंस प्लेट आवश्यकता नहीं है (CVC §§312.5, 12804.9, 21113, & 24016)।

साइकिल रिक्शा की परिभाषा का विस्तार

साइकिल रिक्शा की परिभाषा को 1 जनवरी 2020 तक उन प्रावधानों को शामिल करने के लिए विस्तृत किया गया है जो यात्रियों द्वारा शराब वाले पेय-पदार्थों को पीने की अनुमति देते हैं। इस नये प्रकार की साइकिल रिक्शा के लिए अतिरिक्त परिचालन और सुरक्षा उपकरण ज़रूरी हैं (CVC §§467.5, 21215, 21215.5, & 23229)।

01 जुलाई 2016 से प्रभावी

कैलिफ़ोर्निया के निवासी होने की आवश्यकता

सभी मूल ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड आवेदकों का कैलीफ़ोर्निया के निवासी होने का संतोषजनक सबूत पेश करना ज़रूरी है। DMV को एक ऐसे व्यक्ति को एक मूल ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड जारी करने की मनाही है जो कैलीफ़ोर्निया के निवासी होने का संतोषजनक सबूत पेश नहीं करता/करती (CVC §12801.5)।

01 जनवरी 2017 से प्रभावी

दुर्घटना की रिपोर्ट करने की राशि की सीमा में वृद्धि

टक्कर की रिपोर्टिंग करने की न्यूनतम क्षति की सीमा को $750 से बढ़ाकर $1,000 कर दी गई है। किसी टक्कर, जिसमें सम्पत्ति का नुकसान $1,000 से अधिक का हो, में शामिल गाड़ी के एक ड्राइवर का कैलिफ़ोर्निया मे होने वाली ट्रैफ़िक दुर्घटना की रिपोर्ट (SR 1) को सबमिट करना ज़रूरी है। DMV एक अबीमाकृत दुर्घटना की रिपोर्ट होने पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकृत है (CVC §§1656.2, 1808, 1808.1, 12517.1, 13369, 13558, 16000, 16000.1, 16020.1, 16020.2, 16075, 16251, 16430, & 16434)।

बच्चे की सुरक्षा सीटों के लिए आवश्यकताएँ

बच्चा यात्री को अपने स्थान पर रोक कर रखने वाली प्रणाली के लिए मौजूदा क़ानूनों के साथ-साथ, कोई भी बच्चा जो 2 साल से छोटा है उसे एक पीछे की ओर मुँह किये हुए रोक कर रखने वाली प्रणाली में बेल्ट लगाकर बिठाया जाना ज़रूरी है जब तक कि बच्चा 40 पाउंड या उससे अधिक का नहीं है, या 3'3" या उससे अधिक लंबा नहीं है (CVC §27360)।

कहाँ लिखें

यदि इस प्रकाशन के बारे में आपकी कोई टिप्पणी या सुझाव हैं, तो उन्हें कृपया यहाँ भेजें:

Department of Motor Vehicles
Customer Communications Section, MS H165
PO Box 932345
Sacramento, CA 94232-3450

© कॉपीराइट, डिपार्टमेंट ऑफ़ मोटर व्हीकल्ज़ 2016

सर्वाधिकार सुरक्षित

यह कार्य अमेरिकी कॉपीराइट क़ानून द्वारा संरक्षित है। DMV इस कार्य के कॉपीराइट का मालिक है। कॉपीराइट क़ानून निम्नलिखित को प्रतिबंधित करता है: (1) कॉपीराइटकृत कार्य की प्रतिकृति; (2) कॉपीराइटकृत कार्य की प्रतियों का वितरण; (3) कॉपीराइटकृत कार्य के आधार पर व्युत्पन्न कार्य की तैयारी; (4) कॉपीराइटकृत कार्य का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन;या (5) कॉपीराइटकृत कार्य पर सार्वजनिक रूप से निष्पादन। इस प्रकाशन को संपूर्णतः या आंशिक रूप से प्रतियाँ तैयार करने की अनुमति से संबंधित सभी अनुरोध निम्न को संबोधित किए जाएँ:

Department of Motor Vehicles
Legal Office, MS C128
PO Box 932382
Sacramento, CA 94232-3820

DMV जानकारी

क्षेत्रीय कार्यालय के संचालन के घंटे	
सोमवार	सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
मंगलवार	सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
बुधवार	सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक
वीरवार	सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
शुक्रवार	सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
शनिवार	बन्द होता है।
रविवार	बन्द होता है।

कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों में कुछ बढ़े हुए काम के घंटे भी हो सकते हैं और कुछ केवल ड्राइवर लाइसेंस (DL) या वाहन पंजीकरण सेवाओं की पेशकश ही करते हैं। यह पता लगाने के लिए कि क्या आपका स्थानीय क्षेत्रीय कार्यालय में बढ़े हुए काम के घंटे हैं, या किसी क्षेत्रीय कार्यालय के स्थान और सेवा विकल्पों का पता लगाने के लिए, ऑनलाइन जाएँ या नीचे सूचीबद्ध टोल फ़्री नम्बर पर कॉल करें।

निम्न के लिए **www.dmv.ca.gov** पर ऑनलाइन जाएँ:

- क्षेत्रीय कार्यालय के स्थान, घंटे, दिशा-निर्देश, और फ़ोन नंबर।
- क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा करने या ड्राइविंग टेस्ट के लिए (वाणिज्यिक ड्राइविंग परीक्षण को छोड़कर) एपॉइंटमेंट बनाएँ।
- निजीकृत लाइसेंस प्लेटों के लिए आर्डर करें।
- ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड जानकारी।
- वाहन/पोत पंजीकरण जानकारी।
- फ़ॉर्म डाउनलोड करें।
- प्रकाशन–हैंडबुक, ब्रोशर, और नमूना परीक्षण।
- वरिष्ठ ड्राइवर संबंधी जानकारी।
- किशोर ड्राइवर संबंधी जानकारी।
- अन्य राज्य और संघीय एजेंसियों के लिए लिंक।
- अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL) या गाड़ी का पंजीकरण नवीनीकृत करने के लिए।

सामान्य कारोबार समय के दौरान 1-800-777-0133 पर कॉल करें:

- ड्राइवर लाइसेंस (DL) या गाड़ी के पंजीकरण के बारे में जानकारी, फॉर्म्स और प्रकाशन प्राप्त करने/अनुरोध करने के लिए।
- कार्यालय स्थान और समय का पता लगाएँ।
- ड्राइविंग परीक्षण के लिए एपॉइंटमेंट बनाएँ।
- किसी DMV प्रतिनिधि से बात करें या वापस फ़ोन करने का अनुरोध करें।

आटोमेटिड सेवा के लिए 1-800-777-0133 पर सप्ताह के सातों दिन, दिन के 24 घंटे निम्न के लिए कॉल करें:

- आपके बिलिंग नोटिस पर दिये गये नवीनीकरण पहचान संख्या (RIN) के साथ अपनी गाड़ी का पंजीकरण नवीनीकृत करने के लिए। आप एक क्रेडिट कार्ड या ई-चेक के साथ भुगतान कर सकते हैं।
- क्षेत्रीय कार्यालय का एपॉइंटमेंट तय करें।

अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड नंबर, गाड़ी की लाइसेंस प्लेट का नंबर और/या वाहन पहचान संख्या (VIN) पास में रखना सुनिश्चित करें।

बोलने या सुनने में परेशानी वाले व्यक्ति, DMV सेवाओं में सहायता के लिए, टोल फ़्री नंबर, 1-800-368-4327 पर कॉल कर सकते हैं। इन नंबर पर केवल अन्य TTY से टंकित संदेश ही प्राप्त किये एवं जवाब दिये जाते हैं।

विज्ञापन प्रायोजन इस प्रकाशन की मुद्रण लागतों को चुकाने में मदद करते हैं। DMV विज्ञापन प्रायोजकों द्वारा प्रदान किये जाने वाले उत्पादों और सेवाओं का प्रचार या समर्थन नहीं करता, लेकिन विज्ञापन प्रायोजकों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान की अन्यंत सराहना की जाती है।

यदि आप इस प्रकाशन में विज्ञापन देना चाहते हैं तो कृपया 1-866-824-0603 पर राज्य प्रकाशन विभाग के कार्यालय (Office of State Publishing Advertising Department) में फ़ोन करें।

नोट्स

सामान्य जानकारी

अस्वीकरण

यह हैंडबुक *कैलिफ़ोर्निया वाहन संहिता* (CVC) में उल्लिखित क़ानूनों और नियमों का सारांश प्रदान करती है। मोटर वाहन विभाग (DMV), क़ानून प्रवर्तन अधिकारी, और अदालतें CVC की संपूर्ण और सटीक भाषा का पालन करते हैं। CVC और DMV शुल्क **www.dmv.ca.gov** पर उपलब्ध हैं। आप किसी भी DMV कार्यालय से CVC की एक कॉपी भी खरीद सकते हैं। *कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर हैंडबुक (California Driver Handbook)* में सूचीबद्ध फ़ीसें बदलाव के अधीन हैं।

यह हैंडबुक मुख्य तौर पर एक बुनियादी क्लास C (Class C) ड्राइवर लाइसेंस के लिए हैं। अन्य ड्राइवर लाइसेंस (DL) किस्मों और अनुमोदनों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए *कैलिफ़ोर्निया वाणिज्यिक ड्राइवर हैंडबुक (California Commercial Driver Handbook), मनोरंजनात्मक वाहनों और ट्रेलरों संबंधी हैंडबुक (Recreational Vehicles and Trailers Handbook), एम्बुलेंस के ड्राइवरों की हैंडबुक (Ambulance Drivers Handbook), कैलिफ़ोर्निया पेरेंट-टीन ट्रेनिंग गाइड (California Parent-Teen Training Guide), और कैलिफ़ोर्निया मोटर वाहन हैंडबुक (California Motorcycle Handbook) पर देखें।*

सटीक पहचान

कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड की विश्वसनीयता, सत्यनिष्ठा और गोपनीयता सरकार, निजी क्षेत्र के सभी स्तरों और आम जनता के लिए प्रधान सरोकार का विषय है।

यह महत्वपूर्ण है कि ये दस्तावेज़ पूरी तरह प्रमाणीक्रत और सटीक हों। कैलिफ़ोर्निया के क़ानून की मांग है कि सभी आवेदक जो एक मूल कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, वे अमेरिका (यू.एस.) में कानूनी उपस्थिति या एक पहचान का सबूत और कैलीफ़ोर्निया के निवासी होने का दस्तावेज़ पेश करें। आपकी क़ानूनी उपस्थिति या पहचान दस्तावेज़ पर दिखाया गया आपका असली पूरा नाम ही आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड पर दिखाया जाएगा।

अपवाद: 1 जुलाई 2016 से प्रभावी, सभी मूल ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) आवेदकों का कैलीफ़ोर्निया के निवासी होने का संतोषजनक सबूत पेश करना ज़रूरी होगा।

बुनियादी जानकारी

एक कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) दर्शाता है कि आपको सार्वजनिक सड़कों पर गाड़ी चलाने की इस राज्य द्वारा अनुमति दी गई है। आप एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए DMV के अधिकांश क्षेत्रीय कार्यालयों में आवेदन दे सकते हैं (पृष्ठ ix पर देखें)।

एक मान्य ड्राइवर लाइसेंस (DL) के बिना कैलिफ़ोर्निया में गाड़ी चलाना एक अपराध है। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपको सम्मन दिया जा सकता है, आपका वाहन ज़ब्त किया जा सकता है और आपको अदालत में पेश होना पड़ सकता है।

यदि आपके रिकॉर्ड पर कोई बकाया कार्रवाईयाँ नहीं हैं, तो आपके आवेदन शुल्क का भुगतान करने, लागू होने वाली ज्ञान परीक्षाओं को पास करने, यह दिखाए जाने कि आपकी शारीरिक और/या मानसिक स्थिति संतोषजनक है, और सुरक्षित रूप से ड्राइव करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के बाद आपको एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) प्राप्त होगा। यदि आपको कोई चिकित्सीय बीमारी या कोई विकलांगता है, तो DMV आपको एक ड्राइविंग टेस्ट लेने के लिए कह सकती है। आपको अपनी वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में अपने डॉक्टर से एक बयान प्रदान करने के लिए भी कहा जा सकता है।

कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस

ड्राइवर लाइसेंस किसके पास होना चाहिए?

कैलिफ़ोर्निया निवासी

सार्वजनिक राजमार्गों पर ड्राइव करने वालों या सार्वजनिक पार्किंग सुविधाओं, जो जनता के लिए खुली हैं, का उपयोग करने वाले कैलिफ़ोर्निया वासियों, के पास एक कैलीफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) का होना ज़रूरी है, जब तक कि वे अन्यथा:

- अमेरिकी सरकार के एक अधिकारी या कर्मचारी जो अमेरिकी सरकार के स्वामित्व वाले या उनके द्वारा नियंत्रित किसी वाहन को संघीय व्यवसाय के लिए चला रहे हों, सिवाय तब जबकि वे एक वाणिज्यिक मोटर वाहन चला रहे हों।
- हाई-वे पर परिचालित या संचालित न किए जाने वाले पशुपालन की सामग्री को ड्राइव या परिचालित कर रहे हों।
- राजमार्ग से परे चलने वाले किसी वाहन को एक राजमार्ग पर ड्राइव या संचालित कर रहे हों।

कैलिफ़ोर्निया निवासी सैन्य कर्मी (अमेरिकी सशस्त्र बल)

यदि आप सक्रिया सैन्य ड्यूटी पर राज्य से बाहर है और आपके पास एक वैध कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) है तो आपका और आपके जीवन-साथी का कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) कैलिफ़ोर्निया से आपकी अनुपस्थिति के संपूर्ण समय के दौरान और आपकी डिस्चार्ज की तारीख के 30 दिनों बाद तक के लिए वैध होगा, यदि आपको कैलिफ़ोर्निया से बाहर सम्मान सहित डिस्चार्ज किया गया हो। इन 30 दिनों के भीतर अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL) और अपने डिस्चार्ज या अलग होने के दस्तावेज़ दोनों अपने साथ रखें (CVC §12817)।

सशस्त्र बलों में कार्यरत व्यक्ति के लिए लाइसेंस को आगे बढ़ाने वाला (Extension of License for Person in Armed Forces (DL 236)) कार्ड प्राप्त करने के लिए 1-800-777-0133 पर कॉल करें जो आपके कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) की तारीख को आगे बढ़ाता है।

ध्यान दें: आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) वैध नहीं है यदि वह निलंबित, रद्द या निरस्त कर दिया गया है।

कैलिफ़ोर्निया में तैनात अनिवासी सैन्य कर्मी

यदि आपकी आयु 18 साल या उससे अधिक है, तो अधिक जानकारी के लिए इस पृष्ठ पर "कैलीफ़ोर्निया के निवासी" और "कैलीफ़ोर्निया की सैर करने आये व्यस्क व्यक्ति" अनुभागों का सन्दर्भ लें। सैन्य एक्सटेंशनों (विस्तार) के लिए योग्य लाइसेंसधारियों को क़ानून प्रवर्तन अधिकारी को अपने स्थिति का सत्यापन करने के लिए अपने घरेलू राज्य के दस्तावेज़ों को अपने पास रखना चाहिए।

नए कैलिफ़ोर्निया निवासी

जब आप एक कैलिफ़ोर्निया के निवासी बन जाते हैं और आप कैलिफ़ोर्निया में गाड़ी चलाना चाहते हैं तो आपका 10 दिनों के भीतर कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए आवेदन करना ज़रूरी है। निवासिता को कई प्रकार से स्थापित किया जाता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- कैलिफ़ोर्निया चुनावों में वोट करने के लिए पंजीकृत होने के नाते।
- कैलिफ़ोर्निया कॉलेज या विश्वविद्यालय में निवासी ट्यूशन का भुगतान करना।
- मकान मालिक के रूप में संपत्ति कर से छूट के लिए आवेदन दायर करना।
- कोई अन्य विशेषाधिकार या लाभ प्राप्त करना, जो आम तौर पर अनिवासियों को नहीं दिया जाता।

कैलिफ़ोर्निया की सैर पर आने वाले वयस्क

अपने घरेलू राज्य या देश से एक वैध ड्राइवर लाइसेंस (DL) के साथ घूमने आये 18 वर्ष से अधिक आयु वाले आगंतुक कैलिफ़ोर्निया में एक कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) लिये बिना तब तक ड्राइव कर सकते हैं जब तक कि उनका घरेलू राज्य का ड्राइवर लाइसेंस (DL) मान्य है।

एक ड्राइवर लाइसेंस प्राप्त करना

जब आप एक मूल कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो आपको अपनी पहचान, निवासी (यदि लागू हो), जन्मतिथि को स्थापित करने के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़(ज़ों) को प्रस्तुत करना होगा और यदि पात्र हैं, तो अपना सामाजिक सुरक्षा नंबर (SSN) प्रदान करना होगा। प्रस्तुत दस्तावेज़:

- प्रमाणित प्रतिलिपि, या मूल दस्तावेज़ होना चाहिए।
- उस पर मुहर छपी या मूल मुद्रांकित छवि होनी चाहिए।
- फ़ोटोकॉपी नहीं होनी चाहिए।
- स्वयं लैमिनेट किये हुए कार्ड या दस्तावेज़ पेश **न** करना ज़रूरी है।

यदि आप कानूनी उपस्थिति का दस्तावेज़ पेश करते हैं, तो आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड आपके कानूनी उपस्थिति के दस्तावेज़ के समापन वाली तारीख को ही समाप्त हो सकता है। यदि आपके दस्तावेज़ पर उपस्थित आपका नाम आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड आवेदन से अलग होता है तो आपका स्वीकार्य सही पूरे नाम वाला दस्तावेज़ भी साथ में लाना ज़रूरी है। आपकी उंगलियों की छाप, हस्ताक्षर और फोटो भी लिये जाएँगे (पृष्ठ 3 पर दिये एक बुनियादी क्लास C ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन आवश्यकताओं" पर देखें)। किसी अन्य ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड लेन-देन के लिए, आपका फोटो पहचान पेश करना ज़रूरी है।

स्वीकार्य दस्तावेज़ों के उदाहरणों में शामिल हैं: अमेरिकी जन्म प्रमाणपत्र, अमेरिकी पासपोर्ट, अमेरिकी सैन दलों के आईडी कार्ड, देशीकरण प्रमाणपत्र, स्थायी निवासी कार्ड, या एक मान्य I-94 के साथ विदेशी पासपोर्ट। I-94 की समापन तिथि ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड की आवेदन तारीख से 2 महीने से अधिक होनी चाहिए।

असली पूरे नाम के सत्यापन दस्तावेज़ों के उदाहरणों में शामिल हैं: दत्तक ग्रहण दस्तावेज़ जिनमें गोद लेने के परिणामस्वरूप आपका कानूनी नाम शामिल हो, नाम बदलने के दस्तावेज़ जिनमें आपका पहले और बाद का कानूनी नाम शामिल हो, विवाह का प्रमाणपत्र, एक घरेलू साझेदारी की पुष्टि करता एक प्रमाणपत्र या पंजीकरण दस्तावेज़, या अदालती आदेश के एक परिणाम के तौर पर विवाह विच्छेद का दस्तावेज़।

स्वीकार्य दस्तावेज़ों की पूरी सूची **www.dmv.ca.gov** पर या ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन देने हेतु अपेक्षित दस्तावेज़ *(Documents Required to Apply for a Driver License* (FFDL 5A) Fast Facts) ब्रोशर में उपलब्ध है।

बुनियादी क्लास C ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन आवश्यकताएँ

क्लास C ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए आवेदन देने के लिए, आपका निम्न करना ज़रूरी है:

- आपको एक ड्राइवर लाइसेंस या पहचान कार्ड आवेदन (Driver License or Identification Card Application (DL) 44) फॉर्म भरके और हस्ताक्षर करके सबमिट करना होगा। इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करने का मतलब है कि आप एक शांति अधिकारी द्वारा अनुरोध किये जाने पर अपने खून में शराब या नशीली दवाओं की सामग्री को निर्धारित करने के लिए एक रासायनिक जांच करवाने के लिए सहमत हैं। यदि आप इस बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार करते हैं तो DMV एक परमिट या ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी नहीं करेगी।
- अपनी पहचान, निवास (यदि लागू हो), और जन्मतिथि को प्रमाणित करने के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़ (ज़ों) को प्रस्तुत करें।
- अपनी पहचान, निवास (यदि लागू हो), और जन्मतिथि को प्रमाणित करने के लिए स्वीकार्य दस्तावेज़ (ज़ों) को प्रस्तुत करें।
- यदि योग्य हों तो अपना SSN प्रदान करना, जिसकी सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (SSA) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से सत्यापन किया जाएगा।

- एक लौटाये न जाने वाले आवेदन शुल्क का भुगतान करना। यह शुल्क 12 महीनों के लिए मान्य होता है और आपको उचित ज्ञान परीक्षा(एँ) 3 बार लेने की अनुमति देता है। यदि आप ज्ञान परीक्षा और/या ड्राइविंग परीक्षा में 3 बार फेल हो जाते हैं तो आपका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा और एक नये आवेदन और शुल्क भरने की जरूरत होगी। यह शुल्क अनुदेश परमिट और ड्राइवर लाइसेंस (DL) दोनों के लिए भुगतान करता है, यदि आप 12 महीनों की अवधि के भीतर दोनों दस्तावेज़ों के लिए योग्य होते हैं। यदि आवेदन की समय सीमा समाप्त हो जाती है तो आपको दस्तावेज़ फिर से सबमिट करने, आवेदन शुल्क दुबारा से भरना और ज़रूरी परीक्षाएँ फिर से लेनी होंगी।
- दृष्टि परीक्षा उत्तीर्ण करें। आपको न्यूनतम दृष्टि तीक्ष्णता मानक पूरा करने के लिए, बायॉप्टिक टेलीस्कोपिक लेंस या उसी प्रकार के बायॉप्टिक डिवाइस का उपयोग किए बिना, सुधारात्मक लेंस सहित या रहित, कम से कम एक आँख में दृश्य तीक्ष्णता 20/200 उत्तीर्ण करने में सक्षम होना चाहिए (CVC §12805(b))।
- अपनी फोटो खिंचवानी होगी।
- उंगलियों की छाप का स्कैन करवाएँ।
- अपने नाम का हस्ताक्षर करना चाहिए।

वयस्कों की परमिट आवश्यकताएँ

यदि आपकी उम्र कम से कम 18 साल है, आप आवेदन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, और आवश्यक परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते हैं, तो आपको कैलिफ़ोर्निया अनुदेश परमिट जारी किया जा सकता है।

जब आप ड्राइविंग सीख रहे हों तो आपके पास एक अनुदेश परमिट का होना ज़रूरी है। आपके साथ बैठने वाले ड्राइवर की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और उसके पास एक मान्य कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस (DL) होना चाहिए। इस व्यक्ति का आपके इतना करीब बैठा होना ज़रूरी है कि वह किसी भी समय वाहन का नियंत्रण अपने हाथ में लेने में सक्षम हो। एक अनुदेश परमिट आपको अकेले गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं देता-यहाँ तक कि एक DMV क्षेत्रीय कार्यालय में ड्राइविंग परीक्षा के लिए जाते समय भी।

यदि आप पेशेवर ड्राइवर शिक्षा और ड्राइवर प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं, तो पृष्ठ 16 पर “ड्राइविंग स्कूल” अनुभाग और पृष्ठ 17 पर “परिपक्व ड्राइविंग कार्यक्रम” अनुभाग पर देखें।.

यदि आपके पास मोटरसाइकिल परमिट है, तो आप यात्रियों को नहीं ले जा सकते, आपको केवल दिन के उजाले के दौरान सवारी करना होगा, और आप फ़्री-वे पर सवारी नहीं कर सकते हैं।

मोटर साइकिल की अनुमति प्राप्त करने के लिए आपसे निम्न अपेक्षित हैं:

- कम से कम 18 वर्ष का होना।
- आवेदन आवश्यकताओं को पूरा करना।
- एक ज्ञान परीक्षा को पास करना।

वयस्क ड्राइवर लाइसेंस की आवश्यकताएँ

यदि आपने कभी लाइसेंस प्राप्त नहीं किया है, तो आपको निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना चाहिए:

- उम्र कम से कम 18 वर्ष हो।
- ड्राइविंग परमिट की आवश्यकताओं का पालन करें और जब आप तैयार हों, तो गाड़ी चलाने के लिए ड्राइविंग टेस्ट हेतु एपॉइंटमेंट निर्धारित करें। जब आप ड्राइविंग टेस्ट के लिए रिपोर्ट करें, तो अपने साथ अपना अनुदेश परमिट भी ले आएँ।
- गाड़ी चलाने का ड्राइविंग टेस्ट उत्तीर्ण करें। यदि आप परीक्षा में असफल होते हैं, तो आपको दूसरे या परवर्ती परीक्षण के लिए एक पुनर्परीक्षण शुल्क का भुगतान करना होगा और किसी और दिन गाड़ी चलाने की ड्राइविंग परीक्षा का समय निर्धारित करना होगा।

यदि आपके पास एक राज्य से बाहर या देश से बाहर का ड्राइवर लाइसेंस (DL) है, तो आपका निम्न करना ज़रूरी है

- एक अनुदेश परमिट के लिए ज़रूरी सभी चरणों को पूरा करना।

नोट्स

- DMV में अपना राज्य से बाहर का मान्य ड्राइवर लाइसेंस (DL) साथ लाएँ। आपका देश से बाहर का ड्राइवर लाइसेंस (DL) अमान्य कर दिया जाएगा और आपको वापिस कर दिया जाएगा सिवाय तब जब आप एक वाणिज्यिक ड्राइवर लाइसेंस (CDL) के लिए आवेदन कर रहे हैं।

ध्यान दें: राज्य से बाहर या अमेरिकी क्षेत्र के बाहर के ड्राइवर लाइसेंस (DL) धारकों को बिहाइंड द व्हील (वाहन चलाने की ड्राइविंग) परीक्षा से सामान्यतया छूट दी जाती है। हालांकि, DMV किसी भी प्रकार के ड्राइवर लाइसेंस (DL) आवेदन के लिए वाहन चलाने की ड्राइविंग परीक्षा की मांग कर सकती है। वाहन चलाने की ड्राइविंग परीक्षाएँ देश से बाहर के ड्राइवर लाइसेंस (DL) धारकों के लिए अनिवार्य हैं।

ड्राइवर लाइसेंस (DL) के वर्ग

यह हैंडबुक मुख्य रूप से बुनियादी क्लास C ड्राइवर लाइसेंस के लिए है।

- *आप निम्न ड्राइव कर सकते हैं:*
  - 2-ऐक्सल वाले वाहन जिनकी सकल वाहन भार रेटिंग (GVWR) 26,000 पाउंड (lbs.) या कम हो।
  - 6,000 lbs. या कम सकल भार वाला 3-एक्सल वाहन।
  - 40 फ़ीट या उससे कम वाला हाउस-कार।
  - 3-पहियों वाली मोटरसाइकिल जिसके 2 पहिये आगे या पीछे स्थित हों।
  - 10 से अधिक व्यक्तियों को ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया वैनपूल वाहन, लेकिन जिसमें ड्राइवर सहित 15 से अधिक व्यक्ति न हों।

ध्यान दें: किसी वैनपूल का ड्राइवर एक क्लास C लाइसेंस के साथ गाड़ी चला सकता है लेकिन उसके पास वैनपूल वाहन चलाते समय उसका एक क्लास B लाइसेंस के लिए ज़रूरी एक चिकित्सा जांच का सबूत होना ज़रूरी है। ड्राइवर द्वारा झूठी गवाही के दंड के तहत हस्ताक्षरित इस आश्य का बयान वैनपूल वाहन में रखना ज़रूरी है कि वह पिछले 5 सालों में लापरवाही से ड्राइविंग करने, नशे में ड्राइविंग करने या दुर्घटना करके भाग जाने का दोषी नहीं पाया गया है। (CVC 12804.9(j))

- *आप निम्न वाहन टो कर (खींच) सकते हैं:*
  - यदि टो-डॉली इस्तेमाल हो, तो उसके साथ 10,000 lbs. या कम GVWR सहित एकल वाहन।
- *4,000 lbs. या अधिक भार वाले या भार उतारे गए वाहन से आप निम्न टो कर सकते हैं:*
  - ट्रेलर कोच या 10,000 lbs. GVWR से कम वाला +5वाँ-पहिया यात्रा ट्रेलर जब मुआवज़े के लिए टो नहीं किया जा रहा है।
  - 10,000 lbs. से अधिक लेकिन 15,000 lbs. से कम GVWR वाला 5वाँ-पहिया यात्रा ट्रेलर जब रस्से से मुआवज़े के लिए नहीं खींचा जा रहा है, **और** इसकी पुष्टि की गई हो।
- *कोई किसान या किसान का कोई कर्मचारी ड्राइव कर सकता है:*
  - 26,000 lbs. या कम GVWR के साथ वाहनों का कोई भी संयोजन, यदि कृषि कार्यों में विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाए **और** यदि वह किराया या मुआवज़े के लिए नहीं है।

ध्यान दें:

- क्लास C लाइसेंसधारक 1 से अधिक वाहन को टो करके (खींचकर) नहीं ले जा सकते।
- एक यात्री वाहन, चाहे उसका वज़न कितना भी हो, 1 से अधिक वाहन को टो करके (खींचकर) नहीं ले जा सकता।
- 4,000 lbs. से कम वाला मोटर वाहन, भार उतारे गए किसी 6,000 lbs. या अधिक सकल वज़न वाले वाहन को टो नहीं कर सकता है। (CVC §21715(b))

ड्राइवर लाइसेंस के अन्य वर्ग / अनुमति हैं:

- ग़ैर-वाणिज्यिक क्लास A
- ग़ैर-वाणिज्यिक क्लास B
- वाणिज्यिक क्लास A
- वाणिज्यिक क्लास B
- वाणिज्यिक क्लास C

- मोटरसाइकिल क्लास M1
- मोटरसाइकिल क्लास M2
- वाणिज्यिक अनुमति:
  - डबल/ट्रिपल
  - घातक सामग्री
  - यात्री परिवहन
  - टैंक वाहन
- एम्बुलेंस ड्राइवर प्रमाण-पत्र
- स्कूल बस अनुमति
- टो ट्रक ड्राइवर सर्टिफिकेट
- ट्रांज़िट प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र का सत्यापन
- अग्निशामक अनुमति

ध्यान दें: व्यावसायिक लाइसेंस प्राप्त अग्निशामकों को 2 साल में एक बार चिकित्सा परीक्षण रिपोर्ट (Medical Examination Report (DL 51)) प्रस्तुत करना होगा। ग़ैर-वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त अग्निशामक स्वतः-प्रमाणित स्वास्थ्य प्रश्नावली (Health Questionnaire (DL 546)) प्रस्तुत कर सकते हैं।

परीक्षा की प्रक्रिया

परीक्षाएँ कहाँ जाकर लें

आप ज्ञान, दृष्टि, और बिहाइंड द व्हील (वाहन चलाने की ड्राइविंग) परीक्षाएँ अधिकतर DMV क्षेत्रीय कार्यालयों में जाकर ले सकते हैं जो ड्राइवर लाइसेंस (DL) सेवाएँ प्रदान करते हैं।

समय बचाने के लिए, ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** पर एपॉइंटमेंट तय करें या सामान्य कारोबार समय के दौरान 1-800-777-0133 को फ़ोन करें।

ध्यान दें: परीक्षा के लिए पर्याप्त समय देने को सुनिश्चित करने के लिए DMV शाम 4:30 बजे के बाद ज्ञान या ऑडियो परीक्षाओं का प्रशासन नहीं करता है। जब आप एक मूल ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए या एक अलग वर्ग के ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए आवेदन करते हैं तो ज्ञान और दृष्टि परीक्षाएँ देना ज़रूरी है।

नकल मारना

परीक्षा संबंधी सहायक सामग्री का उपयोग सख्त रूप से वर्जित हैं। इसमें शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं: *कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर हैंडबुक (California Driver Handbook),* नक़ल करने के लिए पर्चियाँ, और/या सेल फ़ोन, हैंड-हेल्ड कंप्यूटर, आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण। यदि ज्ञान परीक्षा के दौरान किसी परीक्षा संबंधी सहायक सामग्री का उपयोग किया जाता है, तो ज्ञान परीक्षा को "अनुत्तीर्ण" के रूप में अंकित किया जाएगा। DMV द्वारा आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार या परीक्षा की प्रक्रिया में आपकी सहायता करने वाले किसी और के ड्राइविंग विशेषाधिकार के खिलाफ़ कार्रवाई की जाएगी।

DMV परीक्षाएँ

आपकी ड्राइवर लाइसेंस (DL) परीक्षाओं में शामिल हैं:

- एक दृष्टि परीक्षण (परीक्षा के लिए अपना चश्मा या कॉंटैक्ट लैंस साथ में लाएँ)।
- एक ज्ञान परीक्षा।
- गाड़ी चलाने का ड्राइविंग टेस्ट, यदि आवश्यक हो। आपको गाड़ी चलाने की ड्राइविंग परीक्षा के लिए एपॉइंटमेंट तय करना होगा। ड्राइविंग परीक्षा के लिए, निम्न अपने साथ लाएँ:
  - अपना पुराना ड्राइवर लाइसेंस (DL) या अनुदेश परमिट, यदि आपके पास है।
  - 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का एक लाइसेंसधारी ड्राइवर जिसके पास एक मान्य ड्राइवर लाइसेंस (DL) हो।
  - इस बात का प्रमाण कि वाहन ठीक तरीके से बीमाकृत है।

महत्वपूर्ण: यदि आप एक किराये की गाड़ी का उपयोग करते हैं, तो ड्राइविंग परीक्षा देने वाले आवेदक का नाम किराये के करारनामे में सूचीबद्ध होना ज़रूरी है। करारनामें में ड्राइविंग परीक्षा को वर्जित नहीं किया गया होना चाहिए।

  - एक वाहन जो ड्राइविंग के लिए सुरक्षित हो और जिसका वैध पंजीकरण हो। वाहन के ब्रेक लाइट, हॉर्न, पार्किंग ब्रेक और

मुड़ने वाले सिग्नल ठीक से काम करते होने ज़रूरी हैं। वाहन के टायर घिसे हुए नहीं होने चाहिए, जिन पर किन्हीं 2 निकटवर्ती खांचों में 1/32 इंच से कम ट्रेड गहराई हो। ड्राइवर की तरफ की साइड विंडो का शीशा खुलता होना ज़रूरी है। विंडशील्ड का आपको और परीक्षक को पूरी तरह से अबाधित दृश्य दिखाने वाला होना ज़रूरी है। कम से कम 2 पीछे की ओर देखने वाले शीशों का होना ज़रूरी है (एक का वाहन के बाईं ओर बाहर की ओर होना ज़रूरी है)।

- आपसे वाहन की हेडलाइट्स, विंडशील्ड वाइपर्स, डीफ़्रॉस्टर और एमरजैंसी फ़्लैशर के लिए नियंत्रणों के बारे में बताने को कहा जाएगा। आपका यह प्रदर्शित करना ज़रूरी है कि पार्किंग ब्रेक का उपयोग कैसे किया जाए।

ध्यान दें: यदि वाहन उपर्युक्त आवश्यकताओं की पूर्ति न करें, या यदि आप ड्राइविंग परीक्षा के दौरान अपनी सीट बेल्ट पहनने से मना कर दें, तो गाड़ी चलाने की ड्राइविंग परीक्षा का समय पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

प्रौद्योगिकी, जैसे कि कैमरे और सेल्फ़ पार्किंग, का एक ड्राइविंग परीक्षा में उपयोग **नहीं** किया जा सकता।

अधिक जानकारी के लिए, *DMV की ड्राइविंग परीक्षा (DMV's Driving Test* (FFDL 22)) *त्वरित तथ्य (Fast Facts)* ब्रोशर, DMV वीडियोज़, और ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** पर उपलब्ध नमूना परीक्षाओं पर देखें।

विशेष खंड - नाबालिग

नाबालिगों के लिए परमिट आवश्यकताएँ

18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति नाबालिग है। नाबालिगों का अपने माता-पिता या क़ानूनी संरक्षक(कों) द्वारा अपने (ड्राइवर लाइसेंस (DL) या ड्राइवर लाइसेंस (DL) वर्ग के किसी बदलाव संबंधी) आवेदनों पर हस्ताक्षर करवाना ज़रूरी है। यदि दोनों माता-पिता/संरक्षकों की संयुक्त अभिरक्षा हो, तो दोनों का हस्ताक्षर करना ज़रूरी है।

ध्यान दें: नाबालिग भुगतान के लिए ड्राइवर के रूप में काम नहीं कर सकते हैं और वे विद्यार्थियों से युक्त किसी स्कूल बस को ड्राइव नहीं कर सकते हैं।

परमिट प्राप्त करने के लिए आपसे निम्न अपेक्षित हैं:

- आपकी उम्र कम से कम 15½ वर्ष, लेकिन 18 वर्ष से कम हो।
- ड्राइवर लाइसेंस या पहचान कार्ड आवेदन (Driver License or Identification Card Application (DL 44)) फ़ॉर्म भरें।
- अपने माता-पिता या अभिभावक से DL 44 फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करवाएँ।
- ज्ञान परीक्षा को पास करें। यदि आप परीक्षा में अनुत्तीर्ण होते हैं, तो दुबारा परीक्षा लेने से पहले आपको 7 दिन (1 सप्ताह) का इंतज़ार करना होगा।
- यदि आपकी उम्र 15½-17½ वर्ष के बीच है, तो आपको प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि आपने:
  - ड्राइवर शिक्षा पूरी की है (ड्राइवर शिक्षा समापन प्रमाण-पत्र) **या**
  - किसी अनुमोदित एकीकृत ड्राइवर शिक्षा / ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम में दाखिला लिया है और भाग ले रहे हैं (एकीकृत [कक्षा] ड्राइवर शिक्षा और ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकन प्रमाण-पत्र)। अधिक जानकारी के लिए, *प्रोविज़नल लाइसेंसिंग(Provisional Licensing* (FFDL 19)) *त्वरित तथ्य (Fast Facts) ब्रोशर* को **www.dmv.ca.gov** पर देखें।

अनंतिम परमिट मान्य नहीं है **जब तक कि आप** किसी शिक्षक से बिहाइंड द व्हील (वाहन चलाने का) ड्राइवर प्रशिक्षण लेना शुरू नहीं करते या आपकी आयु 17½ वर्ष नहीं हो जाती।

यदि आपके पास परमिट है और आप कैलिफ़ोर्निया से बाहर ड्राइव करने की योजना बना रहे हैं, तो उस राज्य या देश की लाइसेंसिंग आवश्यकताओं की जाँच करें।

ध्यान दें: यदि आपकी आयु कम से कम 17½ वर्ष है, तो आप बिना ड्राइवर शिक्षा या ड्राइवर प्रशिक्षण लिये एक परमिट प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, आप 18 साल के होने तक एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) प्राप्त नहीं कर सकते।

नाबालिग के परमिट प्रतिबंध

आपका ड्राइवर प्रशिक्षण शुरू होने तक आपका परमिट मान्य नहीं है; उसे मान्य करने के लिए आपके प्रशिक्षक परमिट पर हस्ताक्षर करेंगे। आपका लाइसेंस प्राप्त किसी कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर के साथ अभ्यास करना ज़रूरी है: माता-पिता, संरक्षक, ड्राइविंग प्रशिक्षक, पति या पत्नी, अथवा 25 साल या उससे अधिक उम्र वाला कोई वयस्क व्यक्ति। इस व्यक्ति का आपके इतना करीब बैठा होना ज़रूरी है कि वह किसी भी समय वाहन को अपने नियंत्रण में ले सकें। एक अनंतिम (प्रोविजनल) परमिट आपको अकेले गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं देता, यहाँ तक कि एक DMV क्षेत्रीय कार्यालय में ड्राइविंग परीक्षा के लिए जाते समय भी।

नाबालिग ड्राइवर लाइसेंस की आवश्यकताएँ

आपकी:

- उम्र कम से कम 16 वर्ष हो।
- आप प्रमाणित करें कि आपने ड्राइवर शिक्षा तथा ड्राइवर प्रशिक्षण, दोनों पूरा किया है।
- आपके पास कम से कम 6 महीनों के लिए कैलिफ़ोर्निया अनुदेश परमिट या दूसरे राज्य से अनुदेश परमिट रहा है (पृष्ठ 10 पर राज्य से बाहर के नाबालिग खंड को देखें)।
- अपने अनुदेश पर यह उल्लेख करते हुए माता-पिता या अभिभावक के हस्ताक्षर प्रदान करें कि आपने *कैलिफ़ोर्निया पेरेंट-टीन ट्रेनिंग गाइड (California Parent-Teen Training Guide (DL 603))* में दी गई रूपरेखा के अनुसार पर्यवेक्षण के अधीन 50 घंटों का ड्राइविंग अभ्यास पूरा किया है (जिसमें 10 घंटे रात की ड्राइविंग के हों)। किशोरों के लिए वेबसाइट **www.dmv.ca.gov** को देखें या इस पुस्तिका का अनुरोध करने के लिए 1-800-777-0133 को फ़ोन करें।
- बिहाइंड द व्हील (वाहन चलाने की ड्राइविंग) परीक्षा को पास करें। आपका परमिट मान्य रहते हुए आपके पास ड्राइविंग परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए 3 मौके होते हैं। यदि आप बिहाइंड द व्हील (वाहन चलाने की ड्राइविंग) परीक्षा में असफल होते हैं, तो आपको दूसरे या अनुवर्ती परीक्षण के लिए एक पुनर्परीक्षण शुल्क का भुगतान करना होगा और पुनर्परीक्षा के लिए 14 दिन (2 सप्ताह) का इंतज़ार करना होगा, इसमें वह दिन शामिल नहीं होगा जबकि आप परीक्षा में असफल हुए थे।

एक बार जब आपके पास अनंतिम ड्राइवर लाइसेंस (DL) आ जाए, तब आप **अकेले** ड्राइव कर सकते हैं, बशर्ते कि आप कोई टक्कर न मारें या आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड पर यातायात के कोई उल्लंघन न हों।

आपको लाइसेंस दिए जाने के पहले 12 महीनों के दौरान, आप रात 11 बजे और सुबह 5 बजे के बीच ड्राइव नहीं कर सकते हैं **और** आप 20 साल से कम उम्र वाली सवारियों को ला-ले जा नहीं सकते हैं, बशर्ते कि आपके साथ एक लाइसेंस प्राप्त माता-पिता या संरक्षक, 25 या अधिक उम्र वाला लाइसेंसधारी ड्राइवर, या लाइसेंसधारी या प्रमाणित ड्राइविंग प्रशिक्षक न हो।

जब आप 18 साल के हो जाते हैं, तो आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) के "अनंतिम" हिस्से का अंत हो जाता है। आप अपना अनंतिम फोटो लाइसेंस रख सकते हैं या बिना "अनंतिम" शब्द के एक डुप्लीकेट ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए एक शुल्क अदा कर सकते हैं।

अपवाद - नाबालिग के ड्राइवर लाइसेंस प्रतिबंध

जब उचित परिवहन उपलब्ध न हो और आपके लिए ड्राइव करना आवश्यक हो जाए, तब क़ानून निम्न अपवाद अनुमत करता है। निम्नलिखित अपवादों के लिए आपके पास ड्राइव करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने वाला और इस ड्राइविंग आवश्यकता के समापन दिनांक के उल्लेख वाला हस्ताक्षरित नोट हो (बंधनमुक्त नाबालिगों को इस अपेक्षा से बाहर रखा गया है):

- जब उचित परिवहन विकल्प अपर्याप्त हों, तब चिकित्सा उद्देश्य से ड्राइव करने की आवश्यकता। नोट पर निदान और स्वास्थ्य लाभ के संभावित दिनांक के उल्लेख सहित डॉक्टर के हस्ताक्षर हों।

- स्कूली शिक्षा या स्कूल प्राधिकृत गतिविधि। नोट पर स्कूल के प्रधानाचार्य, डीन या प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर हों।
- रोज़गार आवश्यकता और आपके रोज़गार के भाग के रूप में वाहन चलाने की ज़रूरत। नोट पर रोज़गार का सत्यापन करने वाले नियोक्ता के हस्ताक्षर हों।
- परिवार के किसी निकटतम सदस्य के लिए ड्राइव करने की आवश्यकता। परिवार के निकटतम सदस्य के लिए ड्राइव करने की आवश्यकता का कारण तथा संभाव्य समापन दिनांक के उल्लेख सहित आपके माता-पिता या क़ानूनी अभिभावक(कों) द्वारा हस्ताक्षरित नोट।

अपवाद: ये आवश्यकताएँ बंधनमुक्त नाबालिग पर लागू नहीं होती हैं। आपका स्वयं को बंधनमुक्त घोषित किया होना ज़रूरी है और अपने माता-पिता या गारंटीकर्ता(ओं) के हस्ताक्षर(रों) के बदले वित्तीय जिम्मेदारी का प्रमाण (SR 1P) DMV को उपलब्ध कराया होना ज़रूरी है।

राज्य से बाहर के नाबालिग

राज्य से बाहर के सभी नाबालिग आवेदकों को "बुनियादी क्लास C ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन आवश्यकताएँ" अनुभाग में पृष्ठ 3 पर दी गई आवेदन आवश्यकताओं का पालन करना ज़रूरी है और ड्राइवर लाइसेंस या पहचान कार्ड आवेदन (Driver License or Identification Card Application (DL) 44)) फॉर्म पर **अनिवार्यतः** माता-पिता और/या क़ानूनी संरक्षक(कों) से हस्ताक्षर करवाना ज़रूरी है।

राज्य से बाहर के नाबालिग के परमिट

राज्य से बाहर के नाबालिग परमिट आवेदकों का **अनिवार्यतः** पृष्ठ 9 पर दी गई "नाबालिग की परमिट आवश्यकताएँ" अनुभाग में सूचीबद्ध अपेक्षाओं को पूरा करना ज़रूरी है। साथ ही, यदि आपकी ड्राइवर शिक्षा और ड्राइवर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कैलिफ़ोर्निया से बाहर किसी अन्य राज्य में पूरे किये गये हैं, तो DMV राज्य से बाहर के माध्यमिक स्कूलों द्वारा भरे गए कैलिफ़ोर्निया स्कूलों के अतिरिक्त माध्यमिक स्कूल (To Secondary Schools Other Than California Schools (DL) 33)) फॉर्म स्वीकार कर सकता है। आप अपने स्थानीय DMV क्षेत्रीय कार्यालय से या DMV को 1-800-777-0133 पर कॉल करके DL 33 फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। अपने राज्य से बाहर के माध्यमिक स्कूल को DL 33 फ़ॉर्म भेजें और उनसे उसे भर कर आपको लौटाने के लिए कहें।

राज्य से बाहर के नाबालिगों के ड्राइवर लाइसेंस

आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर आपसे अपना राज्य से बाहर का ड्राइवर लाइसेंस (DL) प्रस्तुत करने और एक ज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए कहा जाएगा। राज्य से बाहर के ड्राइवर लाइसेंस (DL) धारकों को बिहाइंड द व्हील (वाहन चलाने की ड्राइविंग) परीक्षा से सामान्यतया छूट दी जाती है। हालांकि, DMV किसी भी प्रकार के ड्राइवर लाइसेंस (DL) आवेदन के लिए वाहन चलाने की ड्राइविंग परीक्षा की मांग कर सकती है।

ध्यान दें: राज्य से बाहर के नाबालिग आवेदक कैलिफ़ोर्निया क़ानून के अनुसार, ड्राइवर लाइसेंस (DL) के पहले साल के लिए या जब तक वे 18 साल के नहीं हो जाते, सभी अनंतिम प्रतिबंधों के अधीन होते हैं।

ट्रैफ़िक उल्लंघन

15 - 19 वर्षों के बीच की उम्र वाले लगभग 50 प्रतिशत ड्राइवरों को उनके ड्राइविंग के पहले वर्ष में ट्रैफ़िक उल्लंघन का दोषी पाया जाता है।

अत्यंत सामान्य उल्लंघन तेज़ गाड़ी चलाना है, जिससे अक्सर वाहन का नियंत्रण खो जाता है और इसके फ़लस्वरूप लगभग 50 प्रतिशत सभी किशोर ट्रैफ़िक के दोषी पाए जाते हैं।

जब आप ट्रैफ़िक क़ानूनों का उल्लंघन करते हैं, तो आप टक्कर के अवसरों में वृद्धि करते हैं।

ट्रैफ़िक में किशोरों की मौत

किसी अन्य आयु समूह की तुलना में 15-19 वर्ष की उम्र वाले ड्राइवरों में ट्रैफ़िक दोषी होने, टक्कर मारने और चोट लगने की दरें सबसे अधिक होती हैं। किशोरों के लिए मौत का प्रमुख कारण ट्रैफ़िक में होने वाली टक्करें है। यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो "औसत" ड्राइवर की तुलना में घातक टक्कर होने का आपका जोखिम लगभग 2½ गुणा अधिक है। आपको टक्कर में चोट लगने का जोखिम औसत ड्राइवर के जोखिम से 3 गुना अधिक होता है।

प्रोविज़नल ड्राइवर लाइसेंस के खिलाफ़ कार्रवाई

वयस्क ड्राइवरों द्वारा टक्कर मारने के मामले में किशोरों का सामूहिक औसत दुगुना है, जबकि उनके द्वारा ड्राइविंग मील व्यस्कों से आधे हैं। किशोरों द्वारा प्रति मील टक्कर मारने की दर वयस्क ड्राइवर द्वारा प्रति मील टक्कर मारने की दर से 4 गुना ज़्यादा है।

नए ड्राइवरों की ट्रैफ़िक में मौतें, ड्राइविंग की उनकी अनुभवहीनता, वाहन से उनकी अपरिचितता, और सीमा से परे स्वयं को तथा वाहन को धकेलने की उनकी चाहत के घातक संयोजन हैं।

अपना प्रोविज़नल ड्राइवर लाइसेंस रखना

DMV द्वारा किन्हीं टक्करों या उल्लंघनों के आधार पर आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड को ट्रैक किया जाएगा और निम्नत: कार्रवाई की जाएगी:

- यदि आपको ट्रैफ़िक टिकट मिलता है और आप अदालत में हाजिर नहीं होते हैं, तो आपके द्वारा अदालत में पेश होने तक DMV आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित कर देगा।
- यदि आपको ट्रैफ़िक टिकट मिलता है और और आप जुर्माने का भुगतान करने में चूकते हैं, तो आपके द्वारा जुर्माने का भुगतान करने तक DMV आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित कर देगा।
- यदि 12 महीनों के भीतर आपने 1 टक्कर मारने की "ग़लती" की है या दोषी पाए गये हैं, तो DMV आपको एक चेतावनी पत्र भेजेगा।
- यदि 12 महीनों के भीतर आपने दूसरी बार टक्कर मारने की "ग़लती" की है या दोषी पाए गये हैं (या दोनों का संयोजन), तो आप लाइसेंसधारक माता/पिता अथवा कम से कम 25 साल की उम्र वाले एक लाइसेंसधारक वयस्क को साथ लिए बिना, 30 दिनों के लिए ड्राइव नहीं कर सकते हैं।
- यदि 12 महीनों के भीतर आपने तीसरी बार टक्कर मारने की "ग़लती" की है या दोषी हैं (या दोनों का संयोजन), तो आपको 6 महीनों के लिए निलंबित किया जाएगा और 1 साल के लिए परिवीक्षा (प्रोबेशन) के अधीन रखा जाएगा।
- यदि परिवीक्षा के दौरान आपने अतिरिक्त टक्कर मारने की "ग़लती" की है या प्वांइट काउंट दोषसिद्धि हुई है, तो आपको दुबारा निलंबित किया जाएगा। (किशोरों के न्यायालय में हल किए गए ट्रैफ़िक क़ानून उल्लंघन भी DMV को रिपोर्ट किये जाते हैं।)
- यदि आपको शराब या किसी नियंत्रित नशीले पदार्थ के सेवन के लिए दोषी पाया जाता है, और आपकी आयु 13 - 21 के बीच है, तो अदालत DMV को 1 वर्ष के लिए आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित करने का आदेश देती है। यदि आपके पास ड्राइवर लाइसेंस (DL) नहीं है, तो अदालत DMV को एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए आवेदन देने हेतु आपकी पात्रता को विलंबित करने का आदेश देती है। आपको DUI (प्रभावाधीन ड्राइविंग करना) कार्यक्रम को भी पूरा करने की जरूरत हो सकती है।

कोई भी प्रतिबंध, निलंबन, या परिवीक्षा आपके 18वें जन्मदिन के बाद भी पूरी कालावधि के लिए जारी रहेगी।

यदि आपका ड्राइविंग रिकॉर्ड उन्हें सही ठहराता है, तो अन्य, सख्त कार्रवाइयाँ भी की जा सकती हैं। याद रखें, यदि आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित या रद्द किया जाता है, तो कैलिफ़ोर्निया में **आप ड्राइव नहीं कर सकते हैं।**

आदतन गैर-हाज़िर रहने वाले व्यक्ति 13-18 वर्ष की आयु वाले

यदि आप स्कूल से आदतन गैर-हाज़िर रहने के दोषी पाए जाते हैं, तो अदालत 1 वर्ष के लिए आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित, प्रतिबंधित, विलंबित या रद्द कर सकती है।

नाबालिग और सेल फ़ोन

- नाबालिग के लिए ड्राइविंग करते समय सेल फ़ोन का उपयोग करना क़ानून के खिलाफ़ है। यदि आपका सेल फ़ोन बजता है, तो कॉल का जवाब न दें या टेक्स्ट मेसेज पर प्रतिक्रिया न करें।
- इस क़ानून के उल्लंघनों के लिए जुर्माने की सज़ा दी जा सकती है।

अपवाद: आप किसी आपातकालीन परिस्थिति में क़ानून प्रवर्तन अधिकारी, स्वास्थ्य देखभालकर्ता, आग विभाग, या अन्य एमर्जेन्सी संस्था से संपर्क करने के लिए सेल फ़ोन का उपयोग कर सकते हैं।

विविध लाइसेंस जानकारी

खोए / चोरी या क्षतिग्रस्त ड्राइवर लाइसेंस को बदलना

यदि आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) खो गया है, चोरी हो गया है, या क्षतिग्रस्त हो गया है, तो आपको DMV क्षेत्रीय कार्यालय जाना होगा, ड्राइवर लाइसेंस या पहचान कार्ड आवेदन (Driver License or Identification Card Application (DL 44)) फ़ॉर्म भरना होगा, और प्रतिस्थापन हेतु शुल्क का भुगतान करना होगा। आपको फ़ोटो पहचान भी पेश करना चाहिए। यदि DMV आपकी पहचान की पुष्टि नहीं कर पाता हैं, तो आपको अस्थायी ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी नहीं किया जाएगा।

यदि आप नाबालिग हैं, तो आपके माता-पिता या अभिभावक को DL 44 फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करना होगा। यदि दोनों माता-पिता/अभिभावक की संयुक्त अभिरक्षा हो, तो दोनों को हस्ताक्षर करना होगा।

जब प्रतिस्थापक ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी होता है, तो पिछला ड्राइवर लाइसेंस (DL) अमान्य हो जाता है। यदि पुराना ड्राइवर लाइसेंस (DL) बाद में मिल जाता है तो उसे नष्ट कर दें।

नाम परिवर्तन

यदि आप विवाह या अन्य कारणों से क़ानूनन अपना नाम बदलते हैं, तो DMV में आने से पहले आप अपना नाम SSA के पास अपना नाम बदलना सुनिश्चित करें।

विवाह प्रमाणपत्र या आपके "सही पूरे नाम" के लिए अन्य स्वीकार्य सत्यापन के साथ (पृष्ठ 3 पर "एक ड्राइवर लाइसेंस प्राप्त करना" अनुभाग पर देखें) अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL) DMV के पास व्यक्तिगत रूप से लाएँ। आपको ड्राइवर लाइसेंस या पहचान कार्ड आवेदन (Driver License or Identification Card Application (DL 44)) फ़ॉर्म भरना होगा और लागू होने वाले शुल्क का भुगतान करना होगा। DMV द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से आपका नाम, जन्मतिथि, और SSA के पास SSN को सत्यापित किया जाएगा।

एक नई तस्वीर, फ़िंगरप्रिंट और हस्ताक्षर लिए जाएँगे। आपका पुराना फ़ोटो ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड अमान्य कर दिया जाएगा और आपको लौटाया जा सकता है।

ड्राइवर लाइसेंस नवीकरण

आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) के समापन से लगभग 2 महीने पहले DMV द्वारा रिकॉर्ड में दर्ज आपके पते पर नवीनीकरण नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस पर दिए गए अनुदेशों का पालन करें। यदि आपको नवीनीकरण नोटिस नहीं मिलता है, तो अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL) के नवीनीकरण हेतु एक अपाइंटमेंट तय करने के लिए ऑनलाइन जाएँ या कॉल करें (पृष्ठ ix देखें)।

योग्य चालक DMV की वेबसाइट **www.dmv.ca.gov** पर ऑनलाइन, या डाक द्वारा अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL) को नवीनीकृत करवाने के योग्य हो सकते हैं।

DMV द्वारा एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) 5 वर्षों के लिए जारी **किया जा सकता है।** जब तक अन्यथा इंगित न हो, तो ड्राइवर लाइसेंस (DL) पर दिखाये गये वर्ष मे आपकी जन्मतिथि पर ड्राइवर लाइसेंस (DL) समाप्त होता है। अवधि

समाप्त हो चुके ड्राइवर लाइसेंस (DL) के साथ ड्राइव करना कानून के विरुद्ध है।

किसी भी ड्राइवर लाइसेंस (DL) कार्रवाई के भाग के रूप में ड्राइविंग परीक्षा देना आवश्यक हो सकता है। ड्राइविंग परीक्षाएँ केवल उम्र के कारण ही अपेक्षित नहीं होती हैं।

यदि DMV आपकी पहचान की पुष्टि नहीं कर पाता हैं, तो आपको अस्थायी ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी नहीं किया जाएगा।

अन्य प्रकार के ड्राइवर लाइसेंस (DL)s के लिए *कैलिफ़ोर्निया वाणिज्यिक ड्राइवर हैंडबुक (California Commercial Driver Handbook), मनोरंजनात्मक वाहनों और ट्रेलरों संबंधी हैंडबुक (Recreational Vehicles and Trailers Handbook),* या *कैलिफ़ोर्निया मोटर साइकिल हैंडबुक (California Motorcycle Handbook)* पर देखें।

डाक से या इंटरनेट द्वारा नवीनीकरण

यदि आपको 2 लगातार 5-वर्षीय ड्राइवर लाइसेंस (DL) एक्सटेंशंस प्राप्त नहीं हुए हैं, तो आप एक ज्ञान परीक्षा लिए बिना डाक से या इंटरनेट द्वारा नवीकरण के लिए पात्र **हो सकते** हैं, यदि:

- आपका वर्तमान ड्राइवर लाइसेंस (DL) 70 की आयु से पहले समाप्त हो रहा है।
- आपके पास परिवीक्षाधीन ड्राइवर लाइसेंस (DL) नहीं है (CVC §14250)।
- आपने पिछले 2 साल के भीतर अदालत में उपस्थित होने या जुर्माना भरने के लिखित वादे का उल्लंघन नहीं किया है।
- आपको पिछले 2 सालों में एक अवैध रक्त अल्कोहॉल सांद्रता (BAC) स्तर के साथ ड्राइविंग करने के लिए, या एक रासायनिक या प्रारंभिक एल्कोहॉल स्क्रीनिंग परीक्षण को पूरा करने से मनाही या विफलता के लिए निलंबित नहीं किया गया है।
- आपके कुल उल्लंघन प्वांइट की गणना 1 प्वांइट से अधिक नहीं है।

ड्राइवर लाइसेंस का विस्तार

यदि आप कैलिफ़ोर्निया से (1 वर्ष के लिए) बाहर हैं, **आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) के समापन से पहले** आप निःशुल्क 1 वर्ष के एक्सटेंशन के लिए अनुरोध कर सकते हैं। अपना अनुरोध DMV, PO Box 942890, Sacramento, CA 94290-0001 को डाक द्वारा भेजें। अपना नाम, ड्राइवर लाइसेंस (DL) नंबर, जन्मतिथि, कैलिफ़ोर्निया में निवास का पता, और राज्य से बाहर का पता शामिल करें। सीमित अवधि के ड्राइवर इस एक्सटेंशन के पात्र नहीं हैं।

आपके कब्जे में ड्राइवर लाइसेंस

ड्राइव करते समय हमेशा आपके पास आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) होना ज़रूरी है। देखने के लिए किसी शांति अधिकारी द्वारा पूछे जाने पर आपका उसे दिखाना ज़रूरी है। यदि आप किसी टक्कर में शामिल हैं, तो इसमें शामिल अन्य ड्राइवर(रों) को उसे अवश्य दिखाएँ (पृष्ठ 74 पर "एक टक्कर में शामिल" अनुभाग को देखें)।

पता परिवर्तन

जब आप स्थानांतरित हों, तो आपका 10 दिन के अंदर अपना नया पता DMV को देना ज़रूरी है। आपका पता बदलने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आप ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** के द्वारा DMV को आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड और वाहन(नो) के पता परिवर्तन की सूचना दे सकते हैं। आप पता परिवर्तन (DMV 14) का फॉर्म डाउनलोड भी कर सकते और इसे फॉर्म पर दिए गये पते पर भेज सकते हैं, या DMV को 1-800-777- 0133 पर कॉल करके आपको एक DMV 14 फ़ॉर्म डाक से भेजने का अनुरोध भी कर सकते हैं।

जब आपका पता परिवर्तित होता है तो एक नया ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड जारी नहीं दिया जाता।

आप एक छोटे कागज़ के टुकड़े पर अपना नया पता टाइप करके या लिख कर, हस्ताक्षर तथा दिनांक डाल कर अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड के साथ रख सकते हैं (टेप या स्टेपल का उपयोग न करें)।

यदि आप एक क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर अपना पता परिवर्तित करते हैं, तो DMV प्रतिनिधि आपको भरने के लिए और अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड के साथ रखने के लिए एक पता परिवर्तन कार्ड (Change of Address Card (DL 43)) देगा।

अनुस्मारक: अमेरिकी डाक सेवा कुछ DMV पत्राचार को अग्रेषित करती है; परंतु यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि DMV के रिकॉर्ड में आपका सही डाक पता दर्ज है।

दृष्टि

DMV द्वारा सुधारात्मक लैंस सहित या उसके बिना दृष्टि मापने के लिए सभी ड्राइवरों का परीक्षण किया जाता है। यदि आप DMV के दृष्टि मानक (20/40) को पूरा नहीं करते हैं, तो आपके लिए नेत्र विशेषज्ञ से मिलना आवश्यक होगा। DMV प्रतिनिधि नेत्र विशेषज्ञ द्वारा भरने के लिए आपको एक दृष्टि परीक्षण रिपोर्ट (Report of Vision Examination (DL 62)) फ़ॉर्म देंगे। यदि आपकी नज़र 20/70 से अधिक ख़राब नहीं है, तो DMV आपको 30-दिवसीय अस्थायी ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी कर सकता है ताकि आपको अपनी दृष्टि का परीक्षण करवाने के लिए समय मिले।

एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए आवेदन करने वाले सभी ड्राइवरों को एक ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी किये जाने से पहले कम से कम एक आंख में एक दृश्य तीक्ष्णता का 20/200 (सर्वोत्तम सुधार) का होना ज़रूरी है। आपको बेहतर आंख में 20/200 के दृश्य तीक्ष्णता मानक को पूरा करने के लिए एक बॉयोप्टिक दूरबीन या इसी तरह के लेंस का उपयोग करने की मनाही है।

चिकित्सा सूचना कार्ड

आपके रक्त प्रकार, एलर्जियों, डॉक्टर का नाम, और अन्य चिकित्सा जानकारी सूचीबद्ध करने के लिए चिकित्सा सूचना कार्ड (Medical Information Card (DL 390)) प्राप्त करने हेतु 1-800-777-0133 पर फ़ोन करें। इसे आप अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड के साथ रख सकते हैं।

अंग और ऊतक दान

आप अपनी मृत्यु के बाद प्रत्यारोपण के लिए अपने अंगों और ऊतक का दान करने हेतु साइन-अप कर सकते हैं। जब आप अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड के लिए आवेदन करते हैं या नवीनीकरण करवाते हैं, तब नवीनीकरण फ़ॉर्म में "हाँ! मेरा नाम दाता रजिस्ट्री में जोड़ें," बॉक्स पर निशान लगाएँ ताकि आपका नाम *डोनेट लाइफ़ कैलिफ़ोर्निया ऑर्गन टिश्यू डोनर रजिस्ट्री (Donate Life California Organ Tissue Donor Registry)* में शामिल किया जाए। यदि आपको अतिरिक्त जानकारी चाहिए, तो "मैं इस समय पंजीकरण नहीं करवाना चाहता/चाहती हूँ," बॉक्स पर निशान लगाएँ और *डोनेट लाइफ़ कैलिफ़ोर्निया (Donate Life California)* को कॉल करें जहाँ प्रतिनिधि अंग तथा ऊतक दान के बारे में आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकेंगे। आप "अंग तथा ऊतक दान के समर्थन तथा प्रोत्साहन के लिए $2 स्वैच्छिक अंशदान," बॉक्स पर निशान लगाकर रजिस्ट्री को वित्तीय योगदान देने के लिए भी नवीनीकरण फ़ॉर्म का उपयोग कर सकते हैं।

यदि आपकी उम्र 13 से अधिक और 18 वर्ष से कम है, तो आप *डोनेट लाइफ़ कैलिफ़ोर्निया (Donate Life California)* के साथ पंजीकरण करवा सकते हैं, बशर्ते कि आपके माता-पिता या क़ानूनी संरक्षक दान को प्राधिकृत करें।

आप *डोनेट लाइफ़ कैलिफ़ोर्निया (Donate Life California)* की वेबसाइट पर जाकर अंग और ऊतक दान के लिए सहमति प्रकट कर सकते हैं; हालांकि आपके द्वारा ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड आवेदन फ़ॉर्म में "हाँ! मेरा नाम दाता रजिस्ट्री में जोड़ें।" बॉक्स पर निशान लगाने और DMV द्वारा नया लेन-देन (प्रतिस्थापन, नवीनीकरण, नाम परिवर्तन आदि) संसाधित करने तक एक गुलाबी बिंदु सहित नया ड्राइवर लाइसेंस (DL) या पहचान (ID) कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। यदि आप अपनी दाता स्थिति या जानकारी को बदलना या अपडेट करना चाहते हैं तो *डोनेट लाइफ़ कैलिफ़ोर्निया (Donate Life California)* से सम्पर्क करना आपकी जिम्मेदारी है। दाता रजिस्ट्री, अपने उपहार पर प्रतिबंध लगाने और दाता प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए, *डोनेट लाइफ़ कैलिफ़ोर्निया (Donate Life California)* की वेबसाइट **donateLIFEcalifornia.org** पर सम्पर्क करें या 1-866-797-2366 पर कॉल करें।

सेवानिवृत सैनिक की पदवी और मिलने वाले लाभों की जानकारी

क्या आप कभी अमेरिकी सशस्त्र बलों में सेवारत रहे है? एक अतिरिक्त $5 शुल्क के बदले, DMV उन लोगों को, जिन्होंने गर्व से हमारे देश की सेवा की है, अपने ड्राइवर लाइसेंस (DL)/पहचान (ID) कार्ड पर "VETERAN (सेवानिवृत्त सैनिक)" शब्द छपा होने के विकल्प की पेशकश करता है ताकि यह इंगित किया जाए कि इन्होंने अमेरिकी सशस्त्र बलों में सेवा की है। इसके अतिरिक्त, DMV सेवानिवृत्त सैनिकों को कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ वेटरन्स अफ़ेयर्स (CalVet) के पास भेजेगा ताकि उनके अमेरिकी सशस्त्र बलों में सेवा के दौरान प्राप्त होने वाले फायदों के लिए पात्रता का निर्धारण किया जा सके।

मैं सेवानिवृत्त सैनिक की पदवी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- एक हस्ताक्षरित, सत्यापित *सेवानिवृत्त सैनिक स्थिति की पुष्टि फॉर्म* (VSD-001) प्राप्त करने के लिए एक काउंटी सेवानिवृत्त सैनिक सर्विस अधिकारी (CVSO) के पास जाएँ।
- अधिक जानकारी के लिए, DMV की वेबसाइट **www.dmv.ca.gov** पर जाएँ या *क्या आप एक सेवानिवृत्त सैनिक हैं (Are You a Veteran?)?* (FFDL 43) *त्वरित तथ्य ब्रोशर पर देखें।*

कैलिफ़ोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ़ वेटरंस अफेयर्स (CalVet), CalVet कनेक्ट प्रोग्राम, रोज़गार, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं जैसे लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहेगा, जिनके लिए आप पात्र हो सकते हैं। ड्राइवर लाइसेंस या पहचान कार्ड आवेदन (Driver License or Identification Card Application (DL 44)) फ़ॉर्म पर "यदि आपने सेना में सेवा की है तो क्या आप लाभों की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं?" बॉक्स पर निशान लगाएँ। DMV आपका नाम और डाक पता CalVet को प्रेषित कर देगा ताकि वे आपको लाभ संबंधी जानकारी अग्रेषित कर सकें।

आपके निकटतम CalVet कार्यालय का पता लगाने के लिए, अपने टेलीफ़ोन बुक में सूचीबद्ध स्थानीय सरकार की सूची देखें, या CalVet की वेबसाइट **www.calvet.ca.gov** या DMV की वेबसाइट **www.dmv.ca.gov** पर जाएँ।

मतदान के लिए पंजीकरण

आप जब एक मूल ड्राइवर लाइसेंस (DL)/ पहचान (ID) के लिए आवेदन कर रहे हों, अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL)/ पहचान (ID) नवीनीकृत करवा रहे हों या अपना डाक या इंटरनेट पता बदल रहे हों तो DMV के पास मतदान के लिए पंजीकरण या अपना मतदाता पंजीकरण अपडेट कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, DMV की वेबसाइट **www.dmv.ca.go**v पर जाएँ।

बिना लाइसेंस वाले ड्राइवर

बिना लाइसेंस वाले या जिसका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित हुआ हो, ऐसे किसी व्यक्ति को अपना वाहन, ऋण पर देना क़ानून के खिलाफ़ है। यदि कोई बिना लाइसेंस वाला व्यक्ति *आपके* वाहन को चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे 30 दिनों के लिए जब्त किया जा सकता है (CVC §14607.6)।

किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति किसी हाई-वे या सार्वजनिक पार्किंग सुविधा में गाड़ी नहीं चला सकता है जब तक कि उसके पास वैध ड्राइवर लाइसेंस (DL) या परमिट न हो। क़ानून यह भी कहता है कि आपको सार्वजनिक सड़क या हाई-वे पर अपना वाहन चलाने के लिए तब तक किसी व्यक्ति को काम पर रखना, अनुमति देना या प्राधिकृत नहीं करना चाहिए, जब तक कि उसके पास उस वर्ग के वाहन को चलाने का लाइसेंस न हो।

किसी भी व्यक्ति को ज़्यादातर किराए के वाणिज्यिक वाहनों को अंतर्राज्य वाणिज्य और ख़तरनाक सामग्री या कचरे के परिवहन के लिए कम से कम 21 वर्ष का होना चाहिए।

राजनयिक ड्राइवर लाइसेंस

अनिवासी जिनके पास अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी एक वैध राजनयिक ड्राइवर लाइसेंस (DL) हैं, उन्हें कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस की आवश्यकताओं से छूट दी गई है।

पहचान (ID) कार्ड

DMV द्वारा किसी भी उम्र के योग्य व्यक्तियों को पहचान (ID) कार्ड जारी करता है। एक मूल पहचान (ID) कार्ड प्राप्त करने के लिए, आपको जन्म-तिथि/कानूनी उपस्थिति सत्यापन दस्तावेज़ तथा अपना SSN प्रदान करना होगा (पृष्ठ 3 पर "एक ड्राइवर लाइसेंस प्राप्त करना (Obtaining a Driver License)" अनुभाग देखें)। पहचान (ID) कार्ड जारी की गई तिथि से 6वें जन्मदिन तक वैध है। यदि आप विशिष्ट सार्वजनिक सहायता कार्यक्रमों के लिए निर्दिष्ट कुछ आय अपेक्षाओं की पूर्ति करते हैं, तो पहचान (ID) कार्ड के लिए शुल्क कम किया जा सकता है। अतिरिक्त जानकारी के लिए एक *कैलिफ़ोर्निया पहचान कार्ड के लिए आवश्यकताएँ (Requirements for a California Identification Card)* (FFDL 6) *त्वरित तथ्य* ब्रोशर देखें।

ध्यान दें: सरकारी या लाभेतर संगठन निर्धारित करते हैं कि क्या कोई व्यक्ति कम शुल्क वाले पहचान (ID) कार्ड हेतु आवश्यकताओं की पूर्ति करता है या नहीं।

यदि आपकी उम्र 62 वर्ष या अधिक है, तो आप एक **निःशुल्क** वरिष्ठ नागरिक पहचान (ID) कार्ड प्राप्त कर सकते हैं जो 10 वर्षों के लिए मान्य होता है।

शारीरिक और मानसिक (P&M) स्थितियों के लिए नि:शुल्क ID कार्ड

एक सीमित समय के लिए ड्राइवर लाइसेंस (DL) प्राप्त करने के लिए, शारीरिक या मानसिक (P&M) स्थितियों से पीड़ित ड्राइवरों की समय-समय पर एक डॉक्टर द्वारा पुनर्परीक्षण करवाए जाने **या** किसी DMV परीक्षक द्वारा 5 साल में अधिक बार पुनः परीक्षा लिए जाने की आवश्यकता हो सकती है।

जो ड्राइवर P&M स्थिति के कारण अब सुरक्षित रूप से वाहन चलाने में असमर्थ हैं वे कुछ दिशा निर्देशों की पूर्ति करने पर, अपना वैध ड्राइवर लाइसेंस (DL) एक बिना-फीस के पहचान (ID) कार्ड में बदलने के पात्र हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** पर ऑनलाइन जाएँ या 1-800- 777-0133 पर कॉल करें।

मेल या इंटरनेट से पहचान (ID) कार्ड का नवीनीकरण

जो ग्राहक डाक या इंटरनेट द्वारा अपने पहचान (ID) कार्ड नवीनीकरण करवाने के पात्र हैं, वे अपने वर्तमान पहचान (ID) कार्ड के समापन से लगभग 60 दिन पहले डाक या इंटरनेट से नवीनीकरण का नोटिस प्राप्त करेंगे। कम शुल्क वाले पहचान (ID) कार्ड का नवीनीकरण डाक या इंटरनेट द्वारा नहीं किया जा सकता।

नियमित पहचान (ID) कार्ड (62 वर्ष से कम उम्र वाले ग्राहक) के लिए शुल्क लिया जाएगा; यदि वरिष्ठ नागरिक पहचान (ID) कार्ड के लिए आवेदन दे रहे हों, तो वरिष्ठ नागरिक पहचान (ID) कार्ड (62 वर्ष या अधिक उम्र वाले ग्राहक) के लिए कोई शुल्क नहीं है।

ड्राइविंग स्कूल

ड्राइव करना सीखते समय, आपको सार्वजनिक या निजी स्कूल या राज्य से लाइसेंस प्राप्त पेशेवर ड्राइविंग स्कूल से योग्य शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

DMV कैलिफ़ोर्निया में ऐसे पेशेवर स्कूलों को लाइसेंस देता है जो कठोर योग्यता मानकों को पूरा करते हैं। स्कूल के पास देयता बीमा होना, बॉन्ड धारण करना, और DMV निरीक्षण के लिए सभी रिकॉर्ड बनाये रखना ज़रूरी है। वाहन वार्षिक निरीक्षण के अधीन होते हैं। अनुदेशकों को हर 3 साल में एक लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना या ट्रैफ़िक सुरक्षा क्षेत्र में सतत शिक्षा का प्रमाण प्रस्तुत करना ज़रूरी है। यदि आप पेशेवर ड्राइविंग स्कूल की सेवाओं का उपयोग करते हैं, तो अनुदेशक पहचान (ID) कार्ड दिखाने की माँग करें। अतिरिक्त जानकारी के लिए ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** पर जाएँ या एक *ड्राइविंग स्कूल का चयन करना (Selecting a Driving School)*(FFDL 33) *त्वरित तथ्य ब्रोशर* को देखें।

परिपक्व ड्राइवर कार्यक्रम

परिपक्व ड्राइवर कार्यक्रम 55 साल या अधिक की आयु वाले ड्राइवरों के लिए एक 8 घंटे का पाठ्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम में परिपक्व ड्राइवरों के विशेष अभिरुचि के विविध विषय कवर किए गए हैं और यह DMV अनुमोदित पाठ्यक्रम प्रदाताओं के पास उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए DMV की वेबसाइट पर जाएँ।

आपकी बीमा कंपनी कक्षा पूरी करने और समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वालों को छूटों की पेशकश कर सकती है। यह प्रमाणपत्र 3 वर्षों के लिए वैध है और इसे 4-घंटे के पाठ्यक्रम को पूरा करके नवीनीकृत किया जा सकता है।

पैदल चलने वालों का दायित्व

पैदल चलने वालों को (जॉगर्स सहित) ट्रैफ़िक स्थितियों के बारे में जागरूक होना चाहिए। सड़क पार करते समय, यह मानने से पहले कि सड़क पार करना आपका अधिकार है, ड्राइवरों के लिए आस-पास देखें।

जागरूक रहें कि हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन विद्युत शक्ति पर चलते समय लगभग शांत रहते हैं और आप चौराहे के पास उन्हें सुन नहीं सकते हैं।

जब आप चौराहों के बीच या उन क्षेत्रों में से एक सड़क को पार कर रहे हों जहाँ पैदल यात्रियों के लिए क्रासवॉक या सिगनल न लगे हों, तो वाहनों को निकलने का अधिकार देने के लिए रुकें।

याद रखें: ड्राइवर के साथ नेत्र संपर्क बनाने का मतलब यह नहीं कि ड्राइवर आपको रास्ता देगा।

पटरी या अन्य सुरक्षित स्थलों को अचानक न छोड़ें, और आपके नज़दीक वाले वाहन के रास्ते में बहुत नज़दीक न चलें या दौड़ें कि आपको ख़तरा पैदा हो। यह तब भी सही है जबकि आप चाहे एक क्रासवॉक (पैदल पारपथ) में ही क्यों न हों। क़ानून कहता है कि ड्राइवर हमेशा पैदल चलने वालों को रास्ता दें, लेकिन यदि ड्राइवर आपसे टकराने से पहले समय पर गाड़ी रोक न पाए, तो आपको टक्कर लगने का जोखिम तब भी होगा।

पैदल चलते समय ध्यान भटकने न दें। चलते समय अपने मोबाइल फ़ोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग न करें। वाहनों तथा अन्य पैदल चलने वालों के लिए ख़तरा बनने से बचने के लिए, आपको हमेशा अपने आस-पास के बारे में जागरूक रहना चाहिए।

हमेशा ट्रैफ़िक सिग्नल की लाइटों का पालन करें। भले ही चौराहे पर पैदल यात्रियों के लिए सिग्नल या ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें हों या न हों, आपका पैदल यात्रियों के नियमों का पालन करना ज़रूरी है (पृष्ठ 22 और 23 देखें)। ऐसे चौराहे पर जहाँ ट्रैफ़िक को ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों द्वारा नियंत्रित नहीं किया जाता है, ड्राइवरों से अपेक्षा की जाती है कि वे पैदल चलने वालों को **चिह्नित या अचिह्नित** पारपथ पर रास्ता दें।

जब ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट हरे रंग में या "WALK" यानी "चलें" में बदलता है, तो पहले बाएँ, फिर दाएँ और फिर बाएँ देखें, तथा ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट के बदलने से पहले चौराहे में आ चुके किसी भी वाहन को निकलने का रास्ता देने के लिए रुकें।

यदि एक विभाजित सड़क पर आधी दूरी तय करने के बाद ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट टिमटिमाना शुरू कर देती है या "DON'T WALK," यानी "न चलें" में बदलता है अथवा ऊपर उठा हुआ हाथ आ जाता है, तो आप सड़क पार करना जारी रख सकते हैं।

सड़क पार करते समय रुके नहीं या अनावश्यक रूप से यातायात में देरी न करें।

पैदल चलने वालों को किसी टॉल ब्रिड्ज या हाई-वे क्रॉसिंग पर अनुमति नहीं है, बशर्ते कि वहाँ फ़ुटपाथ हो और संकेत पट्ट लगा हो कि पैदल चलने वाला यातायात अनुमत है।

यदि कोई फ़ुटपाथ नहीं है, तो सामने से आने वाले ट्रैफ़िक की ओर देखते हुए चलें (पृष्ठ 18 पर तस्वीर देखें)। किसी ऐसे फ़्री-वे पर न चलें या जॉग न करें जहाँ संकेतपट्ट कहता है कि पैदल चलने वालों को अनुमति नहीं है। बाइक लेन में न चलें या जॉग न करें जब तक कि वहाँ फ़ुटपाथ न हो।

रात को, निम्न द्वारा स्वयं को नज़रों के सामने अधिक बनाए रखें:

- सफ़ेद, हल्के या परावर्तक सामग्री से बने कपड़े पहनना।
- टॉर्च हाथ में रखें।

नई प्रौद्योगिकी

आपकी गाड़ी में कई प्रकार की नई प्रौद्योगिकियाँ लगी हो सकती हैं। आपकी गाड़ी में ऐसी प्रौद्योगिकी भी हो सकती है कि आप सेल फोन पर बातचीत कर सकें या एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से संगीत चला सकें। ऐसी प्रौद्योगिकियों में बढ़त होने के साथ, सड़क के बारे में पता रखना और ड्राइविंग करते समय ध्यान भंग होने से बचना ज़रूरी है। प्रौद्योगिकी की वजह से ध्यान भंग होने से बचने के लिए यहाँ कुछ सुझाव दिये गये हैं:

- ड्राइविंग करते समय नेवीगेशन निर्देशों को न डालें।
- ड्राइविंग करते समय संगीत या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ को समायोजित न करें।
- नेवीगेशन डिवाइसेज़ (उपकरणों) के लिए जब संभव हो तो ऑडियो नेवीगेशन का प्रयोग करें।

ध्यान दें: प्रौद्योगिकी, जैसे कि बैक-अप कैमरे और सेल्फ़ पार्किंग, का एक ड्राइविंग परीक्षा में उपयोग **नहीं** किया जा सकता। एक ड्राइविंग परीक्षा का उद्देश्य आपकी ड्राइव करने की क्षमता को सुनिश्चित करना है।

सवारियों का संरक्षण

सीट बेल्ट

सीट बेल्ट, गोदी वाली बेल्ट और कंधे वाला जीन, दोनों ही अधिकतर प्रकार की टक्करों में आपके बचने की संभावना को बढ़ा देते हैं। सीट बेल्टें अच्छी तरह काम करने वाली स्थिति में होनी ज़रूरी है। आप अपना वाहन सार्वजनिक सड़कों या पब्लिक पार्किंग लॉट्स जैसी निजी संपत्ति पर नहीं चला सकते, जब तक कि आप और 8 साल या उससे अधिक आयु की आपकी सभी सवारियाँ, या 4 फ़ीट 9 इंच या उससे अधिक ऊँचाई वाले बच्चों ने सीट बेल्टें ना लगा रखी हों। 8 साल या उससे छोटे बच्चों, या 4 फ़ीट 9 इंच से कम ऊँचाई वाले बच्चों को संघ-अनुमोदित बच्चा यात्री नियंत्रण प्रणाली में बिठाया जाना ज़रूरी है।

आपका और सभी यात्रियों का सीट बेल्ट पहनना ज़रूरी है या **आप** और/या आपके यात्री(त्रियों) को ज़ुर्माना किया जा सकता है। यदि यात्री की उम्र 16 वर्ष से कम है, तो उनके द्वारा सीट बेल्ट न पहने जाने पर आपको ज़ुर्माना किया जा सकता है।

वाहन के एयरबैग से लैस रहने पर भी हमेशा अपनी सीट बेल्ट (कंधे की जीन सहित) का उपयोग करें। आप अपने पुराने वाहनों में कंधे की जीन या सीट बेल्ट लगवा सकते हैं। यदि गाड़ी चलाते समय आपने केवल लैप बेल्ट पहना है, तब भी टक्कर लगने पर आपके बचने की संभावना ऐसे किसी व्यक्ति से दुगुनी है जिसने लैप बेल्ट नहीं पहना है। यदि आप लैप और कंधे वाली बेल्ट पहनते हैं, तो टक्कर लगने पर आपके बचने की संभावना 3 से 4 गुणा अधिक हो जाती है। यदि आपके वाहन में एक अलग लैप और कंधे वाली बेल्ट लगे हैं, तो आपका लैप और कंधे वाली बेल्ट दोनों का इस्तेमाल करना ज़रूरी है।

गर्भवती महिला को लैप बेल्ट यथा संभव पेट के नीचे पहनना चाहिए, और कंधे के स्ट्रैप को स्तनों के बीच से और पेट के उभार के बाज़ू रखना चाहिए।

चेतावनी: सीट बेल्ट का उपयोग टकराने पर आपके वाहन से बाहर गिरने के जोखिम को कम करता है। यदि आप सीट बेल्ट के साथ कंधे की जीन को स्थापित और उपयोग नहीं करते हैं, तो कुछ टक्कर में गंभीर या घातक चोट लगने की संभावना है। केवल गोदी वाले बेल्ट से रीढ़ की हड्डी और पेट की चोटों की संभावना बढ़ जाती हैं–विशेषतः बच्चों में। आपके वाहन के लिए कंधे की जीन उपलब्ध हो सकती है, यदि वह पहले से सुसज्जित नहीं है।

सीट बेल्ट के बारे में ग़लत मान्यताएँ

टक्करों के परीक्षणों ने यह साबित किया है कि सुरक्षा बेल्टें चोट लगने और मौतों को कम कर सकती हैं। क्या आपने इन गलत धारणाओं के बारे में सुना है?

"सीट बेल्ट आपको वाहन के अंदर फंसा सकती हैं।" दरअसल सीट बेल्ट को उतारने में एक सेकंड से भी कम का समय लगता है। इस गलत धारणा में अक्सर ऐसे वाहन का ज़िक्र किया जाता है जिसमें आग लग जाती है या जो गहरे पानी में डूब जाता है। एक सीट बेल्ट आपको "बेहोश न होने" से बचा सकता है। इसलिए, यदि आप जागरूक हैं और होश में हैं, तो ऐसी स्थितियों में आपके बचने की बेहतर संभावनाएँ होंगी।

"सीट बेल्टें लंबी यात्राओं के लिए अच्छी हैं, लेकिन मुझे शहर में घूमते समय उसकी ज़रूरत नहीं है।" ट्रैफ़िक में होने वाली सभी मृत्युओं में आधे से अधिक घर से 25 मील की दूरी पर घटित होती हैं। अपने या अपने यात्रियों के जीवन को जोखिम में न डालें। यात्रा की दूरी का लिहाज़ न करते हुए ड्राइव करते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएँ।

"एक दुर्घटना में कुछ लोग टकराने पर वाहन से बाहर फेकें जाते हैं लेकिन उन्हें एक खरोंच तक नहीं आई।" आपके बचने के मौक़े 5 गुणा बेहतर हो सकते हैं, यदि टकराने पर, आप वाहन से बाहर नहीं गिरते हैं। एक सीट बेल्ट आपको किसी और वाहन के रास्ते में गिरने से बचा सकती है।

"मैं केवल स्टोर तक ही तो जा रहा/ही हूँ। मेरे छोटे बच्चे को एक सुरक्षा सीट में सुरक्षित बैठाने की ज़रूरत नहीं है।" वाहनों की टक्करों में बच्चों की मौत को रोकने का नंबर एक बचाया जा सकने वाला तरीका है। क़ानून की अपेक्षा है कि 8 साल से कम उम्र के बच्चे, जो 4 फ़ीट 9 इंच या उससे ज़्यादा लंबे हों, उन्हें समुचित सुरक्षा बेल्ट से, या 8 साल से कम उम्र के और 4 फ़ीट 9 इंच से कम लंबे हों, तो संघ-अनुमोदित बच्चा यात्री नियंत्रण प्रणाली से उचित रूप से बाँधना ज़रूरी है।

निम्नलिखित ग्राफ़िक दर्शाता है कि टक्कर में क्या हो सकता है। यदि आपको बाज़ू से धक्का लगता है, तो उसका प्रभाव आपको अपनी सीट में आगे-पीछे धकेल सकता है। सीट बेल्ट और कंधे के जीन आपको वाहन को नियंत्रित करने के लिए बेहतर स्थिति में रखते हैं और आप गंभीर चोटों को कम कर सकते हैं।

जब आप टकराते हैं तो आपका वाहन रुक जाता है, लेकिन आप उसी गति से चलते हैं जिस गति पर आप यात्रा कर रहे थे, जब तक कि आप डैशबोर्ड या विंडशील्ड से नहीं टकराते। 30 मील प्रति घंटा पर यह गति एक तीन मंजिला इमारत से ज़मीन पर गिरने की गति के समान ही है।

प्रभाव - यदि लाल तीर ड्राइवर की ओर से आपकी कार से टकराने वाली कोई दूसरी कार हो:

1. आप पहले ड्राइवर के बग़ल वाले दरवाज़े से टकराएँगे,
2. फिर आप "पलटेंगे" और सवारी के बग़ल वाले दरवाज़े से टकराएँगे।

बच्चों की रोकथाम प्रणाली और सुरक्षा सीटें

आपके बच्चे का उसकी लंबाई और आयु के अनुसार एक संघ-अनुमोदित बच्चा सवारी संयम प्रणाली में बैठा होना या एक सुरक्षा बैल्ट डालकर बैठना ज़रूरी है।

- 8 साल से कम उम्र वाले बच्चों को एक संघ-अनुमोदित बच्चा सवारी संयम प्रणाली में सुरक्षित बिठाया जाना ज़रूरी है।
- 8 साल से कम उम्र के बच्चे निम्नलिखित स्थितियों में वाहन के आगे वाली सीट पर एक संघ-अनुमोदित बच्चा सवारी संयम प्रणाली में सुरक्षित बैठ **सकते** हैं:
  - वाहन में पीछे कोई सीट नहीं है।
  - पीछे की सीटें साइड-फ़ेसिंग जम्प सीटें हों।
  - पीछे की सीटें पीछे की ओर फ़ेसिंग सीटें हों।
  - बच्चा सवारी संयम प्रणाली को पीछे की सीट पर उचित रूप से स्थापित नहीं किया जा सकता हो।
  - पीछे की सभी सीटों पर 7 साल या उससे कम उम्र वाले बच्चे पहले से बैठे हों।
  - चिकित्सा कारणों से बच्चे को पीछे की सीट पर न बिठाया जा सकता हो।
- बच्चा एयरबैग से सुसज्जित वाहन में सामने वाली सीट पर सवार **नहीं हो सकता** यदि बच्चा:
  - एक पीछे की ओर मुंह वाली बच्चा सवारी संयम प्रणाली में बैठा हो।
  - 1 साल से कम की आयु वाला हो।
  - बच्चे का वज़न 20 पाउंड से कम हो।
- बच्चे जो 8 साल या अधिक उम्र वाले हैं या जो कम से कम 4' 9" की लंबाई तक पहुंच गये हैं, उनका एक सही तरीके से सुरक्षित संघीय मानकों को पूरा करने वाली सुरक्षा बैल्टों को लगा कर बैठना ज़रूरी है।

ध्यान दें: उचित बच्चा सवारी संयम प्रणाली का संस्थापन स्थानीय क़ानून प्रवर्तन एजेंसियों या आग विभागों से संपर्क करके जाँचा जा सकता है। जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता है, यह जानने के लिए जाँच करवाएँ कि आपकी कार सीट आपके बच्चे के लिए सही आकार की है।

एयर बैग के साथ सुरक्षित सवारी

एयर बैग एक सुरक्षा सुविधा हैं जो आपको अकेले एक सीट बेल्ट से भी अधिक सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। अधिकांश लोग एयरबैग को बंद किये बिना एयरबैग जोखिम को हटाने या कम करने के लिए क़दम उठा सकते हैं। सबसे बड़ा जोखिम एयर बैग के बहुत नज़दीक होना है। एयरबैग में हवा भरने के लिए लगभग 10 इंच जगह की ज़रूरत होती है। एयरबैग कवर से कम से कम 10 इंच दूरी पर (स्टीयरिंग व्हील के बीच से आपकी छाती की हड्डी तक मापा गया) सवारी करें, यदि आप वाहन पर पूरा नियंत्रण बनाए रखते हुए ऐसा कर सकें। यदि आप एयरबैग से 10 इंच की दूरी पर सुरक्षित रूप से नहीं रह सकते हैं, तो अपने एयरबैग से दूर रहने के अतिरिक्त तरीक़ों पर सलाह लेने के लिए अपने वाहन के विक्रेता या निर्माता से संपर्क करें।

सवारियों को भी सवारी वाली ओर के एयरबैग से कम से कम 10 इंच की दूरी पर बैठना चाहिए।

एयर बैग के पार्श्व-प्रभाव

साइड की ओर प्रभाव डालने वाले एयरबैग, पार्श्व प्रभाव वाली दुर्घटनाओं में वयस्कों को अतिरिक्त सुरक्षा लाभ प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, साइड से टक्कर लगने पर खुलने वाले एयरबैग की बग़ल में बैठे बच्चों को गंभीर या घातक चोट का जोखिम हो सकता है। चूँकि साइड वाले एयरबैग का डिज़ाइन और निष्पादन अलग होता है, अतः अगर आप बच्चों को वाहन में ले जा रहे हों, तो आपको साइड से टक्कर लगने पर खुलने वाले एयरबैग के उपयोग से जुड़े लाभ और जोखिमों पर विचार करना चाहिए। साइड वाले एयरबैग का टेक लगा कर बैठे बच्चों को उसके फूलने पर गंभीर चोट का जोखिम हो सकता है। जो बच्चे अपनी उम्र और वज़न के लिए उपयुक्त *सही तरह से स्थापित की गई बच्चों की संयम प्रणाली* में यात्रा करते हैं, उन्हें गंभीर चोट का जोखिम नहीं होता है। ये बच्चे प्रायः साइड वाले एयरबैग के मार्ग में नहीं होते जब वह फूलता है।

मोटर वाहन में बिना रखवाली के अकेले बच्चे

बच्चों को वाहन में बिना रखवाली के छोड़ना **कभी भी** अच्छा विचार नहीं हो सकता है।

6 साल या उससे छोटे बच्चे को एक मोटर वाहन में बिना किसी रखवाले के छोड़ देना गैरकानूनी है।

अदालत उल्लंघन करने वाले पर जुर्माना लगा सकती है और उन्हें सामुदायिक शिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने को कह सकती है। साथ ही, DMV तथा अदालत द्वारा वाहन में बच्चे को बिना रखवाली के छोड़ने पर लगाए जाने वाला जुर्माना अधिक गंभीर हो सकता है यदि बच्चे को चोट लग जाए, और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की ज़रूरत हो, या उसकी मृत्यु हो जाए।

ध्यान दें: बच्चे को 12 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले के पर्यवेक्षण में छोड़ा जा सकता है।

ध्यान के बंटे होने की हालत में वाहन चालन

कोई भी ऐसी चीज़ जो आपको अपना वाहन सुरक्षित तरीके से चलाने से रोकती है, वह एक ध्यान का खिंचाव है। निम्नलिखित ड्राइवर के ध्यान बंटे होने की 3 किस्में हैं:

- सड़क से आंखें हटाना।
- सड़क से संज्ञानात्मक-ध्यान हटाना।
- स्टीयरिंग व्हील से हाथों को हटाना।

लगभग 80% टक्करें और बाल-बाल टक्कर होने से बचने के 65% मामलों में ड्राइवर का ध्यान किसी न किसी से बंटा होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन (NHTSA) और वर्जीनिया टेक परिवहन संस्थान (VTTI) द्वारा जारी "100-कार ड्राइविंग प्राकृतिक अध्ययन" (2006) के अनुसार, यह निष्कर्ष निकाला गया कि ड्राइवरों ने टक्कर होने से पहले 3-सेकंड की समय सीमा में कम से कम एक बार सड़क से ध्यान हटाया था।

कुछ कार्रवाईयाँ जो ध्यान भंग ड्राइविंग का कारण बनती हैं और परिणामस्वरूप वाहनों की टक्कर होती है:

- एक हैंडहैल्ड डिवाइस का उपयोग करना (जैसे कि, सेल फोन, संगीत वाले डिवाइस (उपकरण))।
- वाहन के अन्दर रखी किसी चीज़ को उठाने की कोशिश करना।
- वाहन के बाहर किसी चीज़ या घटना की ओर देखना।
- पढ़ना।
- खाना।
- सौंदर्य प्रसाधन (मेकअप) लगाना।

जब आप गाड़ी चला रहे हैं तो जिस सड़क पर आप हैं उसकी हालत और अन्य ड्राइवरों का व्यवहार अचानक बदल सकता है, जिससे आपके पास प्रतिक्रिया करने का बहुत कम या बिलकुल भी समय नहीं होता।

सुरक्षित तरीके से गाड़ी चलाएँ। हमेशा अपना ध्यान ड्राइविंग पर रखें, आंखें सड़क पर और हाथ स्टीयरिंग व्हील पर।

टक्करों और ध्यान भंग के संबंध में और जानकारी *ड्राइवर का ध्यान बंटा होना (Driver Distraction)* (FFDL 28) *त्वरित तथ्य* ब्रोशर में देखी जा सकती है।

गर्म मौसम के जोखिम

जैसा कि "बिना रखवाली के मोटर वाहनों में अकेले बच्चे" अनुभाग में बताया गया है, वाहन में नाबालिग बच्चों को बिना रखवाली के छोड़ना क़ानून के खिलाफ़ है (CVC §15620)। साथ ही, और उतना ही महत्वपूर्ण है कि गरम वाहन में बच्चे और/या पशुओं को छोड़ना खतरनाक और गैरकानूनी है। धूप में बैठने के बाद, यदि खिड़की ज़रा सी खुली हो, तो भी खड़े वाहन के भीतर तापमान तेज़ी से बढ़ सकता है। वाहन के भीतर का तापमान बाहर के तापमान से लगभग 40-50 डिग्री अधिक बढ़ सकता है।

गर्मी में अधिक समय तक बैठे रहने से निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक, और मौत तक हो सकती है। *कैलीफ़ोर्निया दंड संहिता (California Penal Code)* §597.7 के अनुसार एक जानवर को किसी वाहन में बिना रखवाली के ऐसे हालातों में छोड़ना या बांध कर रखने की मनाही है जो गर्मी के कारण एक जानवर के स्वास्थ्य या तंदरुस्ती को खतरे में डालते हैं। याद रखें कि यदि आपके लिए गर्मी है, तो आपके बच्चों और पालतू जानवरों के लिए अत्यधिक गर्मी है।

ट्रैफिक नियंत्रण

ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें

ठोस लाल-एक लाल सिग्नल लाइट का मतलब है "STOP"। आप एक लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट पर रुकने के बाद राइट टर्न (दाईं ओर मुड़ना) कर सकते हैं। पैदल चलने वालों, साइकिल सवारों और उन वाहनों को पहले जाने दें जो इतने नज़दीक हों कि ख़तरा बन जाएँ। दाईं ओर मोड़ केवल तभी लें जब ऐसा करना सुरक्षित हो। यदि "NO TURN ON RED" संकेत वहाँ मौजूद हो तो न मुड़े।

लाल तीर-लाल तीर का मतलब है रुको "STOP"। हरा सिग्नल जलने या हरा तीर प्रकट होने तक रुके रहें। लाल तीर के विरुद्ध दिशा में न मुड़ें।

टिमटिमाता लाल-एक टिमटिमाती लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का मतलब है "STOP"। रुकने के बाद, जब सुरक्षित हो तो आप आगे बढ़ सकते हैं। रास्ता देने के (राइट-ऑफ-वे) नियमों का पालन करें।

ठोस पीला-एक लाल सिग्नल लाइट का मतलब है "CAUTION!" लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट बस अभी होने वाली है। जब आप पीली ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट को देखें तो, रुक जाएँ यदि आप ऐसा सुरक्षित रूप से कर सकते हों। यदि आप सुरक्षित रूप से रुक नहीं सकते हैं, तो सावधानी से चौराहा पार करें।

पीला तीर-एक पीले तीर का मतलब है कि "संरक्षित" मोड़ की समय अवधि समाप्त हो रही है। अगली ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का पालन करने के लिए तैयार रहें, जो हरी या लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट या लाल तीर हो सकता है।

टिमटिमाती पीली - एक टिमटिमाती पीली सिग्नल लाइट सावधानी के साथ आगे बढ़ें ("PROCEED WITH CAUTION") की चेतावनी देती है। अपनी गाड़ी की रफ़्तार धीमी कर लें और चौराहे में प्रवेश करने से पहले सतर्क हो जाएँ। चौराहे में आये किसी पैदल चलने वाले, साइकिल सवार, या गाड़ी को पहले जाने दें। टिमटिमाती पीली सिग्नल लाइट में आपको रुकने की ज़रूरत नहीं है।

टिमटिमाता पीला तीर-इस सिग्नल का मतलब है कि मुड़ना अनुमत हैं (असुरक्षित), लेकिन आपको पहले निकट आने वाली ट्रैफ़िक तथा पैदल चलने वालों को जगह देना होगा और फिर सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

ठोस हरा-चौराहे पर किसी भी वाहन, साइकिल सवार, या पैदल चलने वाले को पहले रास्ता (राइट-ऑफ-वे) दें। हरी ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का मतलब है "GO।" यदि आप बाईं ओर मुड़ रहे हैं, तो निकट आने वाले वाहन, साइकिल सवार, या पैदल चलने वालों के लिए कोई जोखिम उत्पन्न करने की बजाय, केवल तभी मुड़ें जब पूरी तरह मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह मौजूद हो। यदि ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट के लाल होने से पहले आप चौराहा पूरी तरह पार नहीं कर सकते हों, तो चौराहे में प्रवेश न करें। यदि आप चौराहे पर अवरोध पैदा करते हैं, तो आपको जुर्माना किया जा सकता है।

हरा तीर-हरे तीर का मतलब है "GO।" चौराहे में अभी भी मौजूद किसी भी वाहन, साइकिल सवार, या पैदल चलने वाले को रास्ता देने के बाद आपका उस दिशा में मुड़ना ज़रूरी है जिस दिशा में तीर संकेत दे रहा हो। हरा तीर आपको एक "संरक्षित" मोड़ मुड़ने की अनुमति देता है। जब तक हरा तीर चालू होता है, तब तक सामने से आने वाले वाहन, साइकिल सवार, और पैदल चलने वाले एक लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट द्वारा रुके होते हैं।

ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का काम न करना (ब्लैक आउट)-ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट काम नहीं कर रही है और/या सिग्नल पर कोई लाइट दिखाई नहीं दे रही हैं। ध्यान से इस प्रकार आगे बढ़ना चाहिए मानो चौराहा सभी दिशाओं में "STOP" के संकेतों द्वारा नियंत्रित हो।

पैदल चलने वालों की सिग्नल लाइटें

पैदल चलने वालों की ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें नीचे दिये गये उदाहरणों की तरह कुछ शब्द या तस्वीरें दिखाती हैं:

"Walk" या **"Walking Person"** ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का मतलब है कि सड़क पार करना वैध है।

"Don't Walk" या **"Raised Hand"** ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का मतलब है कि आप अभी सड़क पार करना शुरु नहीं कर सकते।

टिमटिमाता "Don't Walk" या **टिमटिमाता "Raised Hand"** ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट का मतलब है कि सड़क पार करना शुरू न करें क्योंकि ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट बस अभी बदलने वाली है। यदि एक पैदल यात्री ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट के टिमटिमाना शुरू करने के बाद सड़क पार करना शुरु कर देता है, तो आगे बढ़ने से पहले पैदल यात्री के सड़क पार करने का इंतजार करें।

ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट की घटती हुई गिनती (Countdown traffic signal lights) दर्शाती है कि सड़क पार करने के लिए कितने सेकेंड बचे हैं। यदि क्रॉसिंग का समय समाप्त होने वाला हो तो ये ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें पैदल चलने वालों को जल्दी से सड़क पार करने की लोच प्रदान करती हैं।

कुछ ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें एक **बीप की ध्वनि** या चहकने की आवाज़ या एक **मौखिक संदेश** प्रदान कर सकती हैं। ये ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटें अंधे या कम दिखाई देने वाले पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में मदद के लिए बनाई गई हैं।

कई ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों पर, आपको **"Walk"** या **"Walking Person"** ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट को चलाने के लिए आपको पैदल चलने वालों के लिए पुश बटन को दबाने की ज़रूरत पड़ सकती है। यदि पैदल चलने वालों के कोई सिग्नल मौजूद न हों, तो ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों का पालन करें।

ट्रैफिक संकेत

एक संकेत का आकार और रंग आपको संकेत में शामिल जानकारी का सुराग पेश करता है। यहाँ इस्तेमाल होने वाले कुछ सामान्य आकार दिये गये हैं:

एक *8-तरफ़ा* लाल **STOP** संकेत दर्शाता है कि जब भी आप इस संकेत को देखें तो आपका पूरी तरह से रुकना ("STOP") ज़रूरी है। सफ़ेद सीमा रेखा (सड़क पर पेंट की हुई एक चौड़ी सफ़ेद रेखा) या पैदल पार-पथ पर प्रवेश करने से पहले रुकें। यदि सड़क पर कोई सीमा रेखा या पार पथ पेंट नहीं किया गया है,

लाल और सफ़ेद नियामक संकेत

No U-turn
(कोई यू-टर्न नहीं)

No Left Turn
(कोई लेफ़्ट टर्न नहीं)

No Right Turn
(कोई राइट टर्न नहीं)

सफ़ेद नियामक संकेत



हाई-वे निर्माण और रखरखाव संकेत

मार्गदर्शक संकेत

ख़तरनाक भार प्लेकार्ड

धीमी गति से चलने वाले वाहन

चेतावनी संकेत

Slippery
When Wet
(गीला होने पर
फिसलता है)

Merging Traffic
(साथ मिल जाने
वाली ट्रैफ़िक)

Divided Highway
(विभाजित हाई-वे)

Sharp
Turn
(तेज मुड़ाव)

Two Way
Traffic
(दोतरफ़ा यातायात)

Lane
Ends
(लेन समाप्त होती है)

End Divided
Highway
(अंत में
विभाजित हाई-वे)

Traffic Signal Ahead
(ट्रैफ़िक सिग्नल
आगे है)

Pedestrian
Crossing
(पैदल पार पथ)

Added Lane
(जोड़ी गई लेन)

Crossroad
(चौराहा)

Stop Ahead
(आगे रुकें)

Yield Ahead
(आगे रास्ता दें)

Directional Arrow
(दिशात्मक तीर)

Curve
(घुमाव)

"T" Intersection
("T" चौराहा)

Winding Road
(घुमावदार सड़क)

अधिक जानकारी के लिए:
www.dot.ca.gov

तो चौराहे में प्रवेश करने से पहले रुकें। आगे बढ़ने से पहले सभी दिशाओं में ट्रैफ़िक को देखें।

एक *3-तरफ़ा लाल* **YIELD** *संकेत* दर्शाता है कि यदि आवश्यक हो, आगे बढ़ने से पहले किसी वाहन, साइकिल सवार या पैदल चलने वाले को आगे बढ़ने के लिए रास्ता देने के लिए, आपका धीमे हो जाना और रुकने के लिए तैयार रहना ज़रूरी है।

एक चौकोर लाल और सफ़ेद नियामक संकेत सूचित करता है कि आपको संकेत के अनुदेशों का पालन करना होगा। उदाहरण के लिए, **DO NOT ENTER (प्रवेश न करें)** संकेत का मतलब है: जब संकेत प्रदर्शित हो (सामान्यतः रैम्प से दूर फ्री-वे पर) तब सड़क पर या रैम्प की ढलान पर प्रवेश न करें। **WRONG WAY (ग़लत मार्ग)** संकेत **DO NOT ENTER (प्रवेश न करें)** संकेत के साथ प्रदर्शित हो सकता है या नहीं भी हो सकता है। यदि आप इन संकेतों में किसी एक या दोनों को देखते हैं, तो सड़क के बग़ल में ड्राइव करें और रुक जाएँ। आप ट्रैफ़िक की विपरीत दिशा में जा रहे हैं। जब सुरक्षित हो, पीछे हटें या मुड़ जाएँ और जिस सड़क पर आप थे, वहीं वापस लौटें। यदि रात में आप ग़लत मार्ग पर जा रहे हैं, तो आपके हेडलाइट में रोड रिफ़्लेक्टर लाल रंग में प्रकाशित होंगे।

एक संकेत जिसमें एक लाल गोला *जिसके आरपार लाल लाइन* गुजर रही है, हमेशा दर्शाता है "NO!" गोले के अन्दर यह तस्वीर दर्शाती है कि आप क्या नहीं कर सकते। यह संकेत शब्दों के साथ या उनके बिना दिखाया जा सकता है।

एक *पीला और काला गोल* संकेत सूचित करता है कि आप रेल रोड क्रॉसिंग के समीप हैं।

सफ़ेद पृष्ठभूमि वाला *एक x-आकार का संकेत* जो बताता है कि **रेल रोड क्रॉसिंग** दर्शाता है कि आपका देखना, सुनना, धीमे हो जाना, या ज़रूरत हो, तो रुकने के लिए तैयार होना ज़रूरी है। आपके आगे बढ़ने से पहले ट्रेन को गुजरने दें।

एक *5-तरफ़ा संकेत* दर्शाता है कि आप एक स्कूल के पास हैं। यदि पार-पथ पर बच्चे हों तो रुक जाएँ।

एक *4-तरफ़ा डायमंड के आकार का संकेत* आपको विशिष्ट सड़क स्थितियों और आगे के ख़तरों की चेतावनी देता है। बहुत से चेतावनी संकेत डायमंड के आकार के होते हैं।

एक *सफ़ेद आयताकार संकेत* सूचित करता है कि आपको महत्वपूर्ण नियमों का पालन करना चाहिए।

कुछ *चेतावनी संकेतों* में फ़्लोरोसेंट पीली-हरी पृष्ठभूमि होती है। ये संकेत पैदल चलने वालों, साइकिल सवारों, स्कूल, खेल के मैदानों, स्कूल बसों, और स्कूल पैसेंजर चढ़ाने वाले क्षेत्रों से संबंधित परिस्थितियों के बारे में चेतावनी देते हैं। सभी चेतावनी संकेतों का पालन करें फिर चाहे उनका आकार या रंग कोई भी क्यों न हो (उदाहरणों के लिए पृष्ठ 24 और 25 देखें)।

सड़क के क़ानून और नियम

राइट-ऑफ़-वे नियम

सामान्य जानकारी

राइट-ऑफ़-वे नियम, शिष्टाचार और व्यावहारिक ज्ञान के साथ मिल कर, ट्रैफ़िक सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। दूसरों को, विशेषतः पैदल चलने वालों, मोटर साइकिल सवार और साइकिल पर सवारी करने वालों को रास्ता देने का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। कभी यह न मानें कि दूसरे ड्राइवर आपको रास्ता देंगे। जब टक्कर लगने की से बचा जा सकता हो राइट ऑफ़ वे (पहले देने से न चूकें।

सम्मान देना दूसरों को रास्ता देते हुए, जैसी परिस्थितियाँ पारपथ में पैदल चलने वालों को रास्ता देने, या साइकिल सवार और मोटरसाइकिल सवार को बेरोकटोक रास्ता सुनिश्चित करने के लिए सावधानी से ध्यान देने वाली स्थितियों तक ही सीमित नहीं हैं। मोटर चालकों को रुकने के संकेत या ट्रैफ़िक लाइट पर रुकने में चूक, तेज़ गाड़ी चलाना, असुरक्षित रूप से लेन बदलना या ग़ैर-क़ानूनी रूप से मोड़ना जैसे ट्रैफ़िक क़ानून का उल्लंघन न करते हुए दूसरों के रास्ते के हक़ का **सम्मान** करना चाहिए। आँकड़े दर्शाते हैं कि राइट-ऑफ़-वे उल्लंघन से कैलिफ़ोर्निया में चोट लगने वाले टक्करों की प्रतिशतता अधिक हुई है।

पैदल चलने वाले

पैदल चलने वालों की सुरक्षा एक गंभीर मामला है। पैदल यात्री वह व्यक्ति है जो पैदल चलता है या जो साइकिल को छोड़ कर, रोलर स्केट्स, स्केटबोर्ड आदि जैसे साधनों का उपयोग करता है। पैदल यात्री परिवहन के लिए ट्राइसाइकिल, क्वाड्रिसाइकिल या व्हीलचेयर का उपयोग करने वाला विकलांग व्यक्ति भी हो सकता है।

कैलिफ़ोर्निया में, सभी ट्रैफ़िक दुर्घटनाओं में लगभग 22% पैदल चलने वालों की मौतें होती है। जब पैदल चलने वाले आपके समीप हों, तो सावधानी से ड्राइव करें क्योंकि वे अचानक आपका रास्ता काट सकते हैं।

पैदल चलने वालों को संकर और बिजली के वाहनों के पास चलने में खतरा हो सकता है क्योंकि ये वाहन संचालित होते समय लगभग ख़ामोश रहते हैं। पैदल चलने वालों के समीप ड्राइव करते समय अधिक सावधानी बरतें।

- **सम्मान** पैदल चलने वालों के राह चलने के अधिकार (राइट-ऑफ-वे) का। सड़क के किनारों से या अन्य पारपथों से सड़क पार करने वाले किसी पैदल चलने वाले के लिए हमेशा रुकें, चाहे वह पारपथ किसी ब्लॉक के बीच में ही क्यों न हो, सड़क के किनारों पर ट्रैफ़िक लाइट के साथ या उसके बिना हो, चाहे पारपथ को पेंट की गई रेखाओं द्वारा चिह्नित किया गया हो या नहीं।
- किसी पारपथ पर रुके हुए वाहन को पार न करें। हो सकता है कोई पैदल व्यक्ति सड़क पार कर रहा हो जिसे आप न देख सकें। रुकें, और जब सभी पैदल चलने वाले सड़क पार कर लें, तभी आगे बढ़ें।
- किसी फ़ुटपाथ पर ड्राइव न करें, सिवाय जब किसी ड्राइव-वे या गली में प्रवेश करने या बाहर निकलने के लिए उसे पार करना पड़े। पार करते समय, सभी पैदल चलने वालों को रास्ता दें।
- किसी पारपथ पर न रुकें। आप पैदल चलने वालों को खतरे में डाल सकते हैं।
- याद रखें, यदि कोई पैदल चलने वाला आपके साथ नेत्र संपर्क करें, तो वह सड़क पार करने के लिए तैयार हो सकता है। पैदल चलने वाले को रास्ता दें।
- बूढ़े पैदल चलने वालों, अक्षम पैदल चलने वालों, और छोटे बच्चों के साथ पैदल चलने वालों को सड़क पार करने के लिए पर्याप्त समय दें।
- पैदल यात्रियों के लिए लगे संकेतों का पालन करें। उदाहरणों में शामिल हैं:

महत्वपूर्ण: अंधे पैदल यात्री आपके वाहन की ध्वनि पर निर्भर करते हैं ताकि आपके वाहन की उपस्थिति के बारे में जान सकें। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप पारपथ से 5 फ़ीट के अंदर अपना वाहन रोकें। हाईब्रिड या बिजली से चलने वाले वाहन के ड्राइवरों को विशेष रूप से जागरूक रहना चाहिए क्योंकि इंजन के शोर की कमी पैदल चलने वाले अंधे व्यक्ति के यह मानने का कारण बन सकती है कि आसपास कोई वाहन मौजूद नहीं है। इस संकेत का पालन करें:

- जब एक अंधा व्यक्ति अपनी छड़ी को अंदर की ओर खींचता या खींचती है और चौराहे से दूर हट जाता/जाती है, तो इस भाव का अक्सर मतलब होता है कि आप जाएँ (नेत्रहीन पैदल चलने वालों के बारे में अतिरिक्त जानकारी पृष्ठ 61 पर देखी जा सकती है)।

पारपथ

पार पथ सड़क की वह जगह है जो पैदल चलने वाले ट्रैफ़िक के लिए निर्धारित होती है। अधिकांश चौराहों पर एक पैदल पारपथ होता है, भले ही सड़क पर लाइनें पेंट की गई हों या न हों। अधिकांश पारपथ सड़क के किनारों पर स्थित होते हैं, लेकिन वे ब्लॉक के मध्य में भी स्थित हो सकते हैं। किनारों पर मुड़ने से पहले, सड़क पार करने वाले लोगों पर ध्यान दें। **चिह्नित या अचिह्नित पारपथ पैदल चलने वालों को रास्ता पार करने का अधिकार होता हैं।** हालांकि पैदल चलने वालों को रास्ता देने का अधिकार (राइट-ऑफ-वे) होता है, लेकिन उनका भी सड़क के नियमों का पालन करना ज़रूरी है। किसी पैदल चलने वाले को अचानक एक पटरी या कोई अन्य सुरक्षित स्थान छोड़कर किसी वाहन के रास्ते में नहीं आ जाना चाहिए क्योंकि इससे एक तत्काल खतरा पैदा होता है। साथ ही, एक पैदल चलने वाले को पारपथ के बीच होते समय बिना किसी कारण के रुकना या ट्रैफ़िक में विलंब पैदा नहीं करना चाहिए।

यदि आप ड्राइविंग करते समय किसी पारपथ के पास पहुंच रहे हैं तो आपका ध्यान देना और गति कम कर लेना ज़रूरी है ताकि पैदल चलने वाले की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। जैसा कि CVC §21950 में उल्लिखित है, आपको पैदल चलने वाले की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रुकना पड़ सकता है।

पारपथों को अक्सर सफ़ेद रेखाओं से चिह्नित किया जाता है। स्कूल पारपथों को पीली रेखाओं से पेंट किया जा सकता है। अक्सर आवासीय क्षेत्रों में पारपथ चिह्नित नहीं किए जाते हैं।

कुछ पारपथों पर आपको यह चेतावनी देने के लिए लाइटें टिमटिमाती रहती हैं कि पैदल चलने वाले पार कर सकते हैं। पैदल चलने वालों पर ग़ौर करें और रुकने के लिए तैयार हो जाएँ, भले ही लाइटें टिमटिमाती हों या न हों।

चौराहे

चौराहा ऐसी कोई भी जगह हो सकती है जहाँ सड़क की एक लाइन दूसरी सड़क से मिलती है। चौराहों में आर-पार जाने वाली सड़कें, बाज़ू की सड़कें, गलियाँ, फ़्री-वे प्रवेश और ऐसी कोई दूसरी जगह शामिल हो सकती है जहाँ विभिन्न हाई-वे या सड़कों पर यात्रा करने वाले वाहन एक दूसरे से मिलते हैं।

चौराहों से ड्राइव करना मोटरचालकों द्वारा सामना की जाने वाली सबसे अधिक जटिल यातायात परिस्थितियों में से एक है। संघीय हाई-वे प्रशासन के अनुसार रिपोर्ट की गई सभी दुर्घटनाओं में से 45% से अधिक चौराहों पर टक्कर होने की वजह और 21% मौत का कारण बनती हैं।

- रुकें (“STOP”) या जाने दें (“YIELD”) संकेतों से रहित चौराहों पर, वाहन को धीमा करें और रुकने के लिए तैयार हो जाएँ। चौराहे पर मौजूद या चौराहे पर प्रवेश करने वाली ट्रैफ़िक और पैदल चलने वालों को रास्ता दें। साथ ही, पहले आने वाले वाहन **या** साइकिल को या आपके साथ ही चौराहे पर पहुँचने वाले दाईं ओर के वाहन या साइकिल को चौराहे पर रास्ता दें।
- बिना रुकें (“STOP”) या जाने दें (“YIELD”) संकेतों वाले “T” चौराहों पर पारगामी सड़क पर ट्रैफ़िक और पैदल चलने वालों को रास्ता दें। उन्हें पार करने का अधिकार हासिल है।
- जब आप बाईं ओर मुड़ते हैं, तो सामने से आने वाले उन सभी वाहनों को निकलने का रास्ता (राइट ऑफ वे) दें जो इतने करीब होते हैं कि खतरनाक हो सकते हैं। साथ ही, मोटरसाइकिल सवारों, साइकिल सवारों और पैदल चलने वालों का भी ध्यान रखें।

  सुरक्षा सुझाव: बाएँ मुड़ने के लिए प्रतीक्षा करते समय, अपने पहियों को आगे सीधी दिशा में रखें जब तक कि आपके मुड़ने के लिए रास्ता सुरक्षित न हो। यदि आपके पहिये बाईं ओर मुड़ी होंगी, और कोई वाहन पीछे से आपके वाहन से टकराता है, तो आपको निकट आने वाले ट्रैफ़िक में धकेला जा सकता है।

- जब आप दाईं ओर मुड़ते हैं, तो उन पैदल चलने वालों पर नज़र रखें जो सड़क पार करना चाहते हैं और वे साइकिल सवार जो आपके साथ चल रहे हैं।
- विभाजित हाई-वे या कई लेन वाले हाई-वे पर, आपके द्वारा पार किए जाने वाले किसी भी लेन के वाहनों पर नज़र रखें। जब सुरक्षित हो, तब केवल बाएँ या दाएँ मुड़ें।
- जब सभी किनारों पर "STOP" का संकेत लगा हो तो पहले रुकें और फिर ऊपर सूचीबद्ध नियमों का पालन करें।
- यदि आपने सड़क के किनारे पार्क किया है या पार्किंग स्थल से बाहर निकल रहे हैं, आदि, तो सड़क पर प्रवेश करने से पहले ट्रैफ़िक को रास्ता दें।

यातायात परिपथ

यातायात परिपथ एक ऐसा चौराहा है जहाँ ट्रैफ़िक केंद्रीय द्वीप के चारों ओर घड़ी की उल्टी दिशा में यात्रा करती है। परिपथ पर प्रवेश करने या निकलने वाले वाहनों द्वारा पैदल चलने वालों सहित सभी ट्रैफ़िक को रास्ता देना चाहिए।

जब आप परिपथ के समीप पहुँचें:

- परिपथ के पास जाते हुए वाहन की गति को धीमी करें।
- सड़क पार करने वाले पैदल यात्रियों और साइकिल सवार को रास्ता दें।
- संकेत और/या फ़ुटपाथ चिह्नों पर ग़ौर करें जो आपको दिशा-निर्देश देती हों या कुछ संचालनों को रोकती हों।
- गोल चक्कर (जब दाईं ओर जा रहे हों) में तब प्रवेश करें जब ट्रैफ़िक में सुरक्षित रूप से मिलने के लिए काफी जगह मौजूद हो।
- घड़ी की उल्टी दिशा में ड्राइव करें। अन्य वाहनों के पास न रुकें या उन्हें पार न करें।
- जब आप लेन बदलें या परिपथ से बाहर आएँ, तो अपने टर्न सिग्नलों का उपयोग करें।
- यदि आप बाहर निकलने का रास्ता खो दें, तो वापस अपने निकास पर पहुँचने तक गोल घूमना जारी रखें।



एकाधिक और एकल लेन परिपथ

एकाधिक लेन सहित परिपथों के लिए, ग्राफ़िक में दर्शाए गए अनुसार अपने गंतव्य के आधार पर अपने प्रवेश या निकास लेन का चयन करें। उदाहरण के लिए, निम्न हेतु:

- चौराहे पर बाएँ मुड़ें (नीली कार), दाईं ओर का लेन चुनें और दाएँ लेन से बाहर निकलें।
- चौराहे से सीधे आगे बढ़ें (लाल कार), कोई भी लेन चुनें, और जिस लेन में आपने प्रवेश किया है वहाँ से बाहर निकलें।
- बाएँ मुड़ें (पीली कार), बायाँ लेन चुनें और बाहर निकलें।

पहाड़ी सड़कों पर

जब 2 वाहन ऐसी ढलान वाली सड़क पर मिलते हैं जहाँ कोई भी वाहन आगे नहीं बढ़ सकता, तो नीचे की ओर मुंह वाले वाहन को पीछे हटते हुए ऊपर की ओर जाने वाले वाहन को पार करने का रास्ता (राइट-ऑफ-वे) देना ज़रूरी है। नीचे की ओर जाने वाले वाहन को पहाड़ी पर पीछे हटते समय अधिक नियंत्रण हासिल होता है।

गति सीमाएँ

कैलिफ़ोर्निया में एक "बुनियादी गति क़ानून" मौजूद है। इस क़ानून का मतलब है कि आप कभी भी वर्तमान स्थितियों के लिए सुरक्षित गति से अधिक तेज़ गति पर ड्राइव नहीं कर सकते। उदाहरण के लिए, यदि आप घने कोहरे के दौरान 55 मील प्रति घंटा की स्पीड ज़ोन में 45 मील प्रति घंटा की गति से ड्राइव कर रहे हैं, तो आपको "स्थितियों के लिए अधिक तेज़" ड्राइव करने हेतु जुर्माना किया जा सकता है।

अंकित गति सीमा का लिहाज़ न करते हुए, आपकी गति निम्न पर आधारित होनी चाहिए:

- सड़क पर मौजूद अन्य वाहनों की संख्या और गति।
- क्या सड़क की सतह चिकनी, खुरदुरी, कंकड़ से भरी, गीली, सूखी, चौड़ी या संकरी है।
- सड़क के किनारे चलने वाले या सड़क पार करने वाले साइकिल सवार या पैदल चलने वाले।
- क्या बारिश हो रही है, कोहरा छाया है, बर्फ़ गिर रही है, हवा चल रही है या धूल भरी है।

अधिकतम गति सीमा

कैलिफ़ोर्निया के अधिकांश हाई-वेज़ पर अधिकतम गति सीमा 65 मील प्रति घंटा है। जहाँ चिह्नित हो वहाँ आप 70 मील प्रति घंटा पर ड्राइव कर सकते हैं। अन्यथा चिह्नित न होने पर, दो लेन वाले अविभाजित हाई-वे पर और ट्रेलर खींचने वाले वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 55 मील प्रति घंटा है।

प्रत्येक इलाक़े में सड़क और ट्रैफ़िक के प्रकार के लिए अन्य गति सीमा संकेत चिह्नित होते हैं। सभी गति सीमाएँ आदर्श ड्राइविंग परिस्थितियों पर आधारित हैं। निर्माण क्षेत्रों में आम तौर पर कम गति वाले इलाक़े मौजूद होते हैं।

अधिक गति आपके रुक जाने के फासले को बढ़ा देती है। जितना तेज़ आप चलाएंगे, उतना ही आपके पास किसी खतरे या टक्कर से बचने के लिए कम समय होगा। 60 मील प्रति घंटा की गति से होनी वाली दुर्घटना का प्रभाव 30 मील प्रति घंटा वाली दुर्घटना से केवल दुगुना नहीं होता; बल्कि 4 गुना अधिक होता है

कम गति

भारी यातायात या ख़राब मौसम

भारी ट्रैफ़िक या ख़राब मौसम होने की स्थिति में आपको धीमी गति में ड्राइव करना चाहिए। हालांकि, यदि आप बहुत धीमे चलाते हुए ट्रैफ़िक के सामान्य और समुचित संचालन को रोकते हैं, तो आपका चालान किया जा सकता है। यदि आप दूसरे ट्रैफ़िक से कम गति पर ड्राइव करना चाहते हैं, तो "नंबर एक लेन" (तेज़ गति वाली लेन) में ड्राइव न करें (पृष्ठ 37 पर "लेन का चयन" अनुभाग देखें)। जब आपके पीछे का कोई दूसरा ड्राइवर आपके बहुत पास हो और तेज़ी से ड्राइव करना चाहता हो, तो हमेशा दाईं ओर की लेन में चले जाएँ।

गाड़ी खींचने वाले वाहन, बसें, या बड़े ट्रक

जब आप कोई वाहन या ट्रेलर खींचते हैं, या बस या 3 या अधिक एक्सेल वाली ट्रक चलाते हैं, तो आपका सबसे दाईं लेन में या धीमी गति वाले वाहनों के लिए विशेष रूप से चिह्नित लेन में ड्राइव करना ज़रूरी है। यदि किसी लेन को चिह्नित नहीं किया गया है और आपकी दिशा में **चार** या अधिक लेन हैं, तो आप केवल सड़क के दाएँ किनारे की पास वाली किन्हीं दो लेनों में ड्राइव कर सकते हैं।

बच्चों के आस-पास

जब किसी स्कूल के 500 से 1,000 फीट के भीतर ड्राइव कर रहे हों जबकि बच्चे स्कूल से बाहर हैं या सड़क पार कर रहे हैं तो अन्यथा कुछ और न लिखा होने पर, गति सीमा 25 मील प्रति घंटा होती है। साथ ही, यदि स्कूल के मैदान के आस-पास बाड़ा न लगा हो और बच्चे बाहर हों, तो वाहन कभी भी 25 मील प्रति घंटा से तेज़ न चलाएँ। कुछ स्कूल ज़ोन में गति सीमा 15 मील प्रति घंटा जितनी कम भी हो सकती है। हमेशा स्कूलों, खेल के मैदानों, पार्कों और आवासीय क्षेत्रों में धीमे और सावधानी से ड्राइव करें क्योंकि बच्चे अचानक सड़क पर आ सकते हैं। साथ ही, कई बच्चों को अभी तेज़ गति से आने वाली कारों के मद्देनज़र गति और दूरी का अंदाज़ा लगाने की क्षमता इतनी विकसित नहीं हुई हो सकती कि वे सुरक्षित रूप से सड़क पार कर सकें।



सभी वाहनों को रुकना चाहिए

स्कूलों के पास, इन पर नज़र रखें:

- साइकिल सवार और पैदल चलने वाले।
- स्कूल द्वारा सुरक्षित रूप से गश्त लगाया जाता है या स्कूल के क्रॉसिंग की रखवाली की जाती है। उनके निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। क्रॉसिंग गार्ड की सुरक्षा के लिए, ड्राइव करके आगे बढ़ने से पहले उन्हें सड़क के किनारे सुरक्षित रूप से हटने दें।
- रुकी हुई स्कूल बसें और सड़क पार करने वाले बच्चे। कुछ स्कूल बसें पीली लाइट टिमटिमाती हैं जबकि वे बच्चों को बस से उतारने के लिए रुकने की तैयारी कर रही होती हैं। यह टिमटिमाती पीली लाइटें आपको गति धीमी करने और रुकने के लिए तैयार रहने की चेतावनी देती है। जब बस लाल लाइटें टिमटिमाती है (बस के ऊपरी सामने और पीछे ऊपर की ओर स्थित), तो आपका दोनों दिशाओं से रुक जाना ज़रूरी होता है जब तक कि बच्चे सुरक्षित रूप से सड़क पार न कर लें और लाइटें टिमटिमाना बंद न हो जाए। क़ानून की अपेक्षा है कि आप तब तक रुके रहें जब तक कि लाल लाइटें टिमटिमा रही हों (CVC §22454)। यदि आप नहीं रुकते हैं, तो आपको $1,000 तक का जुर्माना लग सकता है और 1 वर्ष के लिए आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को निलंबित किया जा सकता है। यदि स्कूल बस किसी विभाजित या एकाधिक लेन (प्रत्येक दिशा में दो या अधिक लेन) वाले हाई-वे के दूसरी ओर हो, तो आपको रुकने की ज़रुरत नहीं हैं।

अंध चौराहे

अंध (ब्लाइंड) चौराहे की गति सीमा 15 मील प्रति घंटा है। किसी चौराहे को तब "अंध (ब्लाइंड)" माना जाता है जब किसी भी कोने में रुकने के संकेत न हों और आप पार करने से पहले अंतिम 100 फ़ीट के दौरान किसी भी दिशा में 100 फ़ीट तक कुछ न देख सकते हों। पेड़, झाड़ियाँ, इमारतें या चौराहे पर पार्क की गई कारें साइड की ओर आपकी दृष्टि को अवरुद्ध कर सकती है। यदि आपकी दृष्टि अवरुद्ध हो, तो तब तक धीमे से आगे बढ़ें जब तक कि आप देख न सकें।

गलियाँ

गली में गति सीमा 15 मील प्रति घंटा है।

रेल पटरियों के पास

रेल पटरियों को पार करने वाली जगह पर 100 फ़ीट तक गति सीमा 15 मील प्रति घंटा है जहाँ आप दोनों दिशाओं में 400 फ़ीट तक पटरियों को देख नहीं पाते हैं। यदि क्रॉसिंग किसी फ़ाटक, चेतावनी सिग्नल, या फ़्लैग मैन द्वारा नियंत्रित हो, तो आप 15 मील प्रति घंटा से अधिक तेज़ गाड़ी चला सकते हैं।

रेल मार्ग या ट्रेन क्रॉसिंग पर:



- दोनों दिशाओं में देखें और ट्रेन की आवाज़ सुनने की कोशिश करें। कई क्रॉसिंग पर एकाधिक पटरियाँ होती हैं; इसलिए, यदि आवश्यक हो, तो क्रॉसिंग से पहले रुकने के लिए तैयार रहें। केवल नामित क्रॉसिंग पर और जब ऐसा करना सुरक्षित हो, रेल पटरियों को पार करें।

- किसी भी पटरी पर, किसी भी समय और किसी भी दिशा में ट्रेन के आने की अपेक्षा करें। यदि पटरियाँ पार करने के बाद आपको रुकने की ज़रूरत हो, तो आगे बढ़ने से पहले पटरियों को पूरी तरह पार करने तक इंतज़ार करें। सुनिश्चित करें कि आपका वाहन आपके रुकने से पहले पटरियों से बाहर उतर चुका है।
- रेल पटरियों पर कभी भी न रुकें। याद रखें कि ट्रेन तेज़ी से रुक या रास्ता मोड़ नहीं सकता है। यदि आप पटरियों पर हैं, तो आपको चोट या मौत का जोखिम है।
- ऐसे वाहनों पर नज़र रखें जिन्हें ट्रेन पटरियों को पार करने से पहले रुकना चाहिए। इन वाहनों में बसें, स्कूल बसें, और ख़तरनाक सामग्री का परिवहन करने वाली ट्रकें शामिल हैं।
- याद रखें कि चमकती हुई लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों का मतलब है STOP! जब क्रॉसिंग उपकरण सक्रिय हो या कोई व्यक्ति ट्रेन के आने की चेतावनी दे रहा हो तब निकटतम रेल की पटरी से कम से कम 15 फ़ीट और ज़्यादा से ज़्यादा 50 फ़ीट की दूरी पर रुकें। यदि आप ट्रेन को आता हुआ देखते हैं या आने वाली ट्रेन की सीटी, हॉर्न या घंटी को सुनते हैं, तो रुक जाएँ।
- नीचे जा रहे फ़ाटकों या नीचे हो चुके फ़ाटकों के नीचे से **न** जाएँ। चमकती लाल चेतावनी लाइटें सूचित करती है कि आपका रुकना और इंतज़ार करना ज़रूरी है। फ़ाटक के खुलने के बाद भी, रेलरोड ट्रैक तब तक पार न करें जब तक कि लाल लाइटें चमकना बन्द न कर दें। यदि फ़ाटकों को नीचे किया हुआ है और आप आने वाली ट्रेन को देख नहीं पाते हैं, तो चिह्नित रेलरोड एमरजैंसी टोल-फ़्री नंबर पर या 9-1-1 को फ़ोन करें। अपने स्थान का विस्तृत वर्णन करने के लिए तैयार रहें।

लाइट रेल ट्रांज़िट वाहन क्रॉसिंग

लाइट रेल ट्रांज़िट वाहन क्रॉसिंग के लिए ट्रेन क्रॉसिंग के समान ही नियम लागू होती हैं। पटरियों को पार करने के लिए तब तक आगे न बढ़ें जब तक कि आप दोनों दिशाओं में स्पष्ट रूप से देख सकें और आश्वस्त हों कि कोई लाइट रेल ट्रांज़िट वाहन या ट्रेन नहीं आ रही है। नीचे झुकाए गए किसी फ़ाटक के चारों और या नीचे से न जाएँ।

ध्यान दें: लाइट ट्रांज़िट वाहन ट्रेन की तुलना में बहुत शांत और बहुत तेज़ी से गतिशील होते हैं।

स्ट्रीटकार, ट्रॉलियों या बसों के समीप

पार करने की गति सीमा, जब पार करना सुरक्षित हो, तो 10 मील प्रति घंटा से अधिक नहीं होती। यह गति सीमा एक सुरक्षा ज़ोन या ऐसे चौराहे पर लागू होती है जहाँ स्ट्रीटकार, ट्रॉली, या बस रुकी हो और किसी शांति अधिकारी या ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट द्वारा यातायात को नियंत्रित किया जाता है। सुरक्षित ज़ोन सड़क पर उभरे बटनों या मार्करों द्वारा चिह्नित होते हैं और पैदल चलने वालों के लिए निर्धारित किए जाते हैं। आप अक्सर सुरक्षा ज़ोन्स को ऐसे इलाकों में देखेंगे जहाँ स्ट्रीट कार या ट्रॉली तथा वाहन सड़कों को साझा करते हैं।

व्यावसायिक या आवासीय जिल

गति सीमा 25 मील प्रति घंटा है, बशर्ते कि अन्यथा चिह्नित न हो।

पशुओं के पास

यदि आप एक जानवर की तस्वीर वाला एक संकेत देखते हैं (उदाहरण देखें), तो सड़क पर या सड़क के पास संभावित जानवरों के लिए ध्यान रखें। यदि आप पशुओं या जानवरों को सड़क के पास देखते हैं, तो गति धीमी करें और ध्यान से आगे बढ़ें। पशुओं को नियंत्रित करने वाले व्यक्ति के दिशा-निर्देशों का पालन कना सुनिश्चित करें। यदि आप किसी आवारा पशु को अपने रास्ते में देखते हैं, तो गति धीमी करें या रुक जाएँ, अगर ऐसा करना सुरक्षित हो। एकदम मोड़ने की कोशिश न करें क्योंकि आप अपने वाहन पर नियंत्रण गंवा सकते हैं और इससे दुर्घटना हो सकती है। जानवरों के द्वारा होने वाली अचानक हलचलों के लिए ध्यान रखें क्योंकि वे अप्रत्याशित होते है और सड़क पर भाग सकते हैं।

दृश्यात्मक (VISUAL) खोज

स्कैनिंग

अपने आस-पास स्कैन करने (आँखें घुमाते हुए देखना) में अपने वाहन के आस-पास सुरक्षित दूरी बनाए रखना शामिल है। जब दूसरा कोई ड्राइवर ग़लती करता है, तो आपको प्रतिक्रिया करने के लिए समय की ज़रूरत होती है। अपने वाहन के चारों ओर यह पर्याप्त जगह छोड़ते हुए स्वयं को यह प्रतिक्रिया करने का समय उपलब्ध कराएँ। यह पर्याप्त जगह रहने से आपको जरूरत पड़ने पर ब्रेक लगाने या मोड़ने के लिए जगह मिल जाएगी।

आगे क्या है जानें

अंतिम पलों की गतिविधियों से बचने के लिए, आपके वाहन के आगे वाली सड़क को 10-15 सेकेंड स्कैन करें ताकि आप ख़तरों को पहले से देख सकें। अपने वाहन के आगे वाली सड़क को निरंतर घूरना ख़तरनाक हो सकता है। जब आप आगे स्कैन कर रहे हों, तो अपने आस-पास के वाहनों के प्रति चौकन्ना रहें।



हरा वाहन किस दिशा में आगे बढ़ रहा है?

अपने शीशों का इस्तेमाल करें। जानें कि आपके पीछे क्या है ताकि आप आगे के लिए तैयार हो सकें। आपके और आगे वाले वाहन के बीच पर्याप्त जगह छोड़ें ताकि आपको प्रतिक्रिया करने का समय मिल सकें।

पूरे दृश्य पर ध्यान दें-यदि आप केवल सड़क के बीच पर ग़ौर करते हैं, तो आप सड़क के किनारे या आपके पीछे घटित होने वाले दृश्य को चूक जाएँगे। स्कैनिंग से आपको निम्न पर ग़ौर करने में मदद मिलती है:

- कार, मोटरसाइकिल, और लोग जो आपके वहाँ पहुँचने तक सड़क पर हो सकते हैं।
- आगे की समस्याओं की चेतावनी देने वाले संकेत।
- आपकी दिशा निर्देशित करने वाले संकेत।

आपकी दिशा निर्देशित करने वाले संकेत।

लेनें बदलने से पहले, अपने आस-पास के वाहनों पर रियर व्यू मिरर में नज़र रखें और साथ ही अंध बिंदु (ब्लाइंड स्पॉटों) की जाँच करने के लिए अपने कंधे के ऊपर से देखें। अंध बिंदु (ब्लाइंड स्पॉट) किसी मोटरसाइकिल चालक, वाहन या साइकिल सवार को छिपा सकते हैं। अभी घटित होने वाली चीज़ों पर नज़र रखें, जैसे कि गेंद का सड़क पर लुढ़कना या किसी वाहन के दरवाज़े का खुलना।

ख़तरों पर नज़र रखना-अपने आगे के वाहन से परे नज़र डालें। "स्थिर दृष्टि" विकसित न करें। स्कैन करते रहें। हर 2-5 सेकेंड में अपने रियर व्यू मिरर में देखें ताकि आपको अपने आस-पास वाले वाहनों की स्थिति की जानकारी हो।

फ़्री-वे पर, ट्रैफ़िक की स्थिति में बदलाव के लिए तैयार रहें। अन्य ड्राइवरों के संकेतों पर ग़ौर करें। ढलान तथा इंटरचेंज पर वाहनों के मिलने की अपेक्षा करें। सड़क की स्थिति और ट्रैफ़िक प्रवाह में तेज़ी से बदलाव के लिए तैयार रहें। जानें कि किस लेन में रास्ता साफ़ है ताकि ज़रूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें।

टेलगेटर न बनें! कई ड्राइवर किसी वाहन का बहुत कम फ़ासले पर अनुसरण (टेलगेट) करते हैं और आगे देख पाने में असमर्थ होते हैं क्योंकि सामने वाला वाहन उनके दृश्य को अवरुद्ध करता है।

आप अपने और आगे वाले वाहन के बीच जितनी ज़्यादा जगह रखेंगे, उतना ही आपके पास ख़तरे को देखने और रुकने या ख़तरे से बचने के लिए ज़्यादा समय रहेगा।

अगर कोई दूसरा वाहन आपके सामने से रास्ता काटता है, तो अपना पैर गैस से हटा लें। इससे अपने वाहन की ब्रेक लगाए बिना या दूसरे लेन में मुड़े बिना आपको अपने वाहन तथा दूसरे वाहन के बीच जगह मिल जाती है।

पीछे से होने वाली अधिकांश टक्करें टेलगेटिंग के कारण ही होती हैं। टेलगेटिंग से बचने के लिए, "3-सेकंड के नियम" का पालन करें": जब आपके आगे वाला वाहन किसी विशिष्ट बिंदु जैसे कि संकेतपट्ट को पार करता है, तो गिनें "एक-हज़ार-एक, एक-हज़ार-दो, एक-हज़ार-तीन।" इसमें लगभग 3 सेकेंड लगते हैं। यदि आप गिनती पूरी करने से पहले उसी बिंदु पर पहुँच जाते हैं, तो आप बहुत नज़दीक गाड़ी चला रहे हैं।

आपको 4-सेंकेंड या अधिक की गुंजाइश रखनी होगी, जब:

- एक टेलगेटर आपके पीछे हो। आगे अतिरिक्त जगह छोड़ें और अचानक ब्रेक न लगाएँ। धीरे-धीरे गति कम करें या पीछे से टेलगेटर द्वारा टक्कर मारने से बचने के लिए दूसरी लेन में मिल जाएँ!
- फिसलन वाली सड़कों पर ड्राइव करना।
- गीली या बर्फीली सड़कों पर, धातु की सड़कों पर (जैसे कि, पुल की सलाखें, रेल पटरियाँ, आदि) और कंकड़-बजरी पर मोटरसाइकिल चालकों के पीछे चलाना। मोटरसाइकिल चालक इन सतहों पर बड़ी आसानी से गिर सकते हैं।
- आपके पीछे वाला ड्राइवर पार करना चाहता होगा। अपने वाहन के सामने जगह छोड़ें ताकि ड्राइवर को आपके आगे जाने के लिए जगह हो।
- ट्रेलर को खींचना या भारी वज़न ले जाना। अतिरिक्त वज़न रोकना मुश्किल कर सकता है।
- सामने आपके दृश्य को अवरुद्ध करने वाले वाहनों का अनुसरण करना। अतिरिक्त जगह आपको वाहन के आस-पास देखने का मौक़ा देती है।
- आप रेल पटरियों पर एक बस, स्कूल बस, या विज्ञापन वाले वाहन देखते हैं। इन वाहनों को रेलमार्ग के क्रॉसिंग पर रुकना ज़रूरी है।
- फ़्री-वे में मिल जाना।

आपके बग़ल में क्या है जानें

कभी भी जब आप किसी ऐसी जगह पर आएँ जहाँ लोग आपका रास्ता काट सकते या आपके रास्ते में प्रवेश कर सकते हैं **या** ट्रैफ़िक की एक लाइन दूसरे में मिल सकती है, तो आपको यह सुनिश्चित करने के लिए अपने वाहन की बाईं और दाईं ओर देखना चाहिए कि कोई और नहीं आ रहा है। चौराहों, पारपथों और रेलवे क्रॉसिंग पर हमेशा अपने वाहन के दोनों ओर देखें।

चौराहे पर:

- दोनों दिशाओं में देखें भले ही दूसरे ट्रैफ़िक की एक लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट हो या रुकने का संकेत हो।

- पहले बाईं ओर देखें, क्योंकि बाईं ओर से आने वाले वाहन दाईं ओर से आने वाले वाहन की तुलना में आपके बहुत समीप हैं।
- दाईं ओर देखें।
- दाईं ओर एक बार फिर देखें क्योंकि संभव है कोई वाहन या पैदल चलने वाला हो, जिसे आप पहली बार देख नहीं पाए।

- ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों पर निर्भर न करें। कुछ ड्राइवर ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों का पालन नहीं करते हैं। इससे पहले कि आप एक चौराहे में प्रवेश करें, पहले बाएँ, दाएँ और सामने से आने वाले ट्रैफ़िक को देखें।

अपने वाहन की प्रत्येक दिशा में ख़ाली जगह बनाए रखने के लिए:

- किसी और ड्राइवर के अंध बिंदु या ब्लाइंड स्पॉट पर बने न रहें। संभव है दूसरा ड्राइवर आपके वाहन को न देखे और लेन बदल ले तथा आपसे टकरा जाए।
- विपरीत दिशा में ट्रैफ़िक सहित या रहित, अनेक लेन वाली सड़कों पर किसी अन्य वाहन के ठीक बग़ल में ड्राइव करने से बचें। दूसरा ड्राइवर आपकी लेन में भीड़ बढ़ा सकता है या बिना देखे लेन बदल सकता है और आपसे टकरा सकता है। दूसरे वाहन से आगे या पीछे ड्राइव करें।
- यदि संभव हो और जब सुरक्षित हो, आपको भले ही अपनी राह चलने का अधिकार हो, तब भी फ़्री-वे में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए जगह दें।
- फ़्री-वे निकास पर, अन्य वाहनों की बग़ल में ड्राइव न करें। कोई ड्राइवर अचानक बाहर निकलने या फ़्री-वे पर वापस जाने का निर्णय ले सकता है।
- अपने वाहन और पार्क किये गये वाहनों के बीच जगह बनाए रखें। कोई उनके बीच से बाहर निकल सकता है, किसी वाहन का दरवाज़ा खुल सकता है, या अचानक कोई वाहन बाहर निकल सकता है।
- मोटरसाइकिल चालकों या साइकिल सवार के निकट ड्राइव करते समय सावधान रहें। अपने वाहन और किसी मोटरसाइकिल या साइकिल सवार के बीच हमेशा काफ़ी जगह छोड़ें।

आपके पीछे क्या है जानें

निम्न से पहले आपके पीछे क्या है यह जाँचना अत्यंत महत्वपूर्ण है:

- लेन बदलना। यह सुनिश्चित करने के लिए अपने कंधे से ऊपर देखें कि आप जिस लेन में प्रवेश करना चाहते हैं वहाँ आप वाहनों के रास्ते में नहीं आ रहे हैं।
- अपनी गाड़ी की गति घटा दें। अपने शीशों पर तेज़ी से एक नज़र डालें। साथ ही, जब आप बग़ल वाली किसी सड़क या ड्राइव-वे पर मुड़ने की तैयारी कर रहे हों और जब आप किसी पार्किंग स्थल में जाने के लिए रुकने जा रहे हों, तो अपने शीशों में देख लें।
- लंबी या ढलान वाली पहाड़ी से नीचे ड्राइव करना। बड़े वाहनों पर नज़र रखें क्योंकि वे बहुत तेज़ी से गति बढ़ा सकते हैं।
- पीछे हटना। पीछे हटना हमेशा ख़तरनाक होता है क्योंकि आपके लिए अपने वाहन के पीछे देखना मुश्किल होता है। जब आप पार्किंग स्पेस से बाहर पलट रहे हों:
  - अंदर जाने से पहले वाहन के आगे और पीछे जाँच करें।
  - जानें कि आपके बच्चे कहाँ हैं। अपना वाहन निकालने से पहले सुनिश्चित करें कि वे वाहन से दूर और नज़रों के सामने हैं।
  - यदि अन्य बच्चे पास हैं, तो पीछे पलटाने से पहले सुनिश्चित करें कि आप उन्हें देख सकते हैं।
  - केवल अपने मिरर या बाज़ू की खिड़की से बाहर देखने पर निर्भर न करें।

- पीछे गाड़ी लाना शुरू करने से पहले मुड़ें और अपने दाईं और बाईं ओर कंधे के ऊपर से देखें। साथ ही, सुरक्षा उपाय के रूप में, पीछे पलटते समय दुबारा कंधे के ऊपर से दाईं और बाईं ओर देखें।
- टकराने से बचने के लिए धीमे पलटाएँ।

यह जानने के लिए अक्सर अपने पीछे की ट्रैफ़िक को देखते रहें कि आप टेलगेटेड तो नहीं हैं (कोई और ड्राइवर बहुत ही नज़दीक से अनुसरण कर रहा है)। यदि कोई आपका अनुसरण कर रहा है, तो सावधान रहें! रुकने से पहले धीरे से ब्रेक लगाएँ। अपने टेलगेटर को यह चेतावनी देने के लिए हल्के से कई बार अपने ब्रेक को टैप करें कि आप गति कम करने वाले हैं।

जितनी जल्दी हो सके टेलगेटर से "पीछा छुड़ाएँ"। लेनें बदलें और टेलगेटर को अपने से आगे जाने दें, या गति धीमी करें और आपके तथा आपके आगे वाली कार के बीच पर्याप्त स्थान बनाए रखें। यदि इससे काम नहीं बनता है, तो जब सुरक्षित हो सड़क से हट जाएँ और टेलगेटर को आगे निकल जाने दें।

आप कितनी अच्छी तरह रोक सकते हैं?

यदि आपके रास्ते में कोई चीज़ हो, तो आपको रुकने के लिए समय पर उसे देखने की ज़रूरत है। यह मानते हुए कि आपके पास अच्छे टायर, अच्छे ब्रेक और सूखा फ़ुटपाथ है:

- 55 मील प्रति घंटा की गति से प्रतिक्रिया करने और वाहन को पूरी तरह रोकने के लिए लगभग 400 फ़ीट लगता है।
- 35 मील प्रति घंटा की गति से प्रतिक्रिया करने और वाहन को पूरी तरह रोकने के लिए लगभग 210 फ़ीट लगता है।

अपनी ड्राइविंग गति को मौसम और सड़क की हालत के अनुरूप समायोजित करें (पृष्ठ 30 पर "गति सीमाएँ" अनुभाग में "बुनियादी स्पीड क़ानून" को देखें)। यदि आपको अपने आगे कम से कम 1000 फ़ीट दूर तक देखने में मुश्किल हो रही हो या कुछ दिखाई न दे, तो दिन में अपनी लाइटें चालू कर लें।

लेन नियंत्रण

लेन मार्किंग के उदाहरण



(1) ठोस पीली लाइन: यदि ठोस पीली लाइन आपके बग़ल में हो, तो कोई गुजर नहीं सकता है।

(2) डबल ठोस लाइनें: पार न करें।

(3) टूटी हुई पीली लाइन: यदि सुरक्षित रूप से गतिशील हो सकते हैं, तो पार कर सकते हैं।

लाइन के रंग

ठोस पीली लाइनें दो-तरफ़ा ट्रैफ़िक के लिए प्रयुक्त सड़क के बीच को चिह्नित करती हैं।

टूटी पीली लाइनें सूचित करती हैं कि यदि टूटी लाइन आपके ड्राइविंग लेन के बग़ल में हो, तो आप पार कर सकते हैं।

दो ठोस पीली लाइनें सूचित करती हैं कि पार नहीं किया जा सकता है। इन लाइनों के बाईं ओर कभी ड्राइव न करें बशर्ते कि आप:

- कारपूल लेन/उच्च रिहाइशी वाहन (HOV) लेन में हैं जिसमें बाईं ओर नामित प्रवेश मार्ग मौजूद है।
- निर्माण या अन्य संकेतों द्वारा सड़क के दूसरी ओर ड्राइव करने का अनुदेश दिया गया है क्योंकि आपकी ओर की सड़क बंद या अवरुद्ध है।

आप किसी ड्राइव-वे में प्रवेश करने या बाहर निकलने के लिए डबल पीली लाइनों के सिंगल सेट के आर-पार बाईं ओर मुड़ सकते हैं, यू-टर्न ले सकते हैं या निजी सड़क पर अंदर या बाहर आ-जा सकते हैं।

ठोस दो पीली लाइनों के दो सेट जिनके बीच 2 फीट या अधिक की दूरी हो, को एक बाधक माना जाता है। इस बाधक पर या इसके ऊपर कभी ड्राइव न करें, बाईं ओर न मुड़ें या इसके ऊपर से एक यू-टर्न न लें, सिवाय निर्दिष्ट जगहों के (चित्र को देखें)।



ठोस सफ़ेद लाइनें एक ही दिशा में जाने वाले ट्रैफ़िक लेन को चिह्नित करती हैं, जैसे की एक-तरफ़ा गलियाँ।

टूटी सफ़ेद लाइनें सड़कों पर एक ही दिशा में दो या अधिक लेन के साथ ट्रैफ़िक लेनों को अलग करती हैं।

ठोस सफ़ेद लाइनें वे दो ठोस सफ़ेद लाइनें होती हैं जो एक नियमित उपयोग और एक वरीयता प्राप्त उपयोग लेन के बीच बाधक लेन को प्रदर्शित करती हैं, जैसे कि कारपूल/HOV लेन। इन लेनों में रहते हुए कभी लेन न बदलें; सिंगल टूटी सफ़ेद लाइन के आने तक इंतज़ार करें। आप इन समानांतर लाइनों को फ़्री-वे में या उसके पास और ऑफ-रैम्प देख सकते हैं।

लेन का चयन

ट्रैफ़िक लेन को अक्सर संख्या से संदर्भित किया जाता है। बाईं या "तेज़" लेन "नंबर 1 लेन" कहलाती है। "नंबर 1 लेन" के दाईं ओर का लेन "नंबर 2 लेन," उसके बाद का "नंबर 3 लेन," आदि कहलाती हैं।

अंकित ट्रैफ़िक लेन का उदाहरण

ट्रैफ़िक के सुगम प्रवाह के साथ लेन में ड्राइव करें। यदि आपको तीन लेनों में किसी को चुनने का मौक़ा मिले, तो सुगम ड्राइविंग के लिए बीच वाली लेन को चुनें। तेज़ी से गाड़ी चलाने, पार करने, या बाएँ मुड़ने के लिए, बाईं लेन का उपयोग करें। जब आप धीमे ड्राइव करना या सड़क में प्रवेश करना या मुड़ना चाहते हैं, तो दाईं लेन का उपयोग करें।

यदि आपकी दिशा में केवल दो लेन हों, तो सुगमता से ड्राइव करने के लिए दाएँ लेन को चुनें।

ट्रैफ़िक में गाड़ी को टेढ़ा-मेढ़ा न चलाएँ। जहाँ तक संभव हो, एक ही लेन में बने रहें। जब चौराहे से गुज़रना शुरू करें, तो आगे बढ़ते रहें। यदि आप गाड़ी मोड़ने लगें, तो पूरी तरह मोड़ कर आगे बढ़ें। अंतिम मिनट के बदलाव से टक्कर हो सकती है। यदि आप कोई मोड़ चूक जाते हैं, तो सुरक्षित और वैध मोड़ पर पलटने तक चलाते रहें।

लेन बदलना

लेन बदलने में शामिल हैं:

- एक लेन से दूसरे में गतिशील होना।
- ऑन-रैम्प से फ़्री-वे में प्रवेश करना।
- पटरी या ढलान से सड़क पर प्रवेश करना।

लेन बदलने से पहले, संकेत दें, अपने सभी मिरर में देखें, और:

- अपने पीछे और बग़ल वाली ट्रैफ़िक पर ग़ौर करें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए अपने बाएँ या दाएँ कंधे के ऊपर से नज़र डालें कि आप जो लेन चाहते हैं वह ख़ाली है।
- अपने अंध बिंदु या ब्लाइंड स्पॉट में वाहनों, मोटरसाइकिल चालकों और साइकिल ट्रैफ़िक की जाँच करें।
- सुनिश्चित करें कि अगली लेन में आपके वाहन के लिए पर्याप्त जगह है।

लेन पार करना

पार करने से पहले, आगे सड़क की हालत और ट्रैफ़िक पर ग़ौर करें जिसके कारण अन्य वाहन आपके लेन में दाखिल हो सकते हैं।

आगे निकलने के लिए कभी भी सड़क के पक्के या मुख्य रूप से सफ़र किए जाने वाले भाग से नीचे या ढलान पर न उतरें। सड़क के मुख्य रूप से सफ़र किए जाने वाले भाग के किनारे को सड़क की सतह पर सफ़ेद लाइन से पेंट किया गया हो सकता है। चौराहे, रेलवे क्रॉसिंग और शॉपिंग सेंटर के प्रवेश द्वारों पर अन्य वाहनों से आगे निकलना ख़तरनाक होता है।

ट्रैफ़िक को बाईं ओर से पार करें। आप दाईं ओर केवल निम्न स्थितियों में पार कर सकते हैं:

- जब खुले हाई-वे पर आपकी दिशा में यात्रा के लिए दो या अनेक लेन को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया गया हो।
- आपके सामने वाला ड्राइवर बाएँ मुड़ रहा हो और आप पार करने के लिए सड़क से बाहर नहीं उतरते हैं। यदि ड्राइवर बाएँ मुड़ने का संकेत दे रहा हो तो बाएँ से कभी आगे न बढ़ें।

कारपूल / उच्च रिहाइशी वाहन (HOV) लेन

HOV लेन एक विशेष लेन होती है जिसका केवल कारपूल, बसों, मोटरसाइकिलों, या डीकैल्ड कम उत्सर्जन वाले वाहनों के लिए उपयोग किया जाता है। यदि आपके वाहन में कारपूल लेन के लिए निर्धारित न्यूनतम लोगों की संख्या हों, या आप DMV द्वारा जारी विशेष डीकैल प्रदर्शित करने वाला कम उत्सर्जक वाहन चला रहे हैं, तो आप एक कारपूल/HOV लेन या ऑन-रैम्प का इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप एक कम उत्सर्जन वाला और/या हाईब्रिड वाहन चला रहे हैं, तो आपको उच्च रिहाइशी टोल (HOT) लेनों में सभी टोल शुल्कों से छूट दी जा सकती है। जब तक कि अन्यथा न लिखा गया हों, मोटरसाइकिल चालक नामित कारपूल/HOV लेनों का उपयोग कर सकते हैं।

ऑन-रैम्प या फ़्री-वे के पास वाले संकेत पट्ट आपको कारपूल/HOV लेन(नों) के लिए अपेक्षित प्रति वाहन व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या बताते हैं। इन संकेत पट्टों में सप्ताह के उन दिनों और घंटों को भी सूचीबद्ध किया जाता है जब कारपूल/HOV अपेक्षा लागू होती हैं। इस लेन में सड़क पर एक डायमंड का चिन्ह और शब्द "कारपूल लेन" चिह्नित होता है। ये लेनें उच्च-रिहायशी वाहन (HOV) लेन के नाम से भी जानी जाती हैं। नामित प्रवेश या निकास स्थानों के अतिरिक्त, किसी कारपूल/HOV लेन में प्रवेश करने या बाहर निकलने के लिए दोहरी समानांतर ठोस लाइनों को पार न करें।

सेंटर लेफ़्ट-टर्न लेन

एक मध्य की बाईं लेन एक दो-तरफ़ा सड़क के बीच स्थित होती है और इसे दोनों ओर दो पेंट की गई लाइनों से चिह्नित किया जाता है। अंदरूनी लाइन टूटी होती है और बाहर वाली ठोस होती है। यदि किसी सड़क पर एक मध्य की दाईं लेन हो, तो आपका उसे बाएँ मुड़ने की तैयारी या मुड़ने के लिए, या अनुमत यू-टर्न की तैयारी या यू-टर्न लेने के लिए उपयोग में लाना ज़रूरी है (CVC §21460.5 (c))। आप मध्य की दाईं लेन में केवल 200 फ़ीट तक ही ड्राइव कर सकते हैं। यह एक नियमित ट्रैफ़िक लेन या पासिंग लेन नहीं है। इस लेन से बाएँ मुड़ने के लिए, सिग्नल दें, अपने कन्धे के ऊपर से देखें, और मध्य की दाईं लेन के भीतर पूरी तरह ड्राइव करें। आपके वाहन का

पिछला हिस्सा ट्रैफ़िक को अवरुद्ध करते हुए न रुकें। सुनिश्चित करें कि लेन दोनों दिशाओं में खाली है और फिर केवल सुरक्षित रहने पर ही मुड़ें। उसी लेन में आपकी ओर आने वाले वाहनों को देखें, जो बाएँ मुड़ने की तैयारी कर रहे हों।

बाज़ू की गली या ड्राइव-वे से बाएँ मुड़ते समय, संकेत दें और सुरक्षित स्थिति बनने तक प्रतीक्षा करें। फिर आप सेंटर लेफ़्ट टर्न लेन में ड्राइव कर सकते हैं। ट्रैफ़िक में केवल तब प्रवेश करें जब सुरक्षित हो।

टर्नआउट एरिया और लेन

दो-लेन वाली सड़कों पर कभी-कभी विशेष "टर्नआउट" क्षेत्र चिह्नित किए जाते हैं। अपने पीछे आने वाली कारों को पार करने की अनुमति देने हेतु इन क्षेत्रों में ड्राइव करें।

SLOWER TRAFFIC USE TURNOUTS

कुछ दो-लेन वाली सड़कों पर पासिंग लेनें होती हैं। यदि आप एक दो-लेन वाले हाई-वे या सड़क पर धीमे ड्राइव कर रहे हैं, जहाँ आगे निकलना असुरक्षित है, और 5 या अधिक वाहन आपके पीछे आ रहे हैं, तो आपका वाहनों को पार करने देने के लिए टर्नआउट एरिया या लेन में ड्राइव करना **ज़रूरी** है।

लेन का अंत चिह्न

फ़्री-वे लेन, और साथ ही, कुछ सिटी स्ट्रीट लेन, जो समाप्त हो रही हों सामान्यतः फ़ुटपाथ पर बड़े टूटे लाइनों द्वारा पेंट किए जाते हैं। यदि आप इन टूटी लाइनों द्वारा चिह्नित लेन में ड्राइव कर रहे हैं, तो फ़्री-वे से बाहर निकलने या लेन के अंत के लिए तैयार रहें। उस चिह्न को ढूँढ़ें जो आपको बाहर निकलने या मिल जाने, आदि को सूचित करता हो।

साझा सड़क साइकिल चिह्न (शैरोज़)

शैरोज़ उन लेनों को सूचित करने के लिए प्रयुक्त होते हैं जिन्हें साइकिल सवार क़ानूनन उपयोग में ला सकते हैं।

शैरोज़ साइकिल सवारों को एक साझा सड़क पर स्थिति निर्धारण में मदद देने के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं। वे मोटरचालकों को भी उस स्थान के बारे में अलर्ट करते हैं जो कि साइकिल सवार, यात्रा की दूरी के अंदर प्रयोग कर सकते हैं।

साइकिल लेन

साइकिल लेन साइकिल चलाने वालों के लिए **नामित ट्रैफ़िक लेन** है, जिसे ठोस सफ़ेद लाइन से चिह्नित किया जाता है, जो आम तौर पर कोने तक पहुँचने से पहले बिंदुओं वाली लाइन में टूटने लगता है। सड़क का किनारा दर्शाने वाली साधारण सफ़ेद लाइन से अलग, साइकिल लेन विशिष्ट चौड़ाई की अपेक्षाओं का अनुसरण करती है और स्पष्ट रूप से बाइक लेन के रूप से चिह्नित होती है।

- साइकिल लेन के साथ अन्य ट्रैफ़िक लेन के समान ही व्यवहार करें।
- लेन में न मुड़ें यदि बाइक लेन में कोई साइकिल सवार हो।
- साइकिल वाली लेन जो कि सुरक्षित साइकिल रास्ता के लिए, जो आम तौर पर 3 से 4 फ़ीट होता है, की चौड़ाई घटाते हुए साइकिल वाली ट्रैफ़िक में बाधा न डालें।

जब आप कोने या दूसरे ड्राइव-वे प्रवेश स्थल से 200 फ़ीट के भीतर से दाएँ मुड़ रहे हों तो आपका साइकिल लेन में यह सुनिश्चित करने के बाद ही प्रवेश करना ज़रूरी है कि कोई साइकिल ट्रैफ़िक नहीं है, और फिर टर्न लेना चाहिए। किसी दूसरे समय साइकिल लेन में ड्राइव न करें।

यदि आपका वाहन किसी साइकिल वाले को अवरुद्ध नहीं करता है और/या वहाँ कोई "नो पार्किंग" संकेत नहीं लगा है, तो आप साइकिल लेन में पार्क कर सकते हैं।

मोटरीकृत साइकिल के ड्राइवरों को साइकिल लेन का सावधानी से उपयोग करना चाहिए ताकि साइकिल सवारों से न टकरा जाए।

मोड़ या टर्न

बाएँ मुड़ना-बाएँ मुड़ने के लिए, बीच वाले डिवाइडर लाइन या लेफ़्ट टर्न लेन के समीप तक ड्राइव करें। मुड़ने से लगभग 100 फ़ीट पहले संकेत देना शुरू करें। अपने बाएँ कंधे से ऊपर देखें और अपनी गति कम करें। सीमा रेखा से पहले रुक जाएँ। पहले बाएँ, फिर दाएँ, फिर दुबारा बाएँ देखें और सुरक्षित स्थिति में टर्न लें। जब आप बाएँ मुड़ें, तो जल्दी न मोड़ें और आपकी दिशा में आने वाले वाहनों की लेन में "शॉर्ट कट" न लें।

बाएँ मुड़ने का उदाहरण

सुरक्षा सुझाव: बाएँ मुड़ने के लिए प्रतीक्षा करते समय, अपने पहियों को आगे सीधी दिशा में रखें जब तक कि आपके मुड़ने के लिए रास्ता सुरक्षित न हो। यदि आपके पहिये बाईं ओर मुड़ी हों और कोई वाहन पीछे से आपके वाहन से टकराता है, तो आपको निकट आने वाले ट्रैफ़िक में धकेला जा सकता है।

किसी लाल बत्ती के विपरीत लेफ़्ट टर्न केवल एक-तरफ़ा सड़क से एक-तरफ़ा सड़क के लिए किया जा सकता है। संकेत दें और चिह्नित सीमा रेखा पर लाल ट्रैफ़िक लाइट के लिए रुक जाएँ। यदि कोई सीमा रेखा न हो, तो पारपथ में प्रवेश करने से पहले रुक जाएँ। यदि कोई पारपथ न हो, तो चौराहे में प्रवेश करने से पहले रुक जाएँ। आप बाएँ जाने वाली, एक-तरफ़ा सड़क पर बाईं ओर मुड़ सकते हैं यदि वहाँ टर्न लेने की मनाही वाला कोई संकेत पट्ट न हो। गतिशील पैदल चलने वालों, साइकिल सवार या अन्य वाहनों को उनकी हरी बत्ती पर रास्ता दें।

दाएँ मुड़ना-राइट टर्न लेने के लिए, सड़क के दाएँ किनारे के नज़दीक ड्राइव करें। यदि कोई बाइक लेन हो, तो टर्न लेने से पहले बाइक लेन में 200 फ़ीट की दूरी से अधिक ड्राइव न करें। आपके वाहन और पटरी के बीच उतरने वाले साइकिल सवार या मोटरसाइकिल चालकों पर नज़र रखें।

मुड़ने से लगभग 100 फ़ीट पहले संकेत देना शुरू करें। अपने दाएँ ढलान से ऊपर देखें और अपनी गति कम करें। सीमा रेखा से पहले रुक जाएँ। दोनों दिशा में देखें और सुरक्षित स्थिति में टर्न करें। किसी दूसरे लेन में चौड़ाई में टर्न न करें। दाएँ लेन में अपनी टर्निंग पूरी करें।

दाएँ मुड़ने का उदाहरण

लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट के विपरीत बाईं ओर मुड़ना-चिह्नित सीमा रेखा पर लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट के लिए रुक जाएँ। यदि कोई सीमा रेखा न हो, तो पारपथ में प्रवेश करने से पहले रुकें। यदि कोई पारपथ न हो, तो चौराहे में प्रवेश करने से पहले रुकें। आप दाएँ मुड़ सकते है यदि मुड़ने से मना करने वाला कोई संकेत न लगा हो। पैदल चलने वालों, मोटर साइकिल सवारों, साइकिल सवारों या अन्य वाहनों को उनकी हरी ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट पर जाने का रास्ता पहले दें।

एक समर्पित लेन से एक सड़क पर दाएँ मुड़ना- आप बिना रुके दाईं ओर मुड़ सकते हैं, यदि आप जिस सड़क पर मुड़ रहे हैं वहाँ दाईं ओर मुड़ने वाले वाहनों के लिए एक गैर विलय लेन समर्पित की गई है, और वहाँ एक निर्बाध दाएँ मुड़ने रोकने वाला कोई संकेत नहीं लगा हुआ है। आप बिना रुके आगे बढ़ सकते हैं, चाहे वहाँ एक सीधे चौराहे के माध्यम से आगे बढ़ने वाले वाहनों के लिए चौक के मध्य स्थित एक लाल ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट मौजूद हो। यदि दाईं ओर मुड़ने की लेन की दाईं पटरी पर एक ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट है या संकेत लगा है, तो आपका उस ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट या संकेत का पालन करना ज़रूरी है। आपका एक पारपथ के बीच आये हुए पैदल यात्रियों के लिए रुकना ज़रूरी है।



लाल तीर के विपरीत न मुड़ें-आप लाल तीर के विपरीत दाएँ या बाएँ नहीं मुड़ सकते हैं।

दाएँ मुड़ने और बाएँ मुड़ने के उदाहरण

चित्रों में दी गई कारों पर संख्याएँ इन पृष्ठों पर संख्यांकित वाक्यों को संदर्भित करती हैं। अपने मुड़ने वाले संकेतों का हमेशा उपयोग करें।

1. *एक दो-तरफ़ा सड़क से बाएँ मुड़ना।* सड़क के बीच के सबसे समीप की बाएँ लेन में मुड़ने से शुरूआत करें। क्रॉस स्ट्रीट के किसी भी लेन में, यदि सुरक्षित हो, तो टर्न पूरा करें (तीर द्वारा प्रदर्शित)। मध्य की बाएँ मुड़ने की लेन का उपयोग करें यदि वह उपलब्ध हो। यदि संकेतों या तीरों द्वारा अनुमत हो, तो दूसरे लेन से बांया मोड़ लिया जा सकता है।



2. *राइट टर्न।* दाईं ओर की पटरी के समीप लेन में टर्न की शुरूआत **और** समापन करें। ट्रैफ़िक के किसी दूसरे लेन में चौड़ाई में न मोड़ें। आपके वाहन और पटरी के बीच पैदल चलने वालों, मोटरसाइकिल चालकों या साइकिल सवार पर नज़र रखें। कभी-कभी, संकेत या फ़ुटपाथ के चिह्नांकन आपको दूसरे लेन से दाएँ मुड़ने देते हैं जैसा कि ग्राफ़िक में दर्शाया गया है।

3. *दो-तरफ़ा गली से एक-तरफ़ा गली में बाएँ मुड़ना।* गली के बीच के समीप वाले लेन से मुड़ने की शुरूआत करें। किसी भी लेन में मुड़ें जो सुरक्षित रूप से खुला हो, जैसा कि तीरों द्वारा दर्शाया गया है।



4. *एक-तरफ़ा गली से दो-तरफ़ा गली में बाएँ मुड़ना।* सुदूर बाएँ लेन से मुड़ने की शुरूआत करें। किसी भी एक लेन में मुड़ें जो सुरक्षित रूप से खुला हो, जैसा कि तीरों द्वारा दर्शाया गया है।

5. *एक-तरफ़ा गली से एक-तरफ़ा गली में बाएँ मुड़ना।* सुदूर बाएँ लेन से मुड़ने की शुरूआत करें। आपके वाहन और पटरी के बीच पैदल चलने वालों, मोटरसाइकिल चालकों और साइकिल सवार पर नज़र रखें क्योंकि वे अपने बाईं ओर मुड़ने के लिए क़ानूनन आईं ओर मुड़ने वाली लेन का उपयोग कर सकते हैं। किसी भी लेन में मुड़ें जो सुरक्षित रूप से खुला हो, जैसा कि तीरों द्वारा दर्शाया गया है।



6. *एक-तरफ़ा सड़क से एक-तरफ़ा सड़क में दाएँ मुड़ना।* सुदूर दाईं लेन से मुड़ने की शुरूआत करें। यदि सुरक्षित हो, तो आप किसी लेन में मुड़ने को समाप्त कर सकते हैं। कभी-कभी, संकेत या फ़ुटपाथ के चिन्हांकन आपको दूसरी लेन से दाएँ मुड़ने देते हैं जैसा कि तस्वीर में दर्शाया गया है।

7. *एक-तरफ़ा गली से दो-तरफ़ा गली में "T" चौराहे पर मुड़ना।* पारगामी ट्रैफ़िक को पार करने का अधिकार हासिल है। आप बीच वाले लेन से दाएँ या बाएँ मुड़ सकते हैं। अपने मोड के अंदर वाहनों, मोटरसाइकिल चालकों और साइकिल सवार पर नज़र रखें।



कानूनी U-टर्न

U-टर्न आपके वाहन को सड़क पर इस तरह से घुमाता है कि आप जिस रास्ते आए थे उसी रास्ते वापस जाएँ। U-टर्न लेने के लिए, संकेत दें और सुदूर बाएँ लेन या मध्य की बाईं ओर मुड़ने लेन का उपयोग करें। आप निम्नतः कानूनी U-टर्न ले सकते हैं:

- डबल पीले लाइन पर जब वह सुरक्षित और मान्य हो।
- किसी आवासीय क्षेत्र में:
  - यदि 200 फ़ीट के भीतर कोई भी वाहन आपकी ओर न आ रहा हो।
  - जब कभी कोई ट्रैफ़िक संकेत, लाइट, या ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट आपकी ओर पहुँचने वाले वाहनों से आपको बचाता है।
- एक चौराहे पर हरी ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट या हरा तीर होता है, बशर्ते कि "नो U-टर्न" का संकेत न लगा हो।
- विभाजित हाई-वे पर, केवल उस समय जब सेंटर डिवाइडर पर कोई खुली जगह उपलब्ध कराई गई हो।

गैरकानूनी U-टर्न

निम्न स्थितियों में U-टर्न न लें:

- रेलवे क्रॉसिंग पर।
- एक विभाजक अनुभाग, पटरी, ज़मीन, या डबल पीली लाइनों के दो सेट को पार करते हुए एक विभाजित हाई-वे पर।
- जहाँ घुमाव, पहाड़ी, बारिश, कोहरा या अन्य कारणों से आप प्रत्येक दिशा में 200 फ़ीट तक स्पष्ट रूप से देख नहीं पा रहे हों।
- जहाँ "नो U-टर्न" का संकेत प्रदर्शित हो।
- जब अन्य वाहन आपसे टकरा सकते हों।
- एक-तरफ़ा गली में।
- फ़ायर-स्टेशन के सामने। अपने वाहन को पूरी तरह घुमाने के लिए कभी फ़ायर-स्टेशन के ड्राइव-वे का उपयोग न करें।
- व्यावसायिक ज़िलों में। चर्चों, अपार्टमेंटों, एकाधिक रिहायशी यूनिटों, और सार्वजनिक इमारतों (स्कूलों को छोड़कर) वाले इलाक़ों को भी व्यावसायिक ज़िले माना जाता है। केवल एक चौराहे पर मुड़े, जहाँ अन्यथा प्रतिबंध का संकेत न लगा हो, या जहाँ मुड़ने के लिए जगहें दी गई हों।

पार्किंग

पहाड़ पर पार्किंग करना

जब आप पार्क करें:

- ढलान वाले ड्राइव-वे पर, पहियों को घुमाएँ ताकि ब्रेक फ़ेल होने पर वाहन गली में लुढ़क न जाए।
- पहाड़ी की ढलान पर नीचे जाते समय, अपने सामने वाले पहियों को पटरी में या सड़क के बाज़ू वाली दिशा में घुमा दें। पार्किंग ब्रेक सेट करें।
- पहाड़ी की ढलान पर ऊपर जाते समय, अपने सामने वाले पहियों को पटरी से दूर घुमाएँ और अपने वाहन को कुछ इंच पीछे जाने दें। पहिया पटरी को धीमे छूना चाहिए। पार्किंग ब्रेक सेट करें।
- पहाड़ी पर ऊपर या नीचे जाते समय, जब कोई पटरी न हो, तो पहियों को घुमा दें ताकि ब्रेक फ़ेल होने पर वाहन सड़क के बीच से दूर लुढ़के।



पहाड़ी की ढलान | पहाड़ी पर ऊपर की ओर | कोई पटरी नहीं - पहाड़ी की ढलान या पहाड़ी पर ऊपर की ओर

हमेशा अपने पार्किंग ब्रेक को सेट करें और वाहन को गियर में या "पार्क" स्थिति में छोड़ें।

समानांतर पार्किंग

समानांतर पार्किंग एक ड्राइविंग योग्यता है जो अन्य खड़े वाहनों के साथ आपको सड़क के बिलकुल साथ लगाकर गाड़ी खड़ा करने देती है। नीचे दिये गये कदम बताते हैं कि समानांतर पार्किंग कैसे करें।

1. **एक स्थान तलाशें।** एक ऐसी जगह तलाशें जो आपके वाहन से कम से कम 3 फीट लंबी हो। जब आप एक जगह तलाश लेते हैं, **सिग्नल दें** कि आप गाड़ी खड़ी करना चाहते हैं।
2. **अपने वाहन को उस स्थान या वाहन के साथ में लाएँ जहाँ आप गाड़ी खड़ी करना चाहते हैं।** वाहन या अपने पास के स्थान के बीच लगभग 2 फीट की दूरी छोड़े और तब रुक जाएँ जब बम्पर उसकी सीध में आ जाए। अपने रियर व्यू मिरर में देखें और अपने कंधे के ऊपर से सामने से आने वाले वाहनों पर नज़र रखें। अपना पैर ब्रेक पर रखें और वाहन को रिवर्स में डालें। सिग्नल बनाएँ रखें।

चरण 1

अपनी कार को उस जगह पर खड़ी सामने वाली कार के बग़ल में रोकें।



3. **अपना पैर ब्रेक से हटा लें।** पीछे आने से पहले, किसी खतरे के लिए अपने शीशों में और अपने कंधे के ऊपर से देखें। लगभग 45 डिग्री के कोण पर पीछे लाना शुरु करें।

चरण 2

एक S गति के साथ उस जगह पर रिवर्स करें।



4. **सीधा करना।** स्टीयरिंग व्हील को पटरी से दूर तब घुमाना शुरु करें जबकि आपका पिछला पहिया पटरी से 18 इंच पर हो। आपको सीधा करने के लिए अपने वाहन को आगे या पीछे एडजस्ट करना पड़ सकता है। आपका वाहन अब पटरी के समानांतर और 18 इंचों से अधिक दूर नहीं होना चाहिए।

चरण 3

जब कार पटरी के समानांतर आ जाए, तो उपलब्ध जगह के अंदर अपनी कार को बीच में लाने के लिए आगे खींचे।



5. **खतरों पर नज़र रखें।** अपने वाहन का दरवाज़ा खोलने से पहले अपने शीशों में देखें और अपने कंधे के ऊपर से देखें।

रंगीन पटरियों पर पार्किंग

पेंट किए गए रंगीन पटरियों के लिए निम्नलिखित विशेष पार्किंग नियम हैं:

सफ़ेद-केवल उतनी ही देर रुकें, जितना यात्री या डाक चढ़ाने या उतारने के लिए पर्याप्त हो।

हरा-सीमित समय के लिए पार्क करें। समय सीमाओं के लिए हरित ज़ोन के बग़ल में प्रदर्शित संकेत देखें, या पटरी पर पेंट की गई समय-सीमा का पता लगाएँ।

पीला-यात्री या माल चढ़ाने या उतारने के लिए प्रदर्शित समय से ज़्यादा देर न रुकें। ग़ैर-वाणिज्यिक वाहनों के ड्राइवरों से सामान्यतः अपेक्षा की जाती है कि वे वाहन के साथ रहें।



लाल-रुकना, खड़ा करना, या पार्किंग मना है। (बसों के लिए अंकित लाल ज़ोन में बसें रुक सकती हैं।)

नीली-पार्किंग **केवल** किसी विकलांग व्यक्ति या विकलांग व्यक्ति के ड्राइवर के लिए उपलब्ध है जो विकलांग व्यक्तियों या विकलांग सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए एक प्लाकार्ड या विशेष लाइसेंस प्लेट को प्रदर्शित करता है। प्लाकार्ड या विशेष प्लेट वाले विकलांग व्यक्ति, समय प्रतिबंधों का लिहाज़ न करते हुए, असीमित समयावधि के लिए विशेष क्षेत्रों में पार्क कर सकते हैं। नामित विकलांग पार्किंग क्षेत्र के बग़ल में एक **क्रॉसहैच्ड (विकीर्ण लाइनें) क्षेत्र** एक **नो पार्किंग (गाड़ी खड़ी न करें)** क्षेत्र है। पार्किंग प्लाकार्ड या विशेष प्लेट के लिए फ़ॉर्म प्राप्त करने हेतु **www.dmv.ca.gov** पर जाएँ या 1-800-777-0133 पर कॉल करें। योग्य व्यक्ति DMV क्षेत्रीय कार्यालय में डाक द्वारा या जाकर आवेदन दे सकते हैं विकलांग व्यक्ति या विकलांग सेवानिवृत्त सैनिक लाइसेंस प्लेटों के धारकों को एक दस्तावेज़ जारी किया जाएगा।

क्रॉसहैच्ड (विकीर्ण लाइनें) क्षेत्र का उदाहरण

ध्यान दें: प्लाकार्ड के दुरुपयोग करने का परिणाम विशेष पार्किंग प्राथमिकताओं को गंवाना होता है। यह एक अपराध भी है और $1,000 तक का जुर्माना, 6 महीने तक के लिए काउंटी जेल में कारावास, या दोनों सहित सज़ा योग्य भी है।

विकलांग व्यक्ति की प्लाकार्ड/प्लेट के दुरुपयोग के उदाहरण:

- प्लाकार्ड/प्लेट के खो जाने या चोरी हो जाने की रिपोर्ट देने के बाद उस प्लाकार्ड/प्लेट के मिल जाने की रिपोर्ट किये बिना उसका उपयोग करना।
- अपनी प्लाकार्ड/प्लेट दोस्तों या परिवार के सदस्यों को उधार देना (विकलांग हों या न हों)।
- दोस्तों या परिवार के सदस्यों के साथ प्लेकार्ड का आदान-प्रदान।
- जिस व्यक्ति (विकलांग बच्चा या परिवार का सदस्य, विकलांग नियोक्ता आदि) को एक प्लाकार्ड/प्लेट जारी किया गया था, उसके वाहन में आपके साथ मौजूद न होने पर भी इसका उपयोग करना।
- एक मरे हुए व्यक्ति की प्लाकार्ड/प्लेट का उपयोग करना।

ध्यान दें: आपका मरे हुए विकलांग व्यक्ति की प्लाकार्ड/प्लेट को निकटतम DMV क्षेत्रीय कार्यालय को डाक द्वारा निम्न पते पर लौटा देना ज़रूरी है:

DMV
PO Box 942869 MS D238
Sacramento, CA 94269-0001

नोट्स

नोट्स

गैरकानूनी पार्किंग

अपना वाहन निम्नतः कभी पार्क न करें या छोड़ें:

- जहाँ "No Parking (नो पार्किंग)" का संकेत प्रदर्शित हो।
- चिह्नित या अचिह्नित पारपथ, फ़ुटपाथ पर, आंशिक रुप से फ़ुटपाथ को अवरुद्ध करते हुए, या ड्राइव-वे के सामने।
- विकलांग व्यक्तियों के लिए फ़ुटपाथ रैम्प के 3 फ़ीट के अंदर या पटरी पर जो फ़ुटपाथ के लिए व्हीलचेयर पहुँच उपलब्ध कराता है।
- विकलांग व्यक्ति के पार्किंग स्थल में, **जब तक कि** आप विकलांग नहीं हैं और प्लाकार्ड या विकलांग लाइसेंस प्लेट प्रदर्शित नहीं करते हैं।
- विकलांग व्यक्ति के पार्किंग स्थल के बग़ल वाली जगह, यदि उसे क्रॉसहैच्ड (विकीर्ण) पैटर्न में पेंट किया गया हो (CVC §22507.8(c)(2))।
- पार्किंग या शून्य-उत्सर्जन वाले ऐसे वाहनों में ईंधन भरने के लिए नामित जगह पर, जो पहचान डिकैल प्रदर्शित करते हैं।
- किसी सुरंग या पुल पर, सिवाय जहाँ संकेतपट्ट द्वारा अनुमत हो।
- फ़ायर हाइड्रंट या फ़ायर स्टेशन ड्राइव-वे से 15 फ़ीट के अंदर।
- किसी रेलवे ट्रैक पर या 7½ फ़ीट की दूरी के भीतर।
- सुरक्षा ज़ोन या पटरी के बीच में।
- "डबल पार्किंग।" (गली में पार्किंग जब पटरी पर सभी वैध पार्किंग स्थल भर गए हों।)
- गली की ग़लत दिशा में।
- लाल पटरी पर।
- फ़्री-वे पर, सिवाय:
  - किसी आपातकालीन स्थिति में।
  - जब किसी शांति अधिकारी या उपकरण द्वारा रुकना अपेक्षित हो।
  - जहाँ रोकने की विशेष रूप से अनुमति दी गई हो। एक वाहन (भले ही खराब क्यों न हो) जिसे 4 घंटे से अधिक समय के लिए रोका गया, पार्क किया, या फ़्री-वे पर खड़ा छोड़ दिया जाए, उसे हटाया जा सकता है (CVC §22651(f))।

ध्यान दें: यदि आपको फ़्री-वे पर रुकना है, तो फ़ुटपाथ से पूरी तरह दूरी पर पार्क करें और मदद मिलने तक दरवाज़ा बंद करके अपने वाहन में बने रहें। दूसरे वाहनों के लिए पर्याप्त जगह छोड़ें कि वे आपके वाहन को आसानी से पार कर सकें। आपका वाहन प्रत्येक दिशा में लगभग 200 फ़ीट तक दिखाई देता रहना चाहिए।

विशेष पार्किंग नियम

- जब आप समतल गली में पटरी के पास पार्क करें, तब सामने और पीछे वाले पहिये समानांतर और पटरी के 18 इंच के भीतर होने चाहिए। यदि कोई पटरी न हो, तो गली के समानांतर पार्क करें।
- जब इंजन चल रहा हो, तब अपना वाहन कभी न छोड़ें; इंजन बंद करें और पार्किंग ब्रेक लगायें।
- जब आप अपने वाहन से बाहर निकलने के लिए तैयार हों, तो पास से गुज़रने वाले वाहनों, साइकिल सवारों और मोटरसाइकिल चालकों पर सावधानी से नज़र रखें। ड्राइवर की तरफ वाला दरवाज़ा तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करना सुरक्षित न हो और आप ट्रैफ़िक में हस्तक्षेप नहीं डाल रहे हों। ज़रूरत से ज़्यादा समय तक दरवाज़ा खुला न छोड़ें।

सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार

संकेतन

जब बाएँ या दाएँ मुड़ रहे हों, लेन बदल रहे हों, गति धीमी कर रहे हों, या रुक रहे हों, तो हमेशा संकेत दें; इससे दूसरे ड्राइवरों, मोटरसाइकिल चालकों, साइकिल सवारों, और पैदल चलने वालों को आपका इरादा समझ में आएगा।

हाथ-और-बाँह की मुद्राओं से या वाहन के सिग्नल लाइटों का उपयोग करते हुए संकेत दिए जा सकते हैं। यदि तेज़ सूरज की रोशनी के कारण सिग्नल लाइट देखने में मुश्किल हो, तो आप हाथ-और-बाँह संकेतों का भी उपयोग कर सकते हैं।



मोटरसाइकिल चालक अक्सर स्वयं को अधिक दिखाने के लिए हाथ के संकेतों का उपयोग करते हैं। साइकिल सवार अपनी बाँह को दाईं ओर बाहर सीधे पसारते हुए राइट-टर्न के संकेत दे सकते हैं।

सिग्नल:

- टर्निंग पॉइंट (लेफ़्ट या राइट टर्न) पर पहुँचने से पहले अंतिम 100 फ़ीट के दौरान।

ध्यान दें!–भले ही आप संकेत दें, लेकिन पहले से यह मानकर न चलें कि आप जिस जगह को घेरना चाहते हैं वह ख़ाली है।

- प्रत्येक लेन परिवर्तन से पहले। अपने मिरर में देखें, अपने कंधे पर नज़र डालें, और लेन बदलने से पहले अपने अंध बिंदु या ब्लाइंड स्पॉट की जाँच करें।
- फ़्री-वे पर आपके द्वारा लेन बदलने से कम से कम 5 सेकेंड पहले।
- पटरी के बग़ल में या पटरी से दूर वाहन ले जाने से पहले।
- जब आप दिशा बदलें।
- उस समय भी जब आप अन्य वाहन न देख सकें। जो वाहन आपको दिखाई न दे रहा हो, अचानक प्रकट हो सकता है और आपसे टकरा सकता है।
- यदि आप चौराहे से परे मुड़ना चाह रहे हैं, तो उस समय संकेत देना आरंभ कर दें जब आप चौराहे पर हों। यदि आप बहुत जल्दी संकेत देंगे, तो दूसरा ड्राइवर यह सोच सकता है कि आप चौराहे पर मुड़ना चाह रहे हैं और वह आपके सामने अपनी गाड़ी खड़ी कर सकता है।

मुड़ने के बाद अपना सिग्नल बंद करना न भूलें।

स्टीयरिंग

स्टीयरिंग कंट्रोल-आधुनिक वाहनों में मुड़ने के लिए बहुत कम प्रयास करने की ज़रूरत होती है। स्टीयरिंग व्हील को घड़ी के पटल के रूप में देखें और अपने हाथ 9 और 3 बजे पर रखें, जो 8 और 4 बजे से थोड़ा नीचे हो। ये हाथ की वांछित स्थितियाँ हैं जो पहिये को बहुत तेज़ी से मोड़ने की संभावना को कम करती हैं।

कलाई और हाथ के चोट को कम करने के लिए, आपके हाथ स्टीयरिंग व्हील के निचले आधे हिस्से में रखें, जहाँ आपके पोर ब्हील के बाहर हों, और आपके अंगूठे स्टीयरिंग व्हील के रिम पर फैले हों।

पुल-पुश स्टीयरिंग-अधिकांश घुमाव युक्ति के लिए पुल-पुश स्टीयरिंग का उपयोग करें। एक हाथ से नीचे खींचे और दूसरे हाथ से ऊपर धकेलें। इसके परिणामस्वरूप सुगमता से स्टीयरिंग चलेगा और अधिक स्टीयरिंग की संभावना कम होगी, जिससे नियंत्रण खो सकता है। अपने हाथ और अंगूठे व्हील के बाहर की ओर रखें।

हाथ-के ऊपर-हाथ स्टीयरिंग-जब स्टीयरिंग संचालन महत्वपूर्ण हो, तब हाथ-के ऊपर-हाथ स्टीयरिंग का उपयोग करें, जैसे कि जब:

- पार्क कर रहे हों।
- तेज़ राइट टर्न निष्पादित कर रहे हों।
- फिसलने से बचा रहे हों।

गतिशील करते समय त्वरित संचालनों का प्रयोग करें, और फिर पहिये को सीधा करते समय धीमे, सुगम संचालनों का उपयोग करें।

एक हाथ से स्टीयरिंग-निम्न के लिए एक हाथ से स्टीयरिंग का उपयोग करें:

- पीछे जाने की प्रक्रियाएँ जहाँ आपको पूरी तरह से दाएँ या बाएँ मोड़ने की जरूरत न हो।
- जब सूचना, सुरक्षा, या आराम के लिए वाहन नियंत्रणों को संचालित कर रहे हों।

हॉर्न, हेडलाइट्स, और एमर्जेन्सी सिग्नल

अपने हॉर्न का उपयोग करें

- केवल ज़रूरत पड़ने पर, ताकि टक्कर से बच सकें।
- अन्य ड्राइवरों से "नेत्र संपर्क" करने के प्रयास हेतु। आप ऐसे दूसरे ड्राइवर को सतर्क करने के लिए अपना हॉर्न बजा सकते हैं, जो आपके सामने मुड़ सकता है और टक्कर लग सकती है।
- संकरे पहाड़ी रास्तों पर, जहाँ आप अपने वाहन से लगभग 200 फ़ीट आगे नहीं देख सकेंगे।

अपने हॉर्न का प्रयोग न करें

- यदि कोई ड्राइवर या साइकिल सवार धीमे चल रहा हो, और आप चाहते हैं वह तेज़ी से चलाए या आपके रास्ते से हट जाए। हो सकता है कि वह ड्राइवर या साइकिल सवार बीमारी, खो जाने, नशे, या वाहन की किसी यांत्रिक समस्या के कारण सुरक्षित रूप से तेज़ी से जाने में असमर्थ हो।
- अन्य ड्राइवरों को चेतावनी देने के लिए कि उन्होंने ग़लती की है। आपके हॉर्न की आवाज़ से वे अनेक ग़लतियाँ कर सकते हैं या नाराज़ हो सकते हैं और जवाबी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।
- क्योंकि **आप** नाराज़ या परेशान हैं।
- पैदल चलने वाले, साइकिल सवारों, या मोटरसाइकिल चालकों के लिए हॉर्न बजाना जब तक कि टकराव से बचने के लिए यह आवश्यक न हो। याद रखें कि आपका हॉर्न वाहन से बाहर बहुत ज़ोर से बजता है।

  ध्यान दें: आपका हॉर्न बजाना दूसरे ड्राइवरों को चौंका सकता है। अपना हॉर्न बजाने के बजाय गति धीमी करना या रुकना अधिक सुरक्षित है।

अपने हेडलाइट्स का प्रयोग करें

- जब बादल छाए हों, बारिश हो रही हो, बर्फ़ पड़ रही हो, या कोहरा छाया हो। यदि मौसमी परिस्थितियों की वजह से आपके लिए विंडशील्ड वाइपर्स का उपयोग करना आवश्यक हो, तो आपको अपना लो-बीम हेडलाइट्स चालू करना चाहिए – यह क़ानूनन ज़रूरी है।
- पालेदार सुबह के समय, जब दूसरे ड्राइवरों की खिड़कियाँ बर्फ़ीली या "कोहरेदार" हो।
- किसी भी समय की परिस्थितियाँ (बादल, बारिश, बर्फ़, धूल, धुआँ, कोहरा आदि) जिसके कारण आप दूसरे वाहन नहीं देख पाते हैं। दूसरे ड्राइवरों को भी आपको देखने में परेशानी हो सकती है।
- धूप वाले दिनों में भी, छोटे प्रांत या पहाड़ी सड़कों पर। इससे अन्य ड्राइवरों को आपको देखने में मदद मिलती है और यह आपके लिए सीधे टकराव से बचाने में सहायक हो सकता है।
- जब किसी दूसरे ड्राइवर का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक हो जाए।

अपने एमर्जेन्सी सिग्नलों का प्रयोग करें

यदि आपको आगे एक दुर्घटना हुई नज़र आती है, तो अपने एमरजेंसी फ़्लैशर चालू करके या तेज़ी से 3 या 4 बार ब्रेक पैडल दबाकर अपने से पीछे वाले ड्राइवरों को सचेत करें। आप गति धीमी करते और रुकते समय हैंड सिग्नल का भी उपयोग कर सकते हैं।

सड़क पर कभी न रुकें, बशर्ते कि यह सुरक्षा की दृष्टि से या क़ानून का पालन करने के लिए आवश्यक हो। यदि आपको रुकने की ज़रूरत हो, तो अपने से पीछे वाली कारों को सिग्नल देने के तौर पर पहले ही ब्रेक लगाना शुरू करें। यदि आपका वाहन सड़क पर खराब हो जाता है, तो सुनिश्चित करें कि अन्य ड्राइवर इसे देख सकते हैं। यदि आपके वाहन में कोई खराबी हो, और रुकना ज़रूरी हो, तो इन नियमों का पालन करें:

- यदि संभव हो, तो सभी ट्रैफ़िक से दूर, सड़क से बाहर निकल जाएँ।
- यदि आप पूरी तरह से सड़क से परे नहीं जा सकते हैं, तो ऐसी जगह रुके जहाँ लोग आपको और आपके वाहन को पीछे से देख सकें। यूँ ही किसी पहाड़ी या घुमाव के पास न रुकें।
- यदि आप आगे बढ़ नहीं पा रहे हैं, तो एमर्जेन्सी फ़्लैशर चालू करें। यदि आपके वाहन में एमर्जेन्सी फ़्लैशर नहीं हैं, तो उसके बजाय टर्न सिग्नलों का उपयोग करें।
- यदि ऐसा करना सुरक्षित हो, तो एमर्जेन्सी का संकेत देने के लिए हुड को ऊपर उठाएँ।
- दूसरे ड्राइवरों को अधिक चेतावनी दें। अपने वाहन के पीछे 200-300 फ़ीट पर एमर्जेन्सी टिमटिमाती रोशनी या त्रिकोण रखें। यदि आवश्यक हो, तो इससे दूसरे ड्राइवरों को लेन बदलने के लिए समय मिलेगा। टिमटिमाती रोशनी का उपयोग करते समय सावधान रहें। उससे आग लग सकती है, विशेष रूप से जब ज्वलनशील द्रव पदार्थ के पास उनका उपयोग किया जाए।
- यदि आपके पास एमर्जेन्सी टिमटिमाती रोशनी न हो, तो ऊपर सूचीबद्ध नियमों का पालन करें और सहायता मिलने तक अपने वाहन में बने रहें। अपनी सुरक्षा के प्रति सावधान रहें और **सड़क से दूर रहें।**

  याद रखें: टायर बदलने की कोशिश न करें यदि उसके कारण आपको ट्रैफ़िक लेन में खड़े रहना पड़े।

टेक्स्ट मेसेजिंग और सेल फ़ोन

टेक्स्ट मैसेज, इंस्टेंट मैसेज, और ई-मेल लिखने, भेजने, या पढ़ने के लिए किसी इलेक्ट्रॉनिक वायरलेस संचार साधन का उपयोग करते हुए मोटर वाहन चलाना ग़ैर क़ानूनी है, *बशर्ते कि* आपकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और आप वाहन चलाते समय टेक्स्ट-आधारित संचार लिखवाने, भेजने या सुनने के लिए ध्वनि-संचालित और हैंड्स-फ़्री संचालन अनुमत करने वाले किसी इलेक्ट्रॉनिक वायरलेस संचार साधन का उपयोग कर रहे हैं।

हालाँकि हैंड्स-फ़्री साधन अनुमत है (सिवाय नाबालिगों के लिए), ड्राइवरों द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनबहलाव कम करना चाहिए।

- केवल आपात स्थिति में मदद के लिए कॉल करें।
- यदि आपका सेल फ़ोन बजता है, तो जवाब न दें। कॉल को वॉयसमेल में जाने दें, यदि आपके पास यह सुविधा मौजूद हो।
- यदि आपके लिए कॉल करना ज़रूरी हो, तो सुरक्षित रूप से सड़क से हट जाएँ और कॉल करने से पहले गाड़ी रोक दें।
- कम से कम टेलीफ़ोन संवाद करें या यदि संभव हो, तो सवारी को कॉल करने के लिए कहें।

अपने सेल फ़ोन का उपयोग **न करें:**

- ख़तरनाक परिस्थितियों में।
- ध्यान भटकाने वाली बातचीत में उलझने के लिए।

ध्यान दें: नाबालिग सेल फ़ोन का उपयोग **नहीं कर सकते** हैं सिवाय कुछ आपात स्थितियों में (अतिरिक्त जानकारी के लिए पृष्ठ 12 पर "नाबालिग और सेल फ़ोन" खंड देखें)।

वाहन की स्थिति या पोज़िशनिंग

दूरियों का पालन करना

एक समय में एक ही ख़तरे पर ध्यान देना

मान लें कि आपके बाईं ओर कोई वाहन निकट आ रहा है और आपके दाईं ओर साइकिल पर कोई बच्चा सवार है। वाहन और बच्चे के बीच ड्राइव करने के बजाय, एक समय में एक ख़तरे का सामना करें। पहले, गति धीमी करें और वाहन को गुज़रने दें। फिर, बाईं ओर हट जाएँ ताकि बच्चे को पार करने के लिए पर्याप्त जगह मिले।

अंतर का बँटवारा

कभी-कभी एक ही समय में सड़क के दोनों ओर ख़तरा हो सकता है। उदाहरण के लिए, दाईं ओर पार्क की गई कारें और बाईं ओर निकट आने वाली कारें हो सकती हैं। इस मामले में, "अंतर का बँटवारा" करना बेहतर होगा। निकट आने वाली कारों और पार्क की गई कारों के बीच मध्यम मार्ग अपनाएँ।

यदि एक ख़तरा दूसरे से बढ़ कर है, तो अधिक ख़तरनाक स्थिति को प्राथमिकता दें। मान लें कि आपके बाईं ओर कारें निकट आ रही हैं और आपके दाईं ओर बच्चा साइकिल पर सवार है। बच्चे के अचानक चल पड़ने की अधिक संभावना है। इसलिए, गति धीमी करें, और यदि सुरक्षित हो, तो बच्चे के आगे बढ़ जाने तक अपने लेन में जितना संभव हो बाईं ओर का उपयोग करें।

व्यक्ति जो ड्राइवरों के लिए ख़तरे पेश करते हैं

अपनी अनुसरण दूरी को बढ़ाएँ और संभावित रूप से ख़तरनाक ड्राइवरों के लिए अधिक जगह अनुमत करें। ख़तरे पेश करने वाले व्यक्ति हैं:

- ऐसे ड्राइवर, जो आपको देख नहीं पाते क्योंकि उनकी दृष्टि इमारतों, पेड़ों या अन्य कारों से अवरुद्ध है।
- ड्राइव-वे या पार्किंग स्थलों से पीछे पलटने वाले ड्राइवर।
- ड्राइवर जो घुमाव या कोई वाहन निकट आ रहा हो, तो आपको पार कर जाते हैं।
- ड्राइवर जो किसी वाहन, पैदल चलने वाले, साइकिल सवार, अवरोध, या आगे कम लेन होने के कारण मजबूरी में आपकी लेन में घुसने वाले हैं।
- पैदल चलने वाले लोग जिनके चेहरों के सामने छतरी हो या जिनकी आँखों पर टोपी खिंची हो।
- लोग जिनका ध्यान भटका हो, जैसे कि:
  - वितरण करने वाले लोग।
  - निर्माण श्रमिक।
  - पैदल चलने वाले जिनका ध्यान कहीं और हो, जैसे कि फ़ोन या टेक्स्टिंग करने वाले।
  - बच्चे, जो अक्सर बिना देखे सड़क पर दौड़ पड़ते हैं।
  - ड्राइवर जो सेल फ़ोन पर या अपनी सवारियों से बात कर रहे हों।
  - ड्राइवर, जो बच्चों की देखभाल कर रहे हों, खा रहे हों, या ड्राइव करते समय नक्शे को देख रहे हों।
- लोग जो उलझन में हों, जैसे कि:
  - पर्यटक, अक्सर जटिल चौराहों पर।
  - ड्राइवर, जो किसी घर का नंबर ढूँढ़ रहे हों या जो बिना वजह गति धीमी करते हों।

ट्रैफ़िक में मिल जाना/बाहर निकलना

जब भी आप ट्रैफ़िक में प्रवेश करें, तो संकेत दें और सुनिश्चित करें कि आपके पास सुरक्षित रूप से लेन में प्रवेश करने के लिए पर्याप्त जगह है। आपको पहले ही सड़क पर मौजूद ट्रैफ़िक के साथ जगह साझा करना होगा, और आपको जनना होगा कि ट्रैफ़िक में मिल जाने, ट्रैफ़िक को पार करने या ट्रैफ़िक में प्रवेश करने और उससे बाहर निकलने के लिए कितनी जगह चाहिए।

मिलने के लिए जगह

ट्रैफ़िक की गति पर या उसके पास फ़्री-वे में प्रवेश करें। (याद रखें कि अधिकांश फ़्री-वे में अधिकतम अनुमत गति 65 मील प्रति घंटा है।) **फ़्री-वे ट्रैफ़िक में मिल जाने से पहले रुके नहीं,** जब तक कि यह अत्यावश्यक हो। फ़्री-वे ट्रैफ़िक को पार करने का अधिकार हासिल है।

जब भी आप किसी अन्य ट्रैफ़िक में मिलने लगते हैं, तो आपको कम से कम 4 सेकंड के अंतराल की ज़रूरत होगी, जो आपको तथा अन्य वाहन, दोनों को, केवल 2 सेकंड की अनुसरण दूरी मुहैया कराता है। जब सुरक्षित हो, तब "3-सेकंड के नियम" का पालन करें (पृष्ठ 34 पर "टेलगेटर न बनें!" अनुभाग देखें)।

- बहुत छोटे अंतराल में घुसने की कोशिश न करें। स्वयं के लिए पर्याप्त लचीली जगह रखें।
- अपने आस-पास के वाहनों का ध्यान रखें। अपने मिरर और सिग्नलों का उपयोग करें। लेनें बदलने या ट्रैफ़िक में मिलने से पहले अपने कंधे से ऊपर तेज़ी से नज़र डालने के लिए अपने सिर को घुमाएँ। अपने और अपने आगे वाले वाहन के बीच 3 सेकेंड का अंतराल रखें। सुनिश्चित करें कि ज़रूरत पड़ने पर, आप सुरक्षित रूप से रुक सकते हैं।
- यदि आपको कई फ़्री-वे लेन क्रॉस करने की ज़रूरत है, तो उन्हें एक-एक करके पार करें। यदि आप सभी लेन के खाली होने का इंतज़ार करेंगे, तो आप ट्रैफ़िक विलंब या टक्कर की वजह बन सकते हैं।

पार करने या प्रवेश के लिए जगह

जब कभी आप पूरी तरह रुकने के बाद किसी शहर या हाई-वे ट्रैफ़िक को पार करते हैं, तो आपको अन्य वाहनों की गति को प्राप्त करने के लिए (किसी भी दिशा से पास आने वाले वाहनों से) बड़े अंतराल की ज़रूरत होगी। आपको ऐसे अंतराल की ज़रूरत होगी जो लगभग:

- शहरी सड़कों का आधा खंड हो।
- हाई-वे पर पूरा खंड हो।

यदि आप लेनें पार कर रहे हैं या मुड़ रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपके वाहन के सामने या बाज़ू में कोई वाहन या लोग रास्ता नहीं रोक रहे हैं। आप नहीं चाहेंगे कि आप चौराहे पर आपकी ओर आने वाले ट्रैफ़िक में फँस जाएँ।

भले ही आपके लिए हरी ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट हो, यदि कोई वाहन आपके रास्ते में हैं, तो चौराहा पार करना शुरू न करें।

बाईं ओर मुड़ते समय, बस इसलिए मुड़ना शुरू न कर दें कि सामने वाले वाहन ने राइट टर्न सिग्नल चालू किया है। हो सकता है कि ड्राइवर ठीक आपके पीछे मुड़ना चाहे, या पिछले टर्न से ही सिग्नल चालू रह गया हो। यह मोटरसाइकिल के बारे में विशेष रूप से सही है। उनके सिग्नल लाइट अक्सर स्वचालित रूप से बंद नहीं होते हैं। जारी रखने से पहले आप दूसरे ड्राइवर का वास्तव में मुड़ना शुरू करने की प्रतीक्षा करें।

बाहर निकलने के लिए जगह

जब आप फ़्री-वे से बाहर निकलना चाहें, तो स्वयं को पर्याप्त समय दें। आपको उस फ़्री-वे निकास का नाम और नंबर ज्ञात होना चाहिए जिसे आप चाहते हैं और जो उससे पहले आता है। सुरक्षित रूप से बाहर निकलने के लिए:

- संकेत दें, अपने कंधे से ऊपर देखें और एक-एक करके लेन बदलें, जब तक कि आप फ़्री-वे से बाहर निकलने के लिए सही लेन में न आ जाएँ।
- निकास तक पहुँचने से पहले लगभग 5 सेकेंड तक बाहर निकलने के अपने इरादे का संकेत दें।
- सुनिश्चित करें कि आप ट्रैफ़िक लेन छोड़ने के लिए समुचित गति पर हैं-ज़्यादा तेज़ नहीं (ताकि आपका नियंत्रण बना रहे) और ज़्यादा धीमे नहीं (ताकि ट्रैफ़िक प्रवाह फिर भी आसानी से गतिशील हो)।

अन्य ट्रैफ़िक को पार करना

पार करने के लिए जगह और स्पीड

पार करने से पहले हमेशा संकेत दें। जब तक आपको यह न पता हो कि वापस अपने लेन में आने के लिए पर्याप्त जगह है, पार करने के लिए रवाना न हों।

दो लेन वाली सड़कों पर, मोटरसाइकिलों और साइकिलों सहित अन्य वाहनों से आगे निकलने से बचें; यह ख़तरनाक है। जब भी आप आगे निकलते हैं, आप टक्कर मारने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाते हैं। तथापि, जब आप किसी साइकिल सवार के पास से निकलें, तो धीरज रखें। गति धीमी करें और जब और जहाँ संभव हो, अपने वाहन तथा साइकिल सवार के बीच न्यूनतम 3 फ़ीट का अंतराल अनुमत करते हुए केवल सुरक्षित स्थिति में पार करें। साइकिल सवार से तब तक आगे न निकलें जब तक कि ऐसा करना सुरक्षित न हो और साइकिल सवार को सड़क से बाहर न धकेल रहे हों।

50-55 मील प्रति घंटा की हाई-वे स्पीड पर, आपको निकट आने वाले ट्रैफ़िक को सुरक्षित रूप से आगे निकलने के लिए 10-12 सेकेंड की ज़रूरत होगी। 55 मील प्रति घंटा पर, आप 10-12 सेकेंड में 800 फ़ीट से अधिक यात्रा करेंगे; और निकट आने वाला वाहन भी उतनी ही दूरी तय करेगा। इसका मतलब है कि सुरक्षित रूप से पार करने के लिए आपको 1,600 फ़ीट से अधिक (या लगभग ⅓ मील) की ज़रूरत होगी। आपसे दूर ⅓ मील या अधिक की दूरी से निकट आने वाले वाहनों की गति को देखना और अंदाज़ा लगाना मुश्किल होता है।

जब कभी आपका निम्न से सामना हो तो आपको अनुमान लगाना चाहिए कि क्या आपके पास पार करने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है:

- निकट आने वाला वाहन।
- कोई पहाड़ी या घुमाव।
- चौराहा।
- सड़क बाधा।

पार न करें:

- यदि आप किसी पहाड़ी या घुमाव के समीप पहुँच रहे हैं और आप यह देख नहीं पा रहे हैं कि क्या कोई अन्य वाहन पास आ रहा है।
- किसी चौराहे से 100 फ़ीट के भीतर।

वाहन अपनी वास्तविक गति से कम गति पर गतिशील प्रतीत हों। कोई वाहन जो पर्याप्त दूरी पर हो सामान्यतः स्थिर खड़ा हुआ प्रतीत होता है। दरअसल, जब आप उसे अपने पास आते हुए देखते हैं, तो वह शायद आपके बहुत पास हो कि आप पार करना शुरू न कर सकें।

लौटने के लिए जगह

अपने ड्राइविंग लेन में वापस लौटने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपने जिस वाहन को अभी पार किया है उसके आप ख़तरनाक रूप से नज़दीक नहीं हैं। ऐसा करने का एक तरीक़ा है कि आप अपने अंदरूनी रियर व्यू मिरर में वाहन की तलाश करें। जब आप अपने रियर व्यू मिरर में दोनों हेडलाइट्स को देख सकें, तो आपके पास अपने ड्राइविंग लेन में लौटने के लिए पर्याप्त जगह है। यह मान कर न चलें कि एक साथ कई वाहनों को पार करने के लिए पर्याप्त समय है या कि अन्य ड्राइवर आपके लिए जगह छोड़ेंगे।

सड़क साझा करना

बड़े ट्रक (बड़े साजो-सामान वाले) और मनोरंजनात्मक वाहन (RVs)

बड़े ट्रक या RV से टकराने के मौक़ों को कम करने के लिए, आपको बड़े रिग की भौतिक क्षमताओं और उसकी चाल से परिचित होना चाहिए।

ब्रेक लगाना

बड़े ट्रक रुकने में उसके समान गति से ही सफ़र करने वाले वाहनों की तुलना में अधिक समय लेते हैं। 55 मील प्रति घंटा की गति से सफ़र करने वाला औसत यात्री वाहन 400 फ़ीट के अंदर रुक सकता है। तथापि, उसी गति से सफ़र करने वाले बड़े ट्रक को रुकने के लिए लगभग 800 फ़ीट लग सकते हैं। बड़े ट्रक के सामने न आएँ और अचानक गति धीमी न करें या न रुकें। ट्रक ड्राइवर जल्दी रोकने में सक्षम नहीं होगा ताकि आपसे टकराने से बचे।

ट्रकर का ब्लाइंड स्पॉट-"नो ज़ोन"



छायांकित क्षेत्र ड्राइवर के अंध बिंदु हैं।

यात्री वाहन के ड्राइवरों की ग़लत मान्यता होती है कि ट्रकर सड़क को बेहतर देख सकते हैं क्योंकि उनकी सड़क से अधिक ऊँचाई होती है। हालाँकि ट्रकरों को आगे का दृश्य बेहतर दिखाई देता है और उनके पास बड़े मिरर होते हैं, लेकिन उनके लिए भी अंध बिंदु हैं और वाहन उन अंध बिंदुओं पर नियंत्रण खो सकता है। यदि आप उन अंध बिंदुओं पर खड़े रहते हैं, तो आप ख़तरनाक स्थिति से बचने के लिए आकस्मिक कार्रवाई करने में ट्रकर की क्षमता को अवरुद्ध कर रहे हैं। सामान्य रूप से कहना हो, तो यदि आप ट्रक ड्राइवर को उसके साइड मिरर में नहीं देख पा रहे हैं, तो वह भी आपको नहीं देख पाएगा। इन अंध बिंदुओं को अक्सर "नो ज़ोन (NO ZONE)" कहा जाता है।

मोड़ना

जब वाहन मुड़ता है, तो पीछे के पहिये सामने वाले पहियों की तुलना में छोटे पथ का अनुसरण करते हैं। वाहन जितना लंबा होगा, टर्निंग पथ में उतना ही ज़्यादा अंतर होगा। इसलिए बड़े रिग ड्राइवरों को अक्सर राइट टर्न लेने के लिए चौड़ाई में घूमना पड़ता है। जब आप किसी बड़े रिग का अनुसरण कर रहे हों, तो पार करने से पहले उसके टर्न सिग्नल पर ग़ौर करें। यदि ट्रक बाएँ मुड़ता प्रतीत हो, तो दुबारा टर्न सिग्नलों की जाँच करें; हो सकता है कि ड्राइवर दरअसल राइट टर्न ले रहा होगा लेकिन पहले चौड़ाई में घुमा रहा हो।

कुशल गतिशीलता

यात्री वाहनों की तुलना में ट्रक उतनी कुशलता से गतिशील नहीं होते। बड़े ट्रकों की रुकने और शुरु करने की लंबी दूरियाँ होती है। वे मुड़ने में ज़्यादा जगह घेरते हैं और उनका वज़न अधिक होता है। जब कोई संकेत न लगा हो, तो इन वाहनों को दाईं ओर की ट्रैफ़िक लेन में या यथा संभव सड़क के दाएँ किनारे की ओर चलाना चाहिए। एक दिशा में 4 या अधिक ट्रैफ़िक लेनों वाले विभाजित हाई-वे पर, इन वाहनों को दाईं ओर की लेन के ठीक बाएँ भी चलाया जा सकता है।

बड़े ट्रक के आस-पास चलाते समय इन ग़लतियों से बचें:

- **किसी निकास या मोड़ पर पहुँचने के लिए ट्रैफ़िक या हाई-वे पर ट्रक का रास्ता काटना।** ट्रक के सामने खुली जगह उसका रास्ता काटना ख़तरनाक हो सकता है। उदाहरण के लिए, सिंगल लेन वाले निर्माण ज़ोन में ट्रक को पछाड़ने की कोशिश करना, ट्रक ड्राइवर का सुरक्षा कुशन हटाता है और आपको तथा अन्य लोगों को ख़तरे में डालता है। गति

धीमी करें और निर्माण ज़ोन में प्रवेश करने की अपनी बारी का इंतज़ार करें। ट्रक को पार करने के लिए स्पीड न बढ़ाएँ, ताकि आप रोड-वे से बाहर निकल सकें। गति धीमी करने के लिए समय निकालें और ट्रक के पीछे से बाहर निकलें– इसमें केवल चंद अतिरिक्त सेकंड ही लग सकते हैं।

- **पार करते समय ट्रक के बाज़ू झूलते रहना।** हमेशा बड़े ट्रक को बाईं ओर से पार करें, और ट्रक को पार करने के बाद, उससे आगे निकल जाएँ। झूलते न रहें। अन्यथा, आप सड़क पर आगे कोई बाधा आने पर आकस्मिक कार्रवाई करने के लिए ट्रकर के लिए असंभव न सही, बहुत बड़ी परेशानी ज़रूर खड़ी करेंगे।
- **बहुत नज़दीक से अनुसरण करना या टेलगेटिंग।** जब आप किसी ट्रक का पीछे इतनी नज़दीकी से अनुसरण करते हैं कि आप ट्रक ड्राइवर के साइड व्यू मिरर नहीं देख पाते हैं, तो ट्रकर भी आपको देख नहीं पाएगा और उसके पास यह जानने का कोई उपाय नहीं कि आप वहाँ मौजूद हैं। ट्रक, या किसी वाहन की टेलगेटिंग ख़तरनाक है, क्योंकि यदि आपके सामने वाला वाहन तीव्रता से रुक जाए, तो आप इस तरह अपनी सुरक्षा का कवच भी खो देते हैं।
- **निकट आने वाले ट्रैक्टर-ट्रेलर के आकार तथा स्पीड का ग़लत अनुमान लगाना।** एक बड़ा ट्रैक्टर-ट्रेलर अक्सर अपने बड़े आकार के कारण धीमी गति से यात्रा करता हुआ *प्रतीत* होता है। यात्री वाहन और बड़े ट्रक के बीच कई टक्कर चौराहों पर होते हैं, जब यात्री वाहन का ड्राइवर यह अनुमान नहीं लगा पाता कि ट्रक कितने पास है और कितनी तेज़ी से सफ़र कर रहा है।

बस, स्ट्रीटकार, और ट्रॉलियाँ

सुरक्षा ज़ोन के ज़रिए ड्राइव न करें। यह जगह पैदल चलने वालों के लिए अलग रखा गया है, और सड़क पर उभरे बटन या मार्करों से चिह्नित होता है।

जब लोग ऐसी जगह स्ट्रीटकार या ट्रॉली में चढ़ते या उतरते हैं जहाँ कोई सुरक्षा ज़ोन न हों, तो वाहन के निकटतम दरवाज़े या वाहन प्लैटफॉर्म के पीछे रुकें और लोगों के सुरक्षित जगह पर पहुँचने तक प्रतीक्षा करें।

जब कोई बस, स्ट्रीटकार, या ट्रॉली को ऐसे सुरक्षा ज़ोन या चौराहे पर रुकी होती है, जहाँ ट्रैफ़िक किसी शांति अधिकारी या ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट द्वारा नियंत्रित किया जा रहा हो, तो आप 10 मील प्रति घंटा से अधिक गति पर आगे नहीं निकल सकते।

किसी लाइट रेल वाहन या स्ट्रीटकार को बाईं ओर से ओवरटेक और पार न करें, चाहे वह गतिशील हो या खड़ा हो।

अपवाद:

- जब आप एक-तरफ़ा गली में हों।
- जब ट्रैक दाईं ओर इतने क़रीब हों कि आप दाईं ओर से पार नहीं कर सकते हैं।
- जब ट्रैफ़िक अधिकारी आपको बाईं ओर से पार करने का निर्देश देता है।

लाइट-रेल वाहन

लाइट-रेल वाहनों को सार्वजनिक सड़कों पर अन्य वाहनों के समान ही अधिकार और जिम्मेदारियाँ प्राप्त हैं। हालाँकि हर किसी को एकसमान ट्रैफ़िक क़ानूनों का पालन करना चाहिए, तथापि लाइट-रेल वाहनों के लिए उनके आकार के कारण असाधारण संचालन क्षमता की आवश्यकता है।

निम्न द्वारा लाइट-रेल वाहनों के साथ सड़क सुरक्षित रूप से साझा करें:

- जानकारी रखें कि लाइट-रेल वाहन कहाँ संचालित करते हैं। इमारतें, पेड़ आदि ट्रॉली ऑपरेटर के लिए अंध बिंदु उत्पन्न करते हैं।
- *कभी भी* पास आने वाले लाइट-रेल वाहन के सामने *न* मुड़ें।

लाइट-रेल वाहनों के सामने न मुड़ें।

- लाइट-रेल वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखना यदि वह किसी वाहन यातायात के साथ सड़क साझा करता है।

सुरक्षा ज़ोन बिंदीदार सफ़ेद रेखाओं से चिह्नित होते हैं।



- ट्रैक के आर-पार जाने से पहले आप सामने से आने वाले लाइट-रेल वाहनों पर नज़र रखें। अपना टर्न केवल तब पूरा करें जब कोई ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट सूचित करें कि आप आगे बढ़ सकते हैं।

ध्यान दें: लाइट-रेल वाहन ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों को बाधित कर सकते हैं। ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट द्वारा आपको आगे बढ़ने की सूचना देने तक आगे न बढ़ें।

एमर्जेन्सी वाहन

आपको किसी पुलिस वाहन, फ़ायर इंजन, एम्ब्युलेंस, या साइरन तथा रेड लाइट का उपयोग करने वाले अन्य एमर्जेन्सी वाहन को रास्ता देना चाहिए। सड़क के दाईं ओर किनारे पर पहुँचें और एमर्जेन्सी वाहन(नों) के गुज़रने तक रुक जाएँ। तथापि, **किसी चौराहे पर कभी न रुकें।** यदि आप किसी चौराहे पर हों जब एमर्जेन्सी वाहन को देखें, जब आप एक चौराहे में हैं, चौराहे के माध्यम से गुज़रना जारी रखें और फिर, जब सुरक्षित हो वाहन दाईं ओर ले जाएँ और रुकें। एमर्जेन्सी वाहन अक्सर अपना रास्ता तय करने के लिए सड़क की उल्टी दिशा का उपयोग करते हैं। वे कभी-कभी ड्राइवरों का रास्ता रोकते हुए उनसे बात करने के लिए लाउड-स्पीकर का उपयोग करते हैं।

एमर्जेन्सी वाहनों को रास्ता दें।

आपको ट्रैफ़िक या शांति अधिकारी, या फ़ायर फ़ाइटर द्वारा दिए गए किसी भी यातायात दिशा, आदेश, या संकेतों का पालन करना चाहिए है, भले ही वह वर्तमान संकेत, सिग्नल या क़ानून के विरुद्ध हो।

किसी दमकल, पुलिस वाहन, एम्ब्युलेंस, या साइरन अथवा टिमटिमाते लाइट वाले किसी अन्य एमर्जेन्सी वाहन के पीछे 300 फ़ीट के अंदर अनुसरण करना क़ानून के खिलाफ़ है (CVC §21706)।

यदि आप आग, दुर्घटना या अन्य आपदा वाले स्थान तक दृश्यावलोकन के प्रयोजन से ड्राइव करते हैं, तो आपकी गिरफ़्तारी संभव है। आकस्मिक प्रेक्षक पुलिस, फ़ायर फ़ाइटर,

एम्ब्युलेंस कर्मी, या अन्य बचाव या एमर्जेन्सी कर्मचारियों की आवश्यक सेवाओं के साथ हस्तक्षेप करते हैं।

धीमी गति से चलने वाले वाहन

कुछ वाहन ट्रैफ़िक की स्पीड के साथ गति बनाए रखने के लिए डिज़ाइन नहीं किए जाते हैं।

फ़ॉर्म ट्रैक्टर, पशु द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियाँ, और सड़क रख-रखाव वाहन आमतौर पर 25 मील प्रति घंटा या उससे कम रफ़्तार पर यात्रा करते हैं। धीमी गति से चलने वाले वाहनों में वाहन के पीछे नारंगी/लाल त्रिकोण लगा होता है। वह नीचे दी गई तस्वीर में प्रदर्शित संकेत के समान दिखता है। इन वाहनों का ध्यान रखें और उन तक पहुँचने से पहले अपनी गति को समायोजित करें।



धीमी गति से चलने वाला वाहन

साथ ही, जानें कि बड़े ट्रक, साइकिल सवार, और छोटे न्यून-शक्तिचालित कार लंबे या ढलान वाली पहाड़ियों पर गति खो देती है और ट्रैफ़िक में प्रवेश करते समय उन्हें स्पीड प्राप्त करने में अधिक समय लगता है।

अन्य प्रकार के धीमी गति से संचालित मोटरचालित वाहन, जैसे कि व्हीलचेयर, स्कूटर, नेबरहुड इलेक्ट्रिक वाहन (NEVs) और गोल्फ़ कार्ट क़ानूनन सार्वजनिक सड़कों पर संचालित किये जा सकते हैं। उन्हें जगह देने के लिए तदनुसार अपनी स्पीड को समायोजित करें।

नेबरहुड इलेक्ट्रिक वाहन (NEV) और कम गति वाले वाहन (LSV)

आपने कैलिफ़ोर्निया के कुछ शहरों में, विशेषतः सेवानिवृत्त समुदायों और गोल्फ़ कोर्स के निकट सड़कों पर **केवल NEV के उपयोगार्थ (NEV USE ONLY)** या **NEV मार्ग (NEV ROUTE)** चिन्हित लेनें या लगे हुए संकेतों को देखा होगा। जब आप इन संकेतों या चिह्नों को देखें, तो सड़क पर धीमी गति से चलने वाले वाहनों पर नज़र रखें। NEVs और LSVs को उन सड़कों पर प्रतिबंधित किया गया है जहाँ गति सीमा 35 मील प्रति घंटा से अधिक है (CVC §§385.5 and 21260)। NEV और LSV वाहन 25 मील प्रति घंटा की अधिकतम गति तक ही पहुँच पाते हैं।

पंजीकृत NEVs और LSVs के मालिकों का वित्तीय उत्तरदायित्व क़ानून का पालन करना ज़रूरी है और वाहन चलाने के लिए ड्राइवर लाइसेंस (DL) होना आवश्यक है।

पशु द्वारा खींचे जाने वाले वाहन

घोड़े द्वारा खींचे जाने वाले वाहन और घुड़सवार या अन्य पशु मोटर वाहनों के साथ सड़क साझा करने के लिए पात्र हैं। पशुओं को डराना या पशुओं की भगदड़ यातायात अपराध है। यदि आवश्यक हो, या किसी सवार या चरवाहे द्वारा अनुरोध किया जाए, तो गति धीमी करें या रुकें।

मोटरसाइकिलें

मोटरसाइकिल चालकों के वही अधिकार और उत्तरदायित्व हैं जो ऑटोमोबाइल चालकों के हैं। जब कि सभी लोगों को एकसमान ट्रैफ़िक क़ानूनों का पालन करना चाहिए, मोटरसाइकिल चालक अतिरिक्त ख़तरों का सामना करते हैं क्योंकि मोटरसाइकिल के लिए असाधारण संचालन क्षमता की ज़रुरत है और वे मुश्किल से देख पाते हैं। इसलिए, कई मोटरसाइकिल चालक दिन में भी अपने हेडलाइट चालू रखते हैं।

आगे से हो या पीछे से, एक मोटरसाइकिल का ढाँचा, चाहे 2 या 3 पहिया हो, यात्री वाहन के ढाँचे से छोटा होता है। अधिकांश ड्राइवर सड़क पर बड़े वाहनों पर नज़र रखते हैं लेकिन मोटरसाइकिल पर ग़ौर नहीं करते हैं।

मोटरसाइकिल चालक अपने देखे जाने की संभावना को बढ़ाते हुए ऐसी कई चीज़ें कर सकते हैं जिससे दूसरों को उन्हें पहचानना आसान हो जाए।

- भड़कीले रंग का जैकेट, वेस्ट और हेलमेट पहनें।
- हेलमेट और वस्त्रों पर परावर्तक सामग्री धारण करें।
- लेन बदलने या मुड़ने की योजना बनाने पर टर्न सिग्नलों का उपयोग करें।
- गति धीमी करने से पहले अपने ब्रेक लाइट को फ़्लैश करें ताकि दूसरों को मोटरसाइकिल को नोटिस करने में मदद मिले।

मार्ग संबंधी अधिकार का **सम्मान** करने के लिए इन नियमों का पालन करें और मोटरसाइकिल चालकों के साथ सड़क साझा करें:

- जब आप लेन बदलें या मुख्य मार्ग में प्रवेश करें, तब मोटरसाइकिल की नज़रों से तलाश करें। अपने मिरर का भी उपयोग करें। मोटरसाइकिल छोटी होती हैं और आसानी से वाहन के अंध बिंदुओं में ग़ायब हो सकती हैं।
- 4-सेकंड की अनुसरण दूरी अनुमत करें। यदि मोटरसाइकिल सवार अचानक ब्रेक लगाए या मोटरसाइकिल से गिर पड़े, तो उससे टकराने से बचने के लिए आपको इस जगह की ज़रूरत होगी। सामान्यतः यात्री वाहनों की तुलना में मोटरसाइकिल तेज़ी से रुक सकती हैं।
- मोटरसाइकिल को पूरे लेन की चौड़ाई अनुमत करें। हालाँकि मोटरसाइकिल के साथ लेन साझा करना ग़ैर क़ानूनी नहीं है, लेकिन यह असुरक्षित है।
- कभी आपके द्वारा मोटरसाइकिल के साथ साझा किए जाने लेन में मोटरसाइकिल को पार न करें।
- जब आप टर्न लेना चाहें, मोटरसाइकिल चालक को देखें और मुड़ने से पहले उसकी गति का अनुमान लगाएँ।
- गतिशील ट्रैफ़िक के बग़ल में दरवाज़ा खोलने या दाएँ मुड़ने से पहले मोटरसाइकिल चालक के लिए सावधानी से देखें।
- याद रखें कि सड़क की स्थितियाँ, जो आपके लिए छोटी दिक्कतें हैं, वे मोटरसाइकिल चालकों के लिए बड़े ख़तरे पैदा करती हैं। गड्ढे, बजरी, गीले या फिसलन वाली सतहों, फुटपाथ स्तर, रेलवे क्रॉसिंग, और खाँचेदार सड़क मोटरसाइकिल चालकों को अचानक गति या दिशा बदलने के लिए मजबूर कर सकती हैं। यदि आप इन परिस्थितियों के प्रभाव के बारे में जानते हैं और सावधानी से तथा ध्यानपूर्वक ड्राइव करते हैं, तो आप मोटरसाइकिल चालकों को लगने वाली चोटों और मौतों को कम करने में मदद कर सकते हैं। मोटरसाइकिल सुरक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, 1-877-RIDE-411 या **www.californiamotorcyclist.com** पर कैलिफ़ोर्निया मोटरसाइकलिस्ट सेफ़्टी प्रोग्राम से संपर्क करें।

साइकिलें

साइकिल सवार मोटर वाहनों के साथ सड़क का साझा प्रयोग करने के हकदार हैं। ज़्यादातर लोग साइकिल से यात्रा करने का चुनाव करते हैं क्योंकि इससे ट्रैफ़िक से बचा जा सकता है और वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। साइकिल सवारों का भी मोटर वाहन चालकों की तरह ट्रैफ़िक के क़ानूनों का पालन करना ज़रूरी है। साइकिल सवारों की जिम्मेदारियों में शामिल हैं:

- सभी यातायात संकेतों और ट्रैफ़िक सिग्नल लाइटों का पालन करना।
- ट्रैफ़िक की दिशा में ही गाड़ी चलाना।
- लेनें बदलने या मुड़ने के लिए सिग्नल देना।
- पैदल यात्रियों के लिए रुकना।

- एक हेलमेट पहनना (यदि 18 साल से कम आयु के हों)।
- जब सुरक्षित हो तो तेज़ चलने वाले ट्रैफ़िक को आगे निकलने देना।
- जब अन्धेरा हो तो उचित, परावर्तक कपड़े पहनना।
- नज़र में रहना (अर्थात कभी भी खड़ी हुई गाड़ियों के बीच से घूमते हुए न निकलें)।
- जब साइकिल सवारों के समूह के साथ सवारी कर रहे हों तो एक ही लाइन में चलें।
- जितना संभव हो सड़क की दाईं पटरी या किनारे के समीप सवारी करना–फुटपाथ पर नहीं।
- ड्राइवरों के समान ही, उन्हीं मुड़ने वाली लेनों का उपयोग करते हुए बाएँ और दाएँ मुड़ना। यदि साइकिल सवार आगे सीधे सफ़र कर रहा है, तो उसे पटरी के बाज़ू से सवारी करते हुए दाईं ओर मुड़ने वाले ट्रैफ़िक को बाधित करने के बजाय सीधी ट्रैफ़िक लेन का उपयोग करना चाहिए।
- पहचान-पत्र (ID) साथ रखना।

सड़क पर तब तक साइकिल नहीं चलानी चाहिए जब तक कि साइकिल में एक ऐसा ब्रेक न लगा हो जो चालक को सूखे, समतल, साफ़ फ़ुटपाथ पर एक पहिये को लॉक कर देने में सक्षम करता है।

अंधेरे में, साइकिल सवार को गहरे रंग के कपड़े पहनने से बचना चाहिए और निम्नलिखित साधन होना **ज़रूरी** है:

- 300 फ़ीट की दूरी से नज़र आने वाला उजला प्रकाश बिखेरता हुआ आगे लगा एक लैम्प।
- एक पीछे लगा लाल रिफ़्लेक्टर या एक बिल्ट-इन रिफ़्लेक्टर के साथ ठोस या फ्लैश करती हुई लाल लाइट जो 500 फ़ीट की दूरी से नज़र आती हो।
- प्रत्येक पेडल पर या साइकिल सवार के जूतों या टखनों पर सफ़ेद या पीला रिफ़्लेक्टर जो 200 फ़ीट की दूरी से नज़र आता हो।

साइकिल सवारों को सड़क पर चलाने का अधिकार है और वे कर सकते हैं:

- क़ानूनन ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क के कुछ हिस्सों पर सवारी करने की अनुमति हो सकती है जहाँ कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है।

साइकिल सवार के लिए मोड़



विशेष लेन सहित चौराहे



- पार्क किए गए या गतिशील वाहन, साइकिल, पशु से आगे निकलने के लिए या मलबा या अन्य ख़तरों से बचने के लिए बाएँ हो जाना।
- एक-तरफ़ा सड़क की बाईं पटरी या किनारे के समीप सवारी करने का चयन करना।

ट्रैवल लेन्स में साइकिलें

यात्रा या ट्रैवल लेन में साइकिल सवार से आगे निकलते समय, आपको अपने वाहन तथा साइकिल सवार के बीच कम से कम 3 फ़ीट की दूरी रखनी चाहिए, बशर्ते कि ऐसा करने से कोई ख़तरा पेश न होता हो। ऐसे मामलों में, गति धीमी करें और जब सुरक्षित स्थिति हो तो साइकिल सवार से आगे निकलें।

सही



ग़लत

जब संकरी गली या सड़क का कोई ख़तरा, ऐसी स्थिति में सवार करना असुरक्षित बनाए जो वाहन को पार करने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराए, तो साइकिल सवार लेन के बीच की जगह घेर सकते हैं। किसी भी धीमी गति वाले वाहन या साइकिल के मामले में, ड्राइवरों को सुरक्षित दूरी बनाई रखनी चाहिए। जब सुरक्षित हो, साइकिल सवार को ऐसी स्थिति ग्रहण करनी चाहिए जहाँ वाहन उसे पार कर सके। याद रखें, साइकिल सवार दूसरे ड्राइवरों के साथ सड़क साझा करने के हक़दार हैं।

साइकिल सवार को वाहन और मोटरसाइकिल चालकों के समान वही अधिकार और उत्तरदायित्व हासिल हैं।

साइकिल सवार के मार्ग अधिकारों का सम्मान करें क्योंकि वे अन्य ड्राइवरों के साथ सड़क साझा करने के हक़दार हैं। साइकिल आपके अनुमान से कहीं ज़्यादा तेज़ी से सफ़र कर रहा होगा। साइकिल सवार के आगे न मुड़ें बशर्ते कि सुरक्षित रूप से टर्न लेने के लिए पर्याप्त समय है। ये रहे ड्राइवर तथा साइकिल सवार द्वारा याद रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातें। मोटर वाहन के ड्राइवरों को चाहिए कि वे:

- हमेशा गतिशील ट्रैफ़िक के बग़ल में या मुड़ने से पहले दरवाज़ा खोलने से पूर्व साइकिल चालक के लिए सावधानी से देखें।
- ट्रैफ़िक में खोले जाने वाले वाहन के दरवाज़े से टकराने से बचने के लिए साइकिल सवार को पर्याप्त जगह अनुमत करें।
- केवल सुरक्षित स्थिति में पटरी की दिशा में या बाइक लेन में मिल जाएँ।
- मुड़ने से ठीक पहले किसी साइकिल सवार को पार करने की कोशिश न करें। जब अनुमत हो केवल तब सुरक्षित रूप से मिल जाएँ, फिर टर्न करें।
- बाइक लेन में ड्राइव न करें बशर्ते कि किसी चौराहे या ड्राइव-वे पर मुड़ना शुरू कर रहे हों, और वह भी 200 फ़ीट से ज़्यादा पहले।
- लेन बदलते या ट्रैफ़िक में प्रवेश करते समय साइकिल सवार के लिए नज़रों से जाँचें। साइकिल छोटी होती हैं और वाहन के अंध बिंदु में छिप सकती हैं।
- दो-तरफ़ा हाई-वे या फ़्री-वे पर साइकिल सवार के पास जाते समय या उसे पार करते समय सावधानी बरतें।

नेत्रहीन पैदल चलने वाले

गाइड कुत्तों या लाल नोक सहित या रहित सफ़ेद छड़ियों का उपयोग करने वाले पैदल चलने वालों को हमेशा पहले रास्ता देना चाहिए। ये पैदल चलने वाले आंशिक रूप से या पूरी तरह अंधे होते हैं।

जब ये पैदल चलने वाले आपकी नज़रों के पास हों, तब कोनों पर मुड़ते समय या पीछे वाहन हटाते समय विशेष रूप से सावधान रहें, ख़ासकर यदि आप शांत हाइब्रिड वाहन चला रहे हैं।

ये रहे नेत्रहीन पैदल चलने वालों की सहायता के लिए कुछ सुझाव:

- **किसी स्टॉप लाइट या साइन पर, अपने वाहन को पारपथ से 5 फ़ीट से अधिक दूरी पर न रोकें, बशर्ते कि वहाँ अग्रिम स्टॉप बार (लाइन)**

हो। अंधे पैदल चलने वाले आपके वाहन की ध्वनि पर निर्भर करते हैं ताकि आपके वाहन की उपस्थिति के बारे में जागरूक हो सकें; इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप पारपथ से 5 फ़ीट के अंदर अपना वाहन रोकें। संकर या बिजली से चलने वाले वाहन के ड्राइवरों को विशेष रूप से जागरूक रहना चाहिए कि इंजन शोर की कमी के कारण पैदल चलने वाले अंधे लोग यह नहीं जान पाएँगे कि उनके पास वाहन है। इस संकेत का पालन करें: जब कोई अंधा व्यक्ति अपनी छड़ी को अंदर की ओर खींचता है और चौराहे से दूर जाता है, तो इस संकेत का मतलब है कि वे सड़क पार करने के लिए तैयार नहीं हैं और आप जा सकते हैं।

- **उन सभी पारपथों पर रुकें जहाँ पैदल चलने वाले प्रतीक्षा कर रहे हैं।** पैदल चलने वाले द्वारा सड़क पार करने की प्रतीक्षा करें।
- **किसी पारपथ के बीच में न रुकें।** यह नेत्रहीन पैदल चलने वाले को आपके वाहन के चारों ओर घूमने तथा पारपथ के बाहर ट्रैफ़िक में जाने के लिए मजबूर करता है।
- **नेत्रहीन पैदल चलने वाले को मौखिक रूप से दिशा निर्देश न दें।** नेत्रहीन पैदल चलने वाला सड़क पार करने का निर्णय लेने से पहले सभी ट्रैफ़िक ध्वनियों को सुनता है।
- **पहले बिना देखे दाईं ओर न मुड़ें।** आप मुड़ना शुरू करने से पहले किसी पैदल चलने वाले, विशेष रूप से नेत्रहीन पैदल चलने वाले या ट्रैफ़िक को देखें। नेत्रहीन पैदल चलने वाले, जिनके लिए हरी बत्ती जल रही है, उनके सामने से ड्राइवर द्वारा राइट टर्न लेने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। मुड़ने के परिणामस्वरूप नेत्रहीन पैदल चलने वाले का ध्यान भटक सकता है और वह सड़क पार करने का प्रयास करते हुए किसी अन्य दाएँ मुड़ने वाले वाहन की चपेट में आ सकता है।
- **नेत्रहीन व्यक्ति के लिए अपना हॉर्न न बजाएँ।** नेत्रहीन व्यक्ति नहीं जान पाएगा कि आप किसके लिए हॉर्न बजा रहे हैं और शोर से चौंक सकता है।
- **किसी फ़ुटपाथ को अवरुद्ध न करें।**

सड़क श्रमिक और काम के क्षेत्र ("कोन ज़ोन")

सड़क का काम चलते समय क़रीब से ध्यान दें। संकेत और संदेश पट्ट आपको श्रमिकों, धीमी गति से संचालित उपकरण, और आगे बंद रास्तों के बारे में चेतावनी देते हैं। कोन, ड्रम और अन्य अवरोध काम के क्षेत्र में आपको दिशा निर्देश देते हैं। अपनी गति कम करें और हाई-वे उपकरण के लिए गति धीमी करने या रुकने के लिए तैयार रहें। सुरक्षित स्थिति में और बिना कोन या ड्रम को पार किए यातायात में मिल जाएँ। काम के क्षेत्रों में जहाँ लेन संकरे हों या जहाँ ढलान बंद हो, साइकिल और "सड़क साझा करें (share the road)" पर नज़र रखें जब वे मौजूद हों। वर्क ज़ोन स्पीड लिमिट और गति कम करने के चेतावनी संकेतों पर नज़र रखें।

काम के क्षेत्रों में मृत्यु और चोट लगने के सबसे सामान्य कारण है पीछे से लगने वाली टक्करें। दरअसल, काम के क्षेत्रों में मरने वाले अधिकांश लोग ड्राइवर और यात्री होते हैं। **अपनी सुरक्षा और अपनी सवारियों की सुरक्षा के लिए** काम के क्षेत्र को सावधानी से पार करना, गति धीमी करना याद रखें, वाहनों के बीच अनुसरण के लिए अतिरिक्त जगह बनाना, शीघ्र यातायात से मिल जाएँ, अचानक वाहनों की गति धीमी होने या रुकने की उम्मीद करें, अंतिम क्षण में लेन बदलने वाले ड्राइवरों पर नज़र रखें, और काम के क्षेत्र में वाहन चलाते समय ध्यान भटकने न दें। ध्यान के खिंचाव में शामिल हैं अपने हैंड्स-फ़्री सेल फ़ोन का उपयोग करना, आवाज़- संदेश पढ़ना/भेजना, और/या अपने GPS तथा मनोरंजन

प्रणालियों को संचालित करना। काम के क्षेत्र में ट्रैफ़िक उल्लंघनों के लिए $1,000 या अधिक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हाई-वे श्रमिक पर हमला करने का दोषी पाए जाने वाले को $2,000 तक का जुर्माना और एक वर्ष तक की क़ैद की सज़ा हो सकती है।

अपनी नज़रें सड़क पर और अपने आस-पास के वाहनों पर रखें। सड़क का काम देखने के लिए रुके नहीं या गति धीमी न करें। श्रमिकों (फ़्लैगर) के विशेष संकेत या निर्देशों का पालन करें। काम के ज़ोन से सावधानी से ड्राइव करने से ड्राइवरों, पैदल चलने वालों, साइकिल सवारों और सड़क पर काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा में सुधार होगा।

डबल फ़ाइन ज़ोन

टक्कर लगने से संबंधित चोट और मृत्यु में वृद्धि के फलस्वरूप, कुछ सड़कों को "सुरक्षा वर्धित-डबल फ़ाइन ज़ोन" के रूप में नामित किया गया है। इन इलाक़ों में और साथ ही, हाई-वे निर्माण या रखरखाव क्षेत्रों में जहाँ श्रमिक मौजूद हों, उल्लंघन के लिए जुर्माना दुगुना किया गया है (CVC §42010)।

बाज़ू हट जाना और धीरे चलाना

ड्राइवरों से अपेक्षा की जाती है कि जब स्टेट हाई-वे या फ़्री-वे के बाज़ू में चमकने वाले एम्बर चेतावनी लाइट प्रदर्शित करते किसी स्थिर एमरजैंसी वाहन या टो ट्रक, या एमरजैंसी फ़्लैशिंग या एम्बर चेतावनी लाइट प्रदर्शित करने वाले परिवहन विभाग (Cal-Trans) वाहन के नज़दीक पहुँच रहे हों, तो उस लेन से परे हट जाएँ, यदि ऐसा करना सुरक्षित हो, या धीरे चलाएँ। यह क़ानून शांति अधिकारियों, टो ट्रक ड्राइवरों, पैरामेडिक्स, कैलट्रान्स कर्मचारियों, और असहाय या चोटिल मोटर चालकों या सड़क कार्य में शामिल कर्मियों की सहायता करने वाले अन्य एमरजैंसी कार्मिकों की मौत को कम करने के लिए तैयार किया गया है। यदि लेन परिवर्तन आवश्यक हो, तो सावधानी बरतें।

ख़तरनाक भार वाले वाहन

खतरनाक लदान प्लाकार्ड

किसी ट्रक पर *डायमंड के आकार* के संकेत का मतलब है कि ट्रक पर मौजूद भार संभावित रूप से ख़तरनाक है (गैस, विस्फोटक आदि)। कैलिफ़ोर्निया हाई-वे गश्ती या पैट्रोल (CHP) या आग विभाग के अधिकारी जानते हैं कि सड़क पर ग़लती से भार गिर जाए, तो क्या करना चाहिए। जो वाहन यह प्रदर्शित करती हों, उन्हें रेल पटरियों को पार करने से पहले रुकने की ज़रूरत है।

महत्वपूर्ण ड्राइविंग सुझाव

सुरक्षित ड्राइविंग की अपेक्षा है कि जब भी आप किसी वाहन को चला रहे हैं तब–सही निर्णय, सजगता, अनुभव और व्यावहारिक बुद्धि का उपयोग करें। सुरक्षित ड्राइविंग का एक और महत्वपूर्ण तत्व है शिष्टाचार। हमेशा विनम्र बने रहें!!!

ट्रैफ़िक की भीड़ के साथ व्यवहार

कैलिफ़ोर्निया के ट्रैफ़िक सेफ़्टी कार्यालय (OTS) के अनुसार ड्राइविंग के आपके तौर-तरीकों में छोटे-मोटे परिवर्तन चिरकालिक ट्रैफ़िक भीड़ को राहत पहुँचाने मदद कर सकते हैं।

निम्नलिखित ड्राइविंग व्यवहार से बचें:

- **जिज्ञासा जताना-**सड़क पर घटित टक्कर या सामान्य से हटकर किसी भी चीज़ को देखने के लिए गति धीमी करना।
- **टेलगेटिंग-**बहुत नज़दीक से अनुसरण करना।
- **अनावश्यक लेन परिवर्तन-फ़्री-**वे लेन में टेढ़ा-मेढ़ा चलाना।
- **ध्यान न देना-**खाना, सजना-सँवरना, सेल फ़ोन पर बात करना, टेक्स्ट मेसेज भेजना, अख़बार पढ़ना, आदि।
- **किसी ख़राब रखरखाव वाले या ख़राब संचालन वाले वाहन को चलाना या ईंधन खत्म होना।**

आक्रामक ड्राइवरों और सड़क पर क्रोधोन्माद से निबटना

आक्रामक ड्राइविंग और सड़क पर उत्पात तब मचता है जब सड़कों पर भीड़, तेज़ी से चलाने और अधीरता के कारण एक ड्राइवर किसी दूसरे ड्राइवर के साथ गुस्से में प्रतिक्रिया करता है। आक्रामक ड्राइविंग और सड़क उत्पात की परिस्थितियों से बचने के लिए:

- अपने गंतव्य पर पहुँचने के लिए अधिक समय अनुमत करें।
- दूसरे ड्राइवरों का रास्ता न काटें।
- बाएँ (फ़ास्ट) लेन में धीमे गाड़ी न चलाएँ।
- किसी वाहन का नज़दीक से अनुसरण न करें।
- अन्य ड्राइवरों को इशारे न करें।
- केवल आपात स्थिति में अपने हॉर्न का उपयोग करें।

निम्न द्वारा किसी संभावित हिंसक घटना को रोकें:

- क्रोधित ड्राइवर से नेत्र संपर्क करने से बचें।
- क्रोधित ड्राइवर को अधिक जगह दें।

आप किस प्रकार के ड्राइवर हैं यह निर्धारित करने के लिए पृष्ठ 69 की प्रश्नावली का जवाब दें।

विशेष ड्राइविंग परिस्थितियाँ

आपकी कार नज़रों के सामने रखें

पृष्ठ 33 के ग्राफ़िक में ड्राइवर के अंध बिंदुओं को दर्शाया गया है। यदि आप केवल अपने मिरर में देखेंगे, तो आप इन अंध बिंदुओं को देख नहीं पाएँगे। अपना सिर घुमा कर देखें कि कहीं कोई वाहन इन अंध बिंदुओं में किसी एक में फँसा तो नहीं है। किसी अन्य ड्राइवर के अंध बिंदु या ब्लाइंड स्पॉट पर बने न रहें। जितनी जल्दी हो सके अपना वाहन पीछे रखें या पार करें।

सड़क की हालत कैसी है

आपकी गति जितनी तेज़ होगी, आपका अपने वाहन पर नियंत्रण उतना ही कम होगा। क़ानूनन निर्धारित गति सीमा पर ड्राइव करने के बजाय, अपनी ड्राइविंग को सड़क की हालत के अनुसार या अपने वाहन के सुरक्षित संचालन को प्रभावित करने वाली किसी चीज़ के प्रति समायोजित करें। उदाहरण के लिए, क्या आपको किसी बर्फ़ीले पहाड़ी सड़क के निचले घुमाव में 35 मील प्रति घंटा (निर्धारित गति सीमा) पर ड्राइव करना चाहिए? कई अनुभवहीन ड्राइवर अपनी ड्राइविंग गति को सड़क की हालत के अनुसार समायोजित नहीं करते हैं जिससे अनुभवी ड्राइवरों की तुलना में उनके द्वारा अधिक "नियंत्रण से बाहर" टक्कर लगते हैं।

घुमाव

घुमावों पर, आपके वाहन पर अधिक मज़बूत बाहरी खिंचाव होता है, जो फिसलन वाली सड़क पर विशेष रूप से ख़तरनाक होता है। बारिश, कीचड़, हिम, बर्फ़ और बजरी सड़क को फिसलन वाले बनाते हैं। यदि घुमाव से पहले गति सीमा का संकेत प्रदर्शित न हो, तो आपको निर्णय लेना होगा कि घुमाव कितना तीक्ष्ण है और तदनुसार अपनी गति का समायोजन करना होगा। घुमाव में प्रवेश से **पहले** गति धीमी करें; आप नहीं जानते

कि आगे क्या हो सकता है (रुका हुआ वाहन, टक्कर आदि)। घुमाव पर ब्रेक लगाने से गाड़ी फिसल सकती है।

भारी ट्रैफ़िक में ड्राइविंग

भारी ट्रैफ़िक में गाड़ी धीमे चलाएँ, ताकि आप रोकने के लिए उपलब्ध दूरी के अंदर गाड़ी रोक सकें।

सामान्य नियम के रूप में, गाड़ी अधिक धीमे चलाएँ:

- पार्किंग और शहरी इलाक़ो में।
- भारी ट्रैफ़िक वाली सड़कों पर।
- जब आप अपने सामने कई वाहनों के ब्रेक लाइट देखें।
- संकरे पुल और सुरंगों में।
- टॉल प्लाज़ा में।
- स्कूल, खेल के मैदान और आवासीय क्षेत्रों के पास।

ट्रैफ़िक स्पीड

टक्कर लगने की संभावना तब और बढ़ जाती है जब एक ड्राइवर सड़क पर मौजूद अन्य वाहनों की तुलना में तेज़ या धीमे गाड़ी चलाएँ।

यदि आप दूसरे ट्रैफ़िक से तेज़ चलाते हैं, तो आप टक्कर में फँसने के अपनी संभावनाओं को बढ़ाते हैं। तेज़ गाड़ी चलाने से ज़्यादा समय की बचत नहीं होती।

अन्य वाहनों की तुलना में धीमी ड्राइविंग या अचानक रुकना ज़्यादा ख़तरनाक नहीं, तो कम से कम उतना ही ख़तरनाक हो सकता है जितना की तेज़ गाड़ी चलाना, क्योंकि आप पिछले हिस्से में टक्कर या अन्य ड्राइवरों को आपके वाहन से बचने के लिए झटके से मुड़ने पर मजबूर करते हैं। यदि आप फ़ास्ट लेन में हैं और आपने दाएँ लेन में आपको पार करने के लिए गतिशील वाहनों को नोटिस किया है, या आपके पीछे वाहनों की कतार बन रही है, तो बेहतर होगा कि सुरक्षित स्थिति में दाईं लेन में चले जाएँ और वाहनों को पार करने दें।

ड्राइविंग के ख़तरे

सड़क पर पानी

जब सड़क पर ज़्यादा पानी हो तो गति धीमी करें। भारी बारिश में 50 मील प्रति घंटा या अधिक की गति पर, आपके टायरों का सड़क से संपर्क टूट सकता है और फिर आपका वाहन पानी पर सवारी या "हाइड्रोप्लेनिंग" कर रहा होगा। दिशा में मामूली परिवर्तन या हवा का झोंका आपकी गाड़ी को झटके से फिसला सकता है। यदि आपका वाहन हाइड्रोप्लेन यानी भीगी सतह पर फिसलने लगे, तो धीरे-धीरे गति धीमी करें-ब्रेक न लगाएँ।

फिसलन वाली सड़कें

बारिश के पहले संकेत पर, ख़ास कर शुष्क मौसम के बाद, गति धीमी करें। यह उस समय करें जब कई सड़कें फिसलन वाली हों, क्योंकि तेल और धूल धुल कर बहे नहीं हैं। फिसलन वाली सड़कें आपके टायरों को आवश्यक पकड़ मुहैया नहीं कराते हैं। सूखी सड़क की तुलना में अधिक धीमे गाड़ी चलाएँ। अपनी गति को निम्नतः समायोजित करें:

- **गीली सड़क**-5 से मील 10 प्रति घंटा धीमे चलें।
- **बर्फ़ जम जाने पर**-अपनी गति आधी कम करें।
- **बर्फ़**-रेंगने जितनी धीमी करें।

कुछ सड़कों की सतहें गीली होने पर अन्य की तुलना में अधिक फिसलन वाली होती हैं और सामान्यतः चेतावनी संकेत प्रदर्शित किए जाते हैं। फिसलन वाली सड़कों को पहचानने के लिए ये रहे कुछ सुझाव:

- ठंडे, गीले दिनों में, पेड़ों या इमारतों से छाया बर्फ़ वाली जगहों को छिपा सकती हैं। ये इलाक़े पहले जम जाते हैं और आख़िर में सूखते हैं।
- पुल और पुल के ऊपर वाली सड़कें, बाक़ी सड़कों की तुलना में पहले जम जाती है। वे बर्फ़ीले स्थलों को छिपा सकती हैं।

- यदि किसी गर्म दिन बारिश शुरू होती है, तो पहले कुछ मिनटों तक फ़ुटपाथ बहुत फिसलन वाले हो सकते हैं। गर्मी से डामर का तेल सतह पर आ जाता है। तेल सड़कों को फिसलन वाला बनाता है जब तक कि बारिश सड़क की सतह से तेल धोकर बहा न दे।

ज़ोरदार हवाएँ

तेज़ हवाएँ वाहन चलाते समय ख़तरा पैदा कर सकती हैं, विशेष रूप से बड़े वाहनों, ट्रकों, कैम्परों और ट्रेलर वाले वाहनों के लिए। तेज़ हवाओं में ड्राइविंग करते समय कुछ सावधानियों में शामिल हैं:

- **अपनी गति कम करें।** गति धीमी करने से आपको अपने वाहन पर बेहतर नियंत्रण हासिल होता है और यदि आपका वाहन ज़ोरदार हवा से टकराता है तो प्रतिक्रिया करने के लिए ज़्यादा समय उपलब्ध कराता है।
- **स्टीयरिंग व्हील पर हाथ की पकड़ मज़बूती से बनाए रखें।** तेज़ हवा के झोंके अप्रत्याशित होते हैं, और यदि आप व्हील को उचित रूप से नहीं पकड़ते हैं, तो हवा इतनी ज़ोरदार हो सकती है कि स्टीयरिंग व्हील को आपके हाथ से झटके से छुड़ा सकती है।
- **सतर्क रहें।** आगे अच्छी तरह नज़र रखें और देखें कि सड़क पर कोई मलबा तो नहीं है। ज़ोरदार हवाओं से कूड़े का मलबा हाई-वे पर बिखर सकता है या मलबा सीधे आपके रास्ते में फेंका जा सकता है। आगे देखने से आप स्वयं को सड़क के ख़तरों पर प्रतिक्रिया करने के लिए अधिक समय दे सकते हैं।
- **क्रूज़ नियंत्रण का उपयोग न करें।** आप अप्रत्याशित हवा के झोंकों के लिए गैस पेडल पर अधिकतम नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।
- **सक्रिय रहें।** तूफ़ान के थमने की प्रतीक्षा करें। वाहन को सड़क के किनारे लगाना और विराम लेना सुरक्षित होगा।

कोहरे में ड्राइव करना

कोहरे में ड्राइव करने के लिए उत्तम सलाह होगी कि ड्राइव न करें। आपको कोहरा छँटने तक अपनी यात्रा को टालने पर विचार करना चाहिए। हालांकि, यदि आपका ड्राइव करना ज़रूरी है, तो धीमी गति से वाहन चलाएँ, अपने विंडशील्ड वाइपरों को चालू करें, और अपनी **लो-बीम** हेडलाइटों का उपयोग करें। हाई-बीम हेडलाइटों से रोशनी पीछे परावर्तित होगी और तीक्ष्ण चमक पैदा करेगी।

केवल अपने पार्किंग या कोहरे की रोशनी के साथ ड्राइव न करें।

अपनी अनुसरण दूरी को बढ़ाएँ और आगे दिखाई देने वाली जगह के अंदर रुकने के लिए तैयार रहें। ट्रैफ़िक लेन पार करने या उनमें से गुज़रने से बचें जब तक कि यह अत्यंत आवश्यक न हो। आप जिस ट्रैफ़िक को देख नहीं पा रहे हैं उससे सुन कर महसूस करें। उत्तम दृष्टि के लिए आवश्यकतानुसार अपने वाइपर और डीफ़ॉस्टर का उपयोग करें।

यदि कोहरा इतना घना हो जाता है कि आप मुश्किल से देख पाते हैं, तो सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी करने, अपने एमर्जेन्सी सिग्नल लाइट सक्रिय करने और आगे बढ़ने से पहले मौसम के बेहतर होने की प्रतीक्षा करें।

सूर्य की तेज़ चमक के साथ ड्राइविंग करना

सूर्य की तेज़ चमक ड्राइविंग करते समय बहुत ही खतरनाक हो सकती है। निम्नलिखित सुझाव आपको सूर्य की तेज़ चमक का प्रबंधन करने में मदद कर सकती हैं:

- अपनी विंडशील्ड को अन्दर एवं बाहर से साफ रखें।
- सुनिश्चित करें कि आपके विंडशील्ड वाइपर्स ठीक से काम कर रहे हैं और आपके वाइपर द्रव्य स्तर पूरा है।
- पोलोराइज़्ड सनग्लास पहनें।
- अपने और अपने आस-पास के वाहनों के बीच पर्याप्त स्थान बनाए रखें।

- आपके कार वाइज़र किसी भी ऐसी चीज़ से मुक्त होने चाहिए जो इसके उपयोग को प्रतिबंधित करें और काम करती हुई स्थिति में होने चाहिए।
- पैदल चलने वालों का खास ध्यान रखें। आपको उन्हें देखने में मुश्किल हो सकती है।
- सूर्योदय और सूर्यास्त के आसपास ड्राइविंग करने से बचने की कोशिश करें।

अंधेरे में ड्राइविंग करना

रात में धीमें गाड़ी चलाएँ क्योंकि आप बहुत दूर तक नहीं देख सकते हैं और आपके पास ख़तरे की स्थिति में रुकने के लिए कम समय बचेगा। सुनिश्चित करें कि आप अपने हेडलाइट द्वारा रौशन दूरी के अंदर रुक सकें।

बारिश गिरने पर रात में अपने लो-बीम हेडलाइटों का उपयोग करें। **केवल अपने पार्किंग लाइट का उपयोग करते हुए ड्राइव न करें।**

खुले प्रदेश में या शहर की अंधेरी गलियों में जहाँ कहीं संभव हो अपने हाई-बीम हेडलाइटों का उपयोग करें, बशर्ते कि यह ग़ैर क़ानूनी नहीं है। अपने हाई-बीम हेडलाइटों से दूसरे ड्राइवरों को धुँधला न करें। जब आवश्यक हो अपनी लाइटें मंद करें। यदि कोई अन्य ड्राइवर अपनी लाइटें मंद नहीं करता है तो:

- सामने वाले हेडलाइट को सीधे न देखें।
- अपनी लेन के दाएँ किनारे की ओर देखें।
- अपनी आँख के कोने से सामने आने वाले वाहन को देखें।
- अपनी चमकदार रोशनी चालू करके दूसरे ड्राइवर को "प्रतिक्रिया" दर्शाने की कोशिश न करें। यदि आप ऐसा करते हैं, तो दोनों को कुछ नज़र नहीं आएगा।

जब रात को ड्राइव करें, तो निम्न याद रखें:

- पैदल चलने वालों और साइकिल सवार को रात में देखना मुश्किल होता है; उनके प्रति सतर्क रहें।
- मोटरसाइकिल चालकों को भी रात में देखने में परेशानी होती है क्योंकि उनके पास केवल एक बत्ती होती है।
- हाई-वे पर निर्माण-कार्य रात में चल सकता है। हाई-वे निर्माण क्षेत्रों में अपनी गति कम करें।
- जब आप कोई रौशन जगह छोड़ कर जाएँ, तो धीरे ड्राइव करें जब तक कि आपकी आँखें अंधेरे के प्रति समायोजित न हो जाए।
- यथा संभव दाईं ओर ड्राइव करें, जब एक लाइट के साथ कोई वाहन आपकी ओर आए। वह साइकिल या मोटरसाइकिल सवार हो सकता है, या फिर कोई ऐसा वाहन, जिसका केवल एक हेडलाइट काम कर रहा हो।

बारिश या बर्फ़ में ड्राइविंग करना

पहली बारिश या बर्फ़ गिरते समय सड़क के कई फ़ुटपाथ बहुत फिसलन वाले होते हैं क्योंकि उनसे तेल और धूल अभी धुल कर बही नहीं होती है। सड़क पर बारिश, बूंदा-बांदी, या बर्फ गिरने के पहले संकेत पर गति धीमी करें। अपने विंडशील्ड वाइपर, लो-बीम हेडलाइट, और डीफ़्रॉस्टर चालू करें।

भारी आँधी या बर्फ़ीले तूफ़ान में, आप अपने वाहन से आगे 100 फ़ीट से अधिक देखने में असमर्थ होंगे। जब आप 100 फ़ीट से ज़्यादा दूर नहीं देख पाएँगे, तो आप 30 मील प्रति घंटा से तेज़ गति पर सुरक्षित रूप से ड्राइव नहीं कर पाएँगे। आपको अपने विंडशील्ड, हेडलाइट, और टेललाइट से कीचड़ या बर्फ़ पोंछने के लिए समय-समय पर रुकना होगा।

यदि आप बर्फ़ीले इलाक़ों में ड्राइव करते हैं, तो सही संख्या में जंजीरें ले जाएँ और सुनिश्चित करें कि वे आपके ड्राइव व्हील पर फ़िट होते हैं। जंजीरों का उपयोग करने से **पहले** सीखें कि उन्हें कैसे इस्तेमाल किया जाता है।

खतरों से बचने के लिए आस-पास नज़र रखें और अपने चारों तरफ ठीक से देखते रहें!

सुरक्षित ड्राइविंग अभ्यास:
www.dmv.ca.gov

क्या आप एक आक्रामक ड्राइवर हैं?

(उपयुक्त बॉक्स पर निशान लगाएँ)

क्या आप:	हाँ	न हीं
अन्य वाहनों को केवल बाएँ से ओवरटेक करते हैं।	☐	☐
पार करने वाले लेन को अवरुद्ध करने से बचते हैं।	☐	☐
तेज़ आने वाले ट्रैफ़िक को दाईं ओर खिसक कर रास्ता देते हैं।	☐	☐
यथा संभव दाईं ओर बने रहते हैं।	☐	☐
उपयुक्त अनुसरण दूरी बनाए रखते हैं।	☐	☐
वाहनों को पार करने के बाद रास्ता काटते समय उपयुक्त दूरी प्रदान करते हैं।	☐	☐
बादल,बारिश, कम रोशनी वाली परिस्थितियों में हेडलाइटों का उपयोग करते हैं।	☐	☐
पैदल चलने वालों को रास्ता देते हैं।	☐	☐
रुकने के संकेत आदि पर गाड़ी पूरी तरह रोक देते हैं।	☐	☐
लाल ट्रैफ़िक लाइट पर रुकते हैं।	☐	☐
चौराहे और पैदल चलने वालों के नज़दीक जाते समय गति धीमी करते हैं।	☐	☐
चौ-तरफ़ा मार्ग पर राइट-ऑफ़-वे नियमों का पालन करते हैं।	☐	☐
जब स्थिति के कारण आवश्यक हो तब निर्धारित गति सीमा से नीचे गाड़ी चलाते हैं।	☐	☐
निर्माण क्षेत्रों में धीमी गति पर ड्राइव करते हैं।	☐	☐
परिस्थितियों के अनुकूल गति बनाए रखते हैं।	☐	☐
मुड़ने और लेन परिवर्तन के लिए वाहन के टर्न सिग्नलों का प्रयोग करते हैं।	☐	☐
जहाँ आवश्यक हो नेत्र संपर्क करते और इरादों का संकेत देते हैं।	☐	☐
दूसरों के इरादे को स्वीकार करते हैं।	☐	☐

क्या आप:	हाँ	न हीं
संयमित रूप से अपने हॉर्न का उपयोग करते हैं।	☐	☐
हाई-बीम हेडलाइट्स के अनावश्यक उपयोग से बचते हैं।	☐	☐
एमर्जेन्सी वाहनों के लिए रास्ता देते और दाईं ओर खिसक जाते हैं।	☐	☐
हेडलाइट फ़्लैश करने से बचते हैं।	☐	☐
धीमे, सावधानी से U-टर्न लेते हैं।	☐	☐
सड़क दुर्घटनाओं के आस-पास उचित स्पीड बनाए रखते हैं।	☐	☐
अनुचित इशारों पर प्रतिक्रिया करने से बचते हैं।	☐	☐
दूसरे ड्राइवरों को चुनौती देने से बचते हैं।	☐	☐
आक्रामक ड्राइवरों के रास्ते से हटने की कोशिश करते हैं।	☐	☐
ड्राइविंग पर ध्यान केंद्रित करते हैं और ध्यान भंग करने वाली गतिविधियों से बचते हैं।	☐	☐

क्या आप इनसे बचते हैं:	हाँ	न हीं
निद्रालु महसूस करने पर ड्राइव करना।	☐	☐
राइट-टर्न लेन को अवरुद्ध करना।	☐	☐
एक से अधिक पार्किंग स्पेस लेना।	☐	☐
विकलांगों के लिए नामित जगह पर पार्क करना।	☐	☐
अपने बग़ल में पार्क किए गए वाहन को दरवाज़े से मारना।	☐	☐
ड्राइव करते समय सेल फ़ोन का उपयोग करना।	☐	☐
बातचीत करने के लिए सड़क पर रुकना।	☐	☐
पड़ोसी कारों को ज़ोरदार संगीत से प्रभावित करना।	☐	☐

स्वयं अंक दें:

"नहीं" उत्तर की संख्या गिनें

(1-3) सुरक्षित ड्राइवर

(4-7) अच्छे ड्राइवर

(8-11) अर्ध-आक्रामक ड्राइवर

(12+) आक्रामक ड्राइवर

पानी से भरी सड़कें

एक सड़क पर अत्यधिक पानी बाढ़ का कारण बन सकता है। यह धीरे-धीरे या अचानक हो सकता है। बाढ़ खतरनाक है और जीवन को खतरा पैदा कर सकती है। सड़क पर पानी इकट्ठा होने के जोखिमों को समझना ज़रूरी है। एक पानी से भरी सड़क पर होने वाले खतरों में शामिल हैं:

- वाहन का सड़क से दूर बह जाना।
- तैरता हुआ मलबा और अनदेखे खतरे।
- सड़कों का टूट जाना।
- वाहन खराब हो जाना (जैसे कि, इंजन का बन्द पड़ना या ब्रेक खराब हो जाना)।
- यदि बिजली की पावर लाइनें गिर गईं हों तो करंट लगने की वजह से मृत्यु होना।

यदि आपका सामना एक पानी से भरी सड़क से होता है तो एक वैकल्पिक मार्ग खोजना सर्वोत्तम है। हो सकता है कि देखकर बाढ़ की गहराई का निर्धारण करना संभव न हो; यह गहरी हो सकती है और इसे पार करना बहुत खतरनाक हो सकता है। यदि आपके पास पानी से भरी सड़क से निकलने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है तो धीमे से ड्राइव करना सुनिश्चित करें। एक बार जब आप सुरक्षित रूप से पानी से निकल आते हैं तो अपनी गाड़ी की ब्रेकों को धीरे और ध्यान से जांच लें ताकि पक्का कर सकें कि वे ठीक से काम कर रही हैं।

पहाड़ी इलाक़ों या घुमावदार जगहों पर ड्राइविंग करना

आप कभी जान नहीं पाएँगे कि ढलान वाली पहाड़ी या तीक्ष्ण घुमाव के दूसरी ओर क्या है। जब आप किसी पहाड़ी या घुमाव पर पहुँचे, तो गति धीमी करें ताकि आप किसी ख़तरे को रोक सकें। आपको इतने धीमे चलाना चाहिए कि गाड़ी रोक सकें।

जब कभी आपकी दृष्टि किसी पहाड़ी या घुमाव द्वारा अवरुद्ध होती है, तो आपको यह मानकर चलना चाहिए कि आपके आगे कोई और गाड़ी है। वाहन से आगे केवल तब निकलें जब पहाड़ी या घुमाव कम से कम ⅓ मील दूर है, क्योंकि आपको सुरक्षित रूप से पार करने के लिए कम से कम उतनी जगह चाहिए।

जब घुमाव या पहाड़ी के शीर्ष पर पहुँचे तो सड़क के बाईं ओर ड्राइव न करें, क्योंकि आप आगे पर्याप्त दूर तक देख नहीं पाएँगे कि पार करना सुरक्षित है या नहीं।

ट्रैफ़िक ब्रेक

क़ानून प्रवर्तन द्वारा ट्रैफ़िक ब्रेक का निम्न के लिए उपयोग किया जाता है:

- सड़क से ख़तरे हटाने के लिए ट्रैफ़िक धीमा करें या रोकें।
- आपातकालीन कार्य संचालित करें।
- भारी कोहरे या असामान्य भारी यातायात में ट्रैफ़िक टक्करों को रोकें।

ट्रैफ़िक ब्रेक के दौरान, अधिकारी पीछे के एमर्जेन्सी लाइटों को चालू करता है, वाहन धीमी करता है, और चक्करदार ढंग से ट्रैफ़िक लेन में ड्राइव करता है। ट्रैफ़िक ब्रेक संचालन में अधिकारी की सहायता करने के लिए:

- अन्य ड्राइवरों को आगे के ख़तरे के बारे में सचेत करने के लिए अपने एमर्जेन्सी फ़्लैशर सक्रिय करें।
- अपनी गति को धीरे-धीरे कम करें। अचानक गति धीमी न करें जब तक कि टक्कर से बचने के लिए यह आवश्यक हो। आगे गश्ती वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए अधिकारी के बराबर गति कम करें।
- गश्ती वाहन को पार करके ड्राइव करने का प्रयास **न** करें। गश्ती वाहन द्वारा अपने एमर्जेन्सी लाइट बंद करने और आगे की ट्रैफ़िक परिस्थितियाँ सामान्य गति पर लौटने के लिए अनुमत करने तक तेज़ी न लाएँ।

खिड़कियों और शीशों को साफ़ करें

अपने विंडशील्ड और बाज़ू की खिड़कियों के अंदर और बाहर साफ़ रखें। मैली खिड़कियों पर उज्ज्वल धूप या हेडलाइट होने से बाहर देखना मुश्किल हो जाता है। आप ड्राइव करने से पहले सभी खिड़कियों से बर्फ़, पाला या ओस साफ़ करें।

सुनिश्चित करें कि आप देख सकते हैं और आपको देखा जा सकता है। यदि आप बारिश या बर्फ़ पड़ते समय ड्राइव करें, तो कभी-कभी आपको अपने विंडशील्ड, हेडलाइट और टेललाइट से कीचड़ और बर्फ़ को साफ़ करना पड़ सकता है।

सीट और शीशों को समायोजित करें

अपनी सीट बेल्ट पहनने से पहले अपना सीट एडजस्ट करें। आपको पर्याप्त ऊँचाई पर बैठना चाहिए कि आगे की सड़क देख सकें। यदि फिर भी नज़र नहीं आता है, तो सीट कुशन का उपयोग करें।

ड्राइविंग शुरू करने से पहले अपने रियर और साइड मिरर एडजस्ट करें। यदि आपके वाहन में दिन/रात मिरर लगा है, तो उसका इस्तेमाल करना सीखें। रात की सेटिंग आपके पीछे वाले कारों के हेडलाइट चमक को कम करता है और आपको देखने में सहायक होता है।

टायरों की सुरक्षा

टायर सुरक्षापूर्वक ड्राइविंग करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अपनी कार ड्राइव करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपको टायरों पर पर्याप्त ट्रेड और हवा का दबाव है। कुछ वाहन आपको सचेत करेंगे जब आपके टायर में दबाव या ट्रेड कम होगा। ऐसी सहायता के बावजूद, यह ज़रूरी है कि आपको अपने वाहन के टायरों में दबाव और ट्रेड की जांच स्वयं करनी आनी चाहिए। अपने टायरों को बनाए रखने के लिए यहाँ कुछ सरल सुझाव दिये गये हैं:

- आप अपने टायर पर ट्रेड की जांच करने के लिए एक पैनी का उपयोग कर सकते हैं।
  - पैनी को ऐसे पकड़े कि आप अब्राहम लिंकन के सिर को देख सकते हैं। आपको सिक्का अपनी उंगलियों के बीच पकड़ना चाहिए ताकि उसका हेड आपकी ओर हो और पूरी तरह दिख रहा हो।

यदि आप लिंकन के सिर को शीर्ष को देख सकते हैं तो नये टायर लेने का समय आ गया है।

  - सिक्के को, हेड को नीचे की ओर रखते हुए, अपने टायर की ट्रेड के सबसे गहरे खांचें में रखें।
  - यदि उसका हेड पूरी तरह नज़र आता है तो आपकी गाड़ी के टायर बदलवाने की जरूरत है।
- एक टायर प्रैशर गॉज का इस्तेमाल करें।
  - अपने वाहन के मैनुअल के अंदर, या कार के दरवाजे के अंदरुनी किनारे के भीतर, आपको प्रति पौंड वर्ग इंच (PSI) सूचक दिखना चाहिए। PSI आपके टायरों में हवा के दबाव का माप है।
  - जब आपकी गाड़ी के टायर ठंडे हैं तो अपने टायरों की PSI को पढ़ने के लिए गॉज का इस्तेमाल करें।
  - अपने वाहन के निर्माता द्वारा अनुशंसित PSI से मिलान करने के लिए तदनुसार अपने टायर के दबाव को समायोजित करें।

अन्य खतरे

सभी गैस द्वारा चालित वाहन कार्बन मोनोऑक्साइड का उत्पादन करते हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड एक घातक, गंधहीन, गैस है जो वाहन के निकास पाइप से बाहर निकलती है। कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के लक्षणों में शामिल हो सकते हैं: थकावट, जम्हाई, चक्कर आना, उल्टी, सिर दर्द, और / या कान में झनझनाहट हैं। आप निकास प्रणाली की नियमित रूप से जांच करवा के कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता को रोक सकते हैं। इसके अलावा, इंजन को चालू करते हुए, वाहन चलाते समय या खड़ी गाड़ी में इंजन को चलाते समय खिड़की आंशिक रूप से खुली छोड़ दें। अपने गैरेज डोर को बंद करके इंजन को **कभी न** चलाएँ।

एनफ़ोर्समेंट द्वारा रोकने पर ड्राइवर को क्या करना चाहिए

अपना दायाँ टर्न सिग्नल चालू करके अधिकारी की उपस्थिति को स्वीकार करें। अपना सिग्नल सक्रिय करने से अधिकारी को पता चलेगा कि आप उनकी मौजूदगी पहचान रहे हैं। यदि आप अधिकारी को पहचानने से चूकते हैं तो वे चिंतित हो सकते हैं और यह मान सकते हैं कि आपके द्वारा रास्ता न देने का कोई कारण रहेगा या आप अक्षम हैं।

अपने वाहन को सड़क के दाएँ ढलान पर ले जाएँ। अधिकारी अपने गश्ती वाहन से आपको दिशा निर्देश देगा। सड़क के बीचों-बीच न आएँ। फ़्री-वे की मध्यरेखा या दो-तरफ़ा सड़क की विपरीत दिशा में न रुकें। इससे ड्राइवर और अधिकारी को निकट आने वाले ट्रैफ़िक से टक्कर लगने का ख़तरा है।

फ़्री-वे पर, पूरी तरह दाईं ओर के ढलान पर चले जाएँ, भले ही आप कारपूल/HOV लेन में क्यों न हों। जब संभव हो तो अच्छी तरह रौशन जगह पर रुकें। अपना वाहन यथा संभव सड़क से दूर ले जाएँ। जब अंधेरा हो, तो ऐसी जगहों की तलाश करें जहाँ रोशनी हो, जैसे कि स्ट्रीट या फ़्री-वे लाइट वाले क्षेत्र, रेस्तराँ या सर्विस स्टेशन के नज़दीक।

अपने सेल फ़ोन पर बातचीत ख़त्म करें और अपना रेडियो बंद करें। अधिकारी को ज़रूरी कम समय में प्रवर्तन रोक से संबंधित आपसे संवाद करने के लिए आपका पूरा ध्यान अपेक्षित है।

अपने वाहन के अंदर बने रहें जब तक कि अधिकारी द्वारा अन्यथा निर्देश न दिए जाएँ। कभी अपने वाहन से बाहर न निकलें, बशर्ते कि अधिकारी द्वारा ऐसा करने के लिए कहा जाए। प्रवर्तन या एनफ़ोर्समेंट स्टॉप के दौरान, अधिकारी की प्राथमिकताएँ हैं आपकी सुरक्षा, आपके यात्रियों की सुरक्षा, और स्वयं अधिकारी की व्यक्तिगत सुरक्षा। अधिकांश स्थितियों में, आपके और आपके यात्रियों के लिए सुरक्षित जगह आपके वाहन के अंदर है। अधिकारी द्वारा आपको वाहन से बाहर निकलने के लिए निर्देश देने से पहले ऐसा करना पास से गुज़रने वाले वाहन से आपके टकराने का जोखिम और/या अधिकारी में धमकाने की भावना बढ़ाने का काम कर सकते हैं।

यात्रियों के हाथों सहित, अपने हाथ स्पष्ट नज़र आने वाली स्थिति में रखें जैसे कि स्टीयरिंग व्हील पर, आपके गोद के उपर, आदि। एनफ़ोर्समेंट स्टॉप के दौरान, अधिकारी द्वारा ड्राइवर और वाहन में मौजूद सभी लोगों के हाथ न देख पाने की असमर्थता अधिकारी में धमकाने की भावना का स्तर बढ़ा सकता है। क़ानून प्रवर्तन अधिकारी के खिलाफ़ अधिक हिंसक आपराधिक कृत्य व्यक्ति के हाथों के उपयोग के माध्यम से घटित होते हैं, जैसे कि बंदूक, तेज़ धार वाली वस्तु आदि का उपयोग। यदि आपकी खिड़कियाँ रंगीन हों, तो सिफ़ारिश की जाती है कि आप सड़क के

दाएँ ढलान पर अपना वाहन रोकने के बाद और अधिकारी द्वारा आपसे संपर्क करने से पहले, खिड़कियों को नीचे रोल करें।

आपात स्थितियों का संचालन

यांत्रिक सुझाव

फिसलने वाली सतहों पर स्किड होना

जो सड़क सामान्यतः सुरक्षित हो, फिसलन वाली स्थिति में ख़तरनाक हो सकती है। सड़क पर बर्फ़ और जमा हिम आपके वाहन को फिसलने का कारण बन सकता है, विशेषतः यदि आप अधिक तेज़ी से ड्राइव कर रहे हैं या पहाड़ी की ढलान पर नीचे जा रहे हैं। जब आप फिसलने लगें:

- गैस पेडल पर दबाव कम करें।
- ब्रेक न लगाएँ, और
- स्टीयरिंग व्हील को फिसलन की दिशा में मोड़ें।

यदि आप फिसलन वाली सतह पर अपने वाहन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं, तो फिसलना रोकने के लिए कुछ और ढूँढ़ें। सूखे फ़ुटपाथ या सड़क की ढलान पर पहिया लाने का प्रयास करें। आपको वाहन रोकने के लिए धीमे से बर्फ़ के किनारे या झाड़ियों में सरकना होगा।

फिसलन वाली सड़कों पर फिसलन रोकने के लिए:

- धीमे से गाड़ी चलाएँ और आगे वाले वाहन से बहुत दूर बने रहें।
- घुमाव और चौराहों के पास जाते समय वाहन की गति को धीमी करें।
- तेज़ी से मुड़ने से बचें।
- जल्दी रोकने से बचें। गति धीमी करने या रुकने के लिए ब्रेक "पम्प" करें। (एंटी-लॉक ब्रेक को पम्प न करें।)
- सीधी ढलान वाली पहाड़ी पर नीचे जाने से पहले लो गियर पर शिफ़्ट करें।
- विशेष रूप से फिसलन वाली जगहों से बचें, जैसे कि बर्फ़ीले खंड, गीली पत्तियाँ, तेल या गहरा कीचड़।

यदि ब्रेक गीले हो जाते हैं, तो उन्हें **हल्के-से** गैस पेडल तथा ब्रेक पेडल को एक साथ दबाते हुए सुखाएँ और ताकि वाहन ब्रेक के दबाव के विपरीत गतिशील होता है। यह हल्के से दबाने की क्रिया केवल ब्रेक सूखने तक करें।

सड़क से पार जाकर ड्राइविंग करना

यदि आपकी गाड़ी के पहिये पटरी से उतरकर कच्चे रास्ते पर चले जाएँ, स्टीयरिंग व्हील को कसकर पकड़ लें, ऐक्सेलरेटर (गैस) पैडल से धीरे से पैर उठा ले और धीमे से ब्रेक लगाएँ। अपने पीछे के ट्रैफ़िक पर नज़र डालने के बाद, धीमे से पटरी पर वापस आ जाएँ। अपने संचालन को सही करने के लिए अपने स्टीयरिंग व्हील को खींचें या मोड़े नहीं। इससे आप सामने से आने वाले ट्रैफ़िक में घुस सकते हैं।

एक्सलरेशन फिसलन

एक्सलरेशन फिसलन आम तौर पर उस समय घटित होते हैं जब ड्राइव व्हील सड़क की सतह पर ट्रैक्शन खो देते हैं। फिसलने वाले वाहन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए, ब्रेक न लगाएँ। गैस पेडल का दबाव कम करें और जब वाहन स्वयं को सीधी करने लगे तो सामने वाले पहियों को सीधा करें।

लॉक हुए पहियों की फिसलन

इस प्रकार की स्किड आम तौर पर तेज़ गति पर बहुत तेज़ी से ब्रेक लगाने और व्हील्स के लॉक होने के कारण होती हैं। आपका वाहन फिसलेगा चाहे स्टीयरिंग व्हील किसी भी दिशा में क्यों न मुड़ा हो। व्हील्स को अनलॉक करने के लिए अपने पैर ब्रेक से हटा लें। फिर, जब आपका वाहन सीधा होना शुरु करें तो आगे के पहियों को सीधा करें, यदि आपके वाहन

में एंटी लॉक ब्रेक नहीं लगे हैं और आप एक लॉक्ड व्हील स्किड में प्रवेश कर जाते हैं तो धीरे-धीरे ब्रेक पर पैर लगाएँ जब तक आप एक सुरक्षित गति से गाड़ी चलाना जारी नहीं कर लेते। हालांकि, यदि आप ब्रेक पैडल दबाते हैं और यह पूरी तरह नीचे जाने लगती है तो दबाव बनाने के लिए तेज़ी से ब्रेक को पम्प करें। जब आप ब्रेकों को पंप कर रहे हों तो अपने वाहन को धीमा करने के लिए गियर को कम पर ले आएँ या न्यूट्रल में ले आएँ। फिर रुकने के लिए अपनी एमरजेंसी या पार्किंग ब्रेक का इस्तेमाल करें। वाहन को धीरे-धीरे धीमा कर दें, जब तक कि ड्राइविंग जारी रखने के लिए एक सुरक्षित स्पीड पर न आ जाएँ।

एक्सलरेटर में ख़राबी

यदि आपका एक्सलरेटर अटक जाता है तो आपको:

1. न्यूट्रल में शिफ़्ट होना चाहिए।
2. ब्रेक लगाएँ।
3. अपनी नज़र सड़क पर बनाए रखें।
4. ट्रैफ़िक से दूर वैकल्पिक मार्ग खोजें या स्थिति से उबरने का उपाय ढूँढ़ें।
5. हॉर्न बजा कर तथा अपने एमर्जेन्सी लाइट चालू करके दूसरे ड्राइवरों को चेतावनी दें।
6. कार को सड़क से बाहर सुरक्षित रूप से ड्राइव करने की कोशिश करें।
7. रुकें और इग्निशन बंद करें।
   चेतावनी: वाहन चलते समय इग्निशन बंद करने से स्टीयरिंग व्हील लॉक हो सकते हैं; आपका स्टीयरिंग पर नियंत्रण नहीं रह जाएगा।

स्टीयरिंग व्हील लॉक करने वाला उपकरण

अपने वाहन के इग्निशन को कभी "लॉक" स्थिति में न घुमाएँ जब वह गतिशील हो; स्टीयरिंग लॉक हो जाएगा और आप अपने वाहन का नियंत्रण खो देंगे।

टक्करें दुर्घटनाएँ नहीं हैं

किसी "दुर्घटना" से आशय कोई अप्रत्याशित घटना है जो बिना किसी की ग़लती या लापरवाही के घटता है। अधिकांश समय ट्रैफ़िक में यह मामला नहीं है।

यदि आप वाहन के ख़तरे की लाइटें आगे देखते हैं, तो गति धीमी करें। आगे टक्कर या सड़क की अन्य कोई आपात स्थिति हो सकती है। रुकें और किसी के द्वारा पूछे जाने पर मदद करें, या बहुत सावधानी से पार करें।

यदि संभव हो, तो टक्कर वाली जगहों पर ड्राइव करने से बचें। यदि अन्य वाहन सड़क को अवरुद्ध न कर रही हों, तो चोट लगने वालों को तेज़ी से मदद मुहैया कराई जा सकती है। यदि आपको टक्कर वाली जगह के निकट ड्राइव करना ही पड़े, तो देखने के लिए न रुकें या गति धीमी न करें। आपकी वजह से एक और टक्कर लग सकती है। सड़क पर लोगों को देखते हुए, सावधानी से ड्राइव करें।

टक्करों के कारण

टक्कर के सबसे सामान्य कारण हैं:

- ड्राइवर का ध्यान भंग होना।
- असुरक्षित स्पीड।
- सड़क की ग़लत दिशा में ड्राइविंग।
- अनुचित रूप से मुड़ना।
- रास्ता देने के नियमों का उल्लंघन करना।
- रुकने के सिग्नल और संकेतों का उल्लंघन।

टक्कर में शामिल होना

यदि आप टक्कर में शामिल हों तो:

- आपको रुकना होगा। कोई घायल हो सकता है और आपकी मदद की ज़रुरत हो सकती है। यदि आप नहीं रुकते हैं, तो आपको "हिट एंड रन" यानी मार कर भाग जाने के अपराध में दंडित किया जा सकता है और आपको गंभीर सज़ा हो सकती है।
- यदि किसी को चोट लगती है, तो 9-1-1 को फ़ोन करें।

- यदि कोई घायल नहीं हुआ है या मारा नहीं गया है, तो अपने वाहन को ट्रैफ़िक लेन से बाहर ले जाएँ।
- अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL), वाहन पंजीकरण कार्ड, वित्तीय जिम्मेदारी का प्रमाण और वर्तमान पता अन्य ड्राइवर को, शामिल लोगों को और शांति अधिकारी को दिखाएँ।
- यदि टक्कर में कोई मारा जाता है या घायल हो जाता है तो आपका (आपके बीमा एजेंट, दलाल, या कानूनी प्रतिनिधि) का पुलिस या कैलिफ़ोर्निया राजमार्ग गश्ती दल (CHP) को टक्कर होने के 24 घंटे के भीतर लिखित रिपोर्ट करना ज़रूरी है।
- आपका (आपके बीमा एजेंट, दलाल, या कानूनी प्रतिनिधि) का DMV को 10 दिनों के भीतर लिखित रिपोर्ट करना ज़रूरी है।
- यदि आप किसी खड़े वाहन या अन्य संपत्ति को टक्कर मारते हैं, तो आपने जिस वाहन या संपत्ति को टक्कर मारी है उसमें सुरक्षित रूप से अपने नाम, फ़ोन नंबर और पते का नोट छोड़ें। सिटी पुलिस, या अनिगमित क्षेत्रों में, CHP को टक्कर रिपोर्ट करें।
- यदि आपका पार्क किया हुआ कार लुढ़कता है और दूसरे वाहन से टकराता है, तो मालिक का पता लगाने की कोशिश करें और ऊपर उल्लिखित रूप से प्राधिकारियों को घटना रिपोर्ट करें।
- यदि आप किसी जानवर को मार डालते या घायल कर देते हैं तो निकटतम मानवीय समाज, पुलिस, या CHP को कॉल करें। एक घायल जानवर को अपनी जगह से हिलाने की कोशिश न करें या एक घायल जानवर को मरने के लिए न छोड़ जाएँ।

टक्कर की रिपोर्टिंग

जब आपकी एक टक्कर हो जाती है तो DMV को 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट करें, यदि:

- किसी व्यक्ति की संपत्ति को $750 से अधिक का नुकसान पहुँचाया हो।
- कोई घायल हो (चोट भले ही छोटी क्यों न हो) या किसी की मृत्यु हो जाए।

प्रत्येक ड्राइवर (या ड्राइवर का बीमा एजेंट, दलाल, या कानूनी प्रतिनिधि) कैलिफ़ोर्निया में होने वाली ट्रैफ़िक दुर्घटना की रिपोर्ट (Report of Traffic Accident Occurring in California (SR 1)) फ़ॉर्म का उपयोग करते हुए *DMV के पास फ़ाइल करें।* ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** पर जाएँ या 1-800-777-0133 पर कॉल करें और SR 1 फॉर्म के लिए कहें। CHP या पुलिस आपके लिए यह रिपोर्ट तैयार **नहीं करेंगे।**

आपको या आपके प्रतिनिधि को यह रिपोर्ट करना आवश्यक है, भले ही आपने टक्कर मारी हो या नहीं, या फिर चाहे टक्कर किसी निजी संपत्ति से ही क्यों न हुई हो।

आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित किया जाएगा:

- यदि आप यह रिपोर्ट नहीं करते हैं।
- यदि आपके पास उचित बीमा कवरेज न हो, तो 4 साल तक के लिए। निलंबन के अंतिम 3 वर्षों के दौरान, यदि आप कैलिफ़ोर्निया बीमा प्रमाण-पत्र (California Insurance Proof Certificate (SR 22)) प्रदान करते हैं और 3-वर्ष की अवधि के दौरान बनाए रखते हैं, तो आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) लौटाया जा सकता है।

सुरक्षा सुझाव

CHP के अनुसार, यदि आपका वाहन फ़्री-वे पर अक्षम हो जाता है:

- सुरक्षित रूप से दाईं ओर ढलान पर गाड़ी ले जाएँ। आदर्श रूप से, यदि संभव हो, तो वाहन को कॉल बॉक्स के पास खड़ा करें। (प्रत्येक एक चौथाई से 2 मील की दूरी पर कॉल बॉक्स मौजूद होता है।)
- यदि आपको वाहन से बाहर निकलना पड़े, तो ट्रैफ़िक से दूर, अपने वाहन के दाईं ओर से बाहर उतरें।
- जब आप मदद की व्यवस्था कर दें, तो अपने वाहन में लौटें, वाहन में दाईं ओर से (ट्रैफ़िक से दूर) अंदर आएँ, और अपनी सीट बेल्ट पहन लें।
- मदद पहुँचने तक सीट बेल्ट पहन कर अपने वाहन के अंदर बने रहें।

कुछ परिस्थितियों में (जब ढलान पर पर्याप्त जगह न हो या फ़्री-वे लेन से दूर सुरक्षित रहने के लिए यदि गार्ड रेल या क्षेत्र मौजूद हो), तो अपने वाहन से बाहर निकले और अपने वाहन से दूर रहें। मौसम की परिस्थितियों के अनुसार अपने विवेकानुसार अपनी एमरजैंसी ब्लिकिंग लाइटों का उपयोग करें। ये लाइटें सहायक हो सकती हैं, लेकिन वे नशे में धुत ड्राइवरों को आकर्षित भी कर सकती हैं।

CHP की फ़्री-वे सर्विस पैट्रोल (FSP) व्यस्त समयों के दौरान मुफ़्त एमरजैंसी सड़क सेवाएँ प्रदान करता है। यदि आप वाहन के न चलने के कारण फ़्री-वे पर फँस जाते हैं, तो FSP निम्न करेगा:

- यदि आपके पास गैस न हो तो एक गैलन गैस की पेशकश करेगा।
- यदि बैटरी नहीं चल रही हो, तो आपके वाहन को "जम्प स्टार्ट" करेगा।
- आपके रेडिएटर और टेप नलियों को पुनः भरेगा।
- पंचर टायर को बदलेगा।

FSP प्रोग्राम:

- आपके वाहन को प्राइवेट रिपेयर सर्विस या घर तक खींच कर नहीं ले जाएगा।
- टो सर्विस कंपनियों या रिपेयर तथा बॉडी शॉप की सिफ़ारिश नहीं करता है।
- मोटरसाइकिलों को खींच कर नहीं ले जाता है।
- जब तक कि CHP द्वारा निर्देशित न हों, ऐसे वाहनों की मदद नहीं करता है जो टक्कर में शामिल हों।
- CHP को कोई टक्कर रिपोर्ट नही करता है।

यदि FSP आपके वाहन को चालू नहीं कर सकता है, तो उसे CHP द्वारा अनुमोदित किसी स्थान तक निःशुल्क खींच कर ले जाता है। FSP आपकी अतिरिक्त सहायता के लिए भी संपर्क कर सकता है। CHP किसी ऑटो क्लब या टोइंग सेवा को सूचित करता है।

FSP निम्नलिखित इलाक़ों में सेवा प्रदान करता है:

- वैली प्रभाग-सैक्रमेंटो मेट्रो और ट्रेसी क्षेत्र
- गोल्डन गेट प्रभाग-सैन फ़्रैन्सिस्को खाड़ी क्षेत्र
- केंद्रीय प्रभाग-फ़्रेस्नो क्षेत्र
- दक्षिणी प्रभाग-लॉस एंजिल्स बेसिन
- इनलैंड प्रभाग-रिवरसाइड क्षेत्र
- बॉर्डर प्रभाग-सैन डिएगो और ऑरेंज काउंटी के इलाक़े
- तटीय प्रभाग-मॉन्टेरी और सांताक्रूज़ क्षेत्र

यह जानने के लिए कि क्या जहाँ आप मौजूद हैं वहाँ FSP ऑपरेट करता है और FSP से किस प्रकार संपर्क करें, 1-800-TELLCHP (835-5247) पर फ़ोन करें।

ड्राइवर की तत्परता

वयोवृद्ध ड्राइवर के लिए सुरक्षा

DMV ने विशेष रूप से वरिष्ठ ड्राइवरों के लिए एक हैंडबुक प्रकाशित किया है। कृपया ऑनलाइन **www.dmv.ca.gov** पर जाकर *वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित ड्राइविंग (Senior Guide for Safe Driving)* (DL 625)) को देखें या की प्रति डाउनलोड करें, या डाक द्वारा प्रति के लिए 1-800-777-0133 पर फ़ोन करके अनुरोध करें, स्थानीय DMV क्षेत्रीय कार्यालय जाएँ, या अपने क्षेत्र के *वरिष्ठ चालक लोकपाल कार्यक्रम (Senior Driver Ombudsman Program)* से संपर्क करें:

Los Angeles (लॉस एंजिल्स) और Central Coast Counties (सेंट्रल कोस्ट काउंटी)
(310) 615-3552

Sacramento (सैक्रमेंटो) और Northern California Counties (उत्तरी कैलिफ़ोर्निया काउंटियाँ)
(916) 657-6464

Orange (ऑरेंज) और San Diego Counties (सैन डिएगो काउंटियाँ)
(714) 705-1588

San Francisco (सैन फ़्रैन्सिस्को), Oakland (ओकलैंड) और Bay Areas (खाड़ी के क्षेत्र)
(510) 563-8998

सभी ड्राइवरों के लिए अच्छी दृष्टि

आपको सुरक्षित रूप से ड्राइव करने के लिए अच्छी दृष्टि की ज़रूरत है (कृपया पृष्ठ 14 पर दृष्टि खंड देखें)। यदि आप स्पष्ट रूप से नहीं देख पा रहे हैं, तो आप दूरियों या परेशानी वाले स्थलों का सही अनुमान नहीं लगा पाएँगे, और आप सही निर्णय करने में असमर्थ होंगे। जब आपकी नज़रें सामने सड़क पर हों, तब आपकी बग़ल में आने वाले वाहनों को देखने के लिए आपको परिधि से या "अपने आँखों के कोने से" भी देखने की ज़रूरत होती है।

हो सकता है कि आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं और फिर भी दूरियों का सही अनुमान लगाने में सक्षम न हों। आपको दूरी का सही अनुमान लगाना होगा ताकि आप जान सकें कि आप दूसरे वाहनों से कितनी दूरी पर हैं। दिन में स्पष्ट रूप से देख सकने वाले कई लोगों को रात में स्पष्ट रूप से देखने में परेशानी होती है। कुछ लोग मंद रोशनी में अच्छी तरह नहीं देख पाते हैं। दूसरों को हेडलाइट की चमक से परेशानी हो सकती है।

प्रत्येक एक या दो वर्ष में अपनी आँखों की जाँच करवाएँ। किसी स्वास्थ्यचर्या पेशेवर द्वारा अपनी आँखों की जाँच करवाने तक आप ख़राब परिधीय दृष्टि या दूरी का ख़राब अनुमान के बारे में कभी जान नहीं पाएँगे।

सुनना

सुनना ड्राइविंग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसका कई लोगों को एहसास नहीं होता है। हॉर्न, साइरन की ध्वनि या टायरों की आवाज़ आपको ख़तरों की चेतावनी दे सकती हैं। कभी-कभी आप वाहन को सुन सकते हैं लेकिन देख नहीं पाते हैं, ख़ास कर अंध बिंदुओं पर।

यदि रेडियो या सीडी प्लेयर ज़ोर से बजता रहता है, तो अच्छी श्रवण शक्ति वाले लोग भी सुन नहीं पाते हैं। दोनों कानों में हेडसेट या इयरप्लग न पहनें; यह क़ानून के खिलाफ़ है। सुनने की समस्या, ख़राब दृष्टि जैसे ही धीरे-धीरे आ सकती है जिस पर आप ध्यान नहीं दे पाते हैं। आवधिक रूप से अपनी श्रवण-शक्ति की जाँच करवाएँ। बहरे या ख़राब श्रवण-शक्ति वाले ड्राइवर अपनी ड्राइवर सुरक्षा आदतों को अपने देखने की शक्ति पर अधिक निर्भर करते हए समायोजित कर सकते हैं और इस प्रकार, कमज़ोर श्रवण-शक्ति की क्षतिपूर्ति कर सकते हैं।

सतर्कता

जब आप थक जाते हैं, तो आप कम सतर्क रहते हैं। हालाँकि अधिकांश ड्राइवर रात के समय कम सतर्क रहते हैं; दिन की थकान भी उतनी ही ख़तरनाक हो सकती है। आप ख़तरों को देख या उतनी तेज़ी से उन पर प्रतिक्रिया नहीं कर पाते जितना की आराम करने और सचेत रहने पर; इसलिए, दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है।

थकान के लक्षणों में शामिल हो सकते हैं:

- ध्यान केंद्रित करने या अपनी आँखें खुली रखने में परेशानी।
- अपना सिर उठाए रखने में परेशानी।
- अंतिम कुछ मील ड्राइव करने के बारे में याद न रहना।
- लेनों के बीच भटकना, किसी और वाहन का अनुसरण करना, या ट्रैफ़िक संकेतों को न देख पाना।
- विलंबित प्रतिक्रिया-समय या झटके तथा अचानक गतिशील होना।

लंबी यात्रा में न थकने के लिए:

- अपनी यात्रा शुरूआत से पहले वाली रात को सामान्य पूरी नींद लें।
- कोई ऐसी दवाएँ न लें जो आपको निद्रालु बना दें।
- लंबे समय तक ड्राइव न करें; रात को देर से ड्राइव करने का प्रयास न करें।
- नियमित रुप से विश्राम के लिए रुकें भले ही आप थके न हों।

- अपनी नज़रों को सड़क के एक भाग से दूसरे भाग पर स्थानांतरित करते रहें। पास और दूर, दाएँ और बाएँ मौजूद वस्तुओं को देखते रहें।
- चुइंगम चबाएँ या रेडियो/सीडी के साथ गाते रहें।
- कुछ ताज़ी हवा पाने के लिए अपनी खिड़कियों को नीचे रोल करें।
- वैकल्पिक ड्राइवर।

यदि आप हमेशा थकते और दिन में अक्सर सो जाते हैं, तो अपने डॉक्टर से निद्रा विकार हेतु जाँच करने के लिए कहें।

दवाइयाँ

याद रखें कि सभी दवाइयाँ, नुस्खे की हों या काउंटर पर उपलब्ध, संभावित रूप से ख़तरनाक होती हैं और आपकी ड्राइविंग को अक्षम कर सकती हैं। बिना नुस्खे के काउंटर पर उपलब्ध दवाइयाँ, जो आप सर्दी-ज़ुकाम और एलर्जी के लिए लेते हैं, आपको निद्रालु बना सकती है और आपकी ड्राइविंग क्षमता प्रभावित हो सकती है। यदि आपको ड्राइविंग से पहले दवाई लेनी ही हो, तो अपने डॉक्टर या फ़ॉर्मेसिस्ट से दवाई के प्रभावों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। **आपके द्वारा ली जाने वाली दवाइयों का प्रभाव जानना आपकी जिम्मेदारी है।**

इससे पहले कि आप गाड़ी चलाने का निर्णय लेते हैं, निम्न **न करें**:

- दवाइयों को न मिलाएँ, जब तक कि आपके डॉक्टर द्वारा निर्देश न दिया जाए।
- किसी और के लिए निर्धारित दवाइयाँ न लें।
- अपनी दवाइयों को (निर्धारित या काउंटर पर ख़रीदी गई) शराब में न मिलाएँ।

स्वास्थ्य और भावनाएँ

आपका व्यक्तित्व आपकी ड्राइविंग से प्रभावित होता है। आपकी भावनाओं को सुरक्षित ड्राइविंग के साथ हस्तक्षेप करने न दें। जब आप ड्राइव करें, तब अपने सभी सही निर्णय, व्यावहारिक ज्ञान और शिष्टाचार का उपयोग करें। सभी अनुशंसित सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों का पालन करें।

अपने डॉक्टर के साथ अपनी ख़राब दृष्टि, दिल संबंधी समस्याओं, डायबिटीज़ या दौरा पड़ने जैसी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विचार-विमर्श करें। यदि आपको कोई ऐसी स्थिति है जिससे सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाने की आपकी योग्यता के प्रभावित होने की संभावना हो, तो DMV को सूचित कीजिये।

चिकित्सकों द्वारा रिपोर्ट की जाने वाली स्थितियाँ

डॉक्टरों और सर्जनों से अपेक्षित है कि वे बेहोशी के दौरों, अल्ज़ाइमर रोग, या संबंधित विकारों से पीड़ित कम से कम 14 वर्ष और अधिक उम्र वाले रोगियों के बारे में रिपोर्ट करें *(कैलिफ़ोर्निया स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता (California Health & Safety Code)* [CHSC] §103900)।

हालाँकि क़ानून द्वारा अपेक्षित नहीं है लेकिन आपके डॉक्टर किसी ऐसी चिकित्सीय स्थिति के बारे में DMV को रिपोर्ट कर सकते हैं जो उनके विचार में आपकी सुरक्षित रूप से ड्राइव करने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है।

शराब और नशीली दवाएँ

शराब/नशीले पदार्थ और ड्राइविंग ख़तरनाक है

एल्कोहॉल और/या नशीली दवाएँ आपके निर्णय को अक्षम करती हैं। क्षतिग्रस्त निर्णय या सही अनुमान आपको सुनाई देने वाली ध्वनियों और दृश्यों के संबंध में आपकी प्रतिक्रिया को प्रभावित करता है। शराब या नशीली दवाओं से प्रभावित स्थिति में ट्रैफ़िक में चलना या साइकिल चलाना भी ख़तरनाक होता है।

शराब के बारे में कही गई अधिकांश बातें नशीली दवाओं पर भी लागू होती हैं। कैलिफ़ोर्निया का शराब पीकर ड्राइव करने वाला क़ानून ही नशीली दवाओं का सेवन करके ड्राइव करने वाला क़ानून है। यह "शराब **और/या** नशीली दवाओं के DUI (प्रभावाधीनड्राइविंग करना)" के रूप में संदर्भित किया जाता है। यदि किसी अधिकारी को संदेह होता है कि आप नशीली दवाओं के प्रभाव में है, तो वह अधिकारी क़ानूनन आपका रक्त या मूत्र परीक्षण करवा सकता है। इन परीक्षणों की मनाही करने वाले ड्राइवर लंबी अवधि के लिए ड्राइवर लाइसेंस (DL) के निलंबन और निरस्त के अधीन हैं।

किसी भी ऐसी दवा का प्रयोग (क़ानून नुस्खे की, काउंटर पर उपलब्ध या ग़ैर-क़ानूनी दवाओं को बीच अंतर नहीं करता है) जो सुरक्षित रूप से ड्राइव करने की आपकी क्षमता को अक्षम करे, वह ग़ैर-क़ानूनी है। यदि आप इस बारे में आश्वस्त नहीं कि क्या दवाई आपकी ड्राइविंग को प्रभावित कर सकता है, तो अपने डॉक्टर या फ़ॉर्मासिस्ट से पूछताछ करें और चेतावनी लेबल पढ़ें। ये रहे कुछ तथ्य:

- सर्दी-ज़ुकाम, बुख़ार, एलर्जी या तंत्रिकाओं या माँसपेशियों को शांत करने के लिए ली जाने वाली अधिकांश दवाएँ व्यक्ति को निद्रालु बना सकती हैं।
- एल्कोहॉल के साथ ली गई या प्रयुक्त दवाएँ ख़तरनाक हो सकती हैं। शराब के साथ ली जाने वाली अधिकांश दवाओं के पार्श्व प्रभाव होते हैं।
- पेप गोलियाँ, "अप्पर्स" और डायट या मिताहार की गोलियाँ ड्राइवर को कुछ समय के लिए अधिक सचेत कर सकती हैं। तथापि, बाद में वे व्यक्ति को नर्वस कर सकती है, चक्कर पैदा कर सकती है, या ध्यान केंद्रित करने में परेशानी उत्पन्न कर सकती है। वे दृष्टि को भी प्रभावित कर सकते हैं।

ड्राइविंग से पहले आपको कोई भी ऐसी दवा नहीं लेनी चाहिए जिससे आपको "नींद या चक्कर" आए। सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली दवा का आप लेबल पढ़ें और उसके प्रभाव को जानें।

वाहन में शराब ले जाना

वाहन में शराब को ले जाने के बारे में बहुत कड़े कानून हैं चाहे वह वाहन हाई-वे पर हो या नहीं। आपका किसी भी वाहन में शराब की कोई भी मात्रा नहीं पीना ज़रूरी है।

वाहन में ले जाए जाने वाली शराब, बियर या वाइन का डिब्बा, भरा हुआ, सील लगा और बंद होना चाहिए। अन्यथा उसे वाहन की डिक्की में या ऐसी जगह रखना चाहिए जहाँ यात्री नहीं बैठते हैं। दस्ताने रखे जाने वाले डिब्बे में खुली शराब की बोतल रखना विशेष रूप से क़ानून के खिलाफ़ है।

किसी बस, टैक्सी, कैम्पर, या मोटर होम में, ड्राइविंग न करने वाले यात्रियों पर यह क़ानून लागू नहीं होता है।

21 से कम उम्र वाले ड्राइवर (जिनके पास शराब पाई जाए)

यदि आपकी उम्र 21 वर्ष से कम है:

- आप अपने वाहन में लिकर, बियर, या वाइन नहीं ले जा सकते हैं जब तक कि क़ानून द्वारा निर्दिष्ट रूप से आपके साथ माता-पिता या अन्य कोई व्यक्ति हो और कंटेनर भरा, सीलबंद और बंद हो।
- यदि आप अपने वाहन में किसी एल्कोहॉल पेय-पदार्थ के साथ पकड़े जाते हैं, तो आपका वाहन 30 दिनों तक के लिए ज़ब्त किया जा सकता है। अदालत आप पर लगभग $1,000 तक का जुर्माना लगा सकती है या तो और 1 वर्ष के लिए आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को निलंबित कर सकती है या आपके लाइसेंसधारक न होने की स्थिति **में**, DMV से लगभग 1 वर्ष के लिए आपके पहले ड्राइवर लाइसेंस (DL) को जारी करने में विलंबित करने की मांग की जा सकती है।
- आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार 1 वर्ष के लिए निरस्त किया जाएगा, यदि आपको 0.01% या अधिक रक्त एल्कोहॉल सांद्रता (BAC) के साथ वाहन चलाने या एल्कोहॉल और/या नशीले पदार्थों के DUI (प्रभावाधीनड्राइविंग करना) के लिए दोषी पाया जाता है। पहली बार यह अपराध होने पर आपसे लाइसेंसीकृत DUI कार्यक्रम के शैक्षिक भाग को पूरा करने की अपेक्षा की जाएगी। दोबारा अपराध होने पर लंबे DUI कार्यक्रम की आवश्यकता हो सकती है और आपके पास DUI कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस (DL) नहीं होगा।

  अपवाद: किसी ऑफ़-साइट लिकर सेल्स लाइसेंस युक्त व्यक्ति के लिए काम करते समय, आप बंद कंटेनरों में एल्कोहॉलिक पेय ले जा सकते हैं।



यदि आपको सड़क पर शराब पीकर गाड़ी चलाता हुआ कोई ड्राइवर दिखाई दे, तो 911 पर कॉल करें।

कानून प्रवर्तन अधिकारियों को निम्न जानकारी प्रदान करें:

- सटीक स्थान
- वाहन निर्माता और मॉडल
- लाइसेंस प्लेट

एक कॉल किसी ज़िंदगी को बचा सकता है।

शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर की रिपोर्ट करें

911 पर कॉल करें

OTS

CALIFORNIA OFFICE OF TRAFFIC SAFETY

DUI मिले - तो अपना लाइसेंस खो सकते हैं!

.08% या अधिक रक्त एल्कोहॉल मात्रा (BAC) के साथ ड्राइव करना ग़ैर क़ानूनी है (वाणिज्यिक वाहन के ड्राइवरों के लिए .04% तथा 21 से कम उम्र वालों के लिए.01%)। थकान, दवाइयाँ या आहार जैसे अन्य कारक क़ानूनन वाहन चलाने की आपकी क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। निम्न तालिका सेवन की गई शराब की मात्रा, लिंग और शरीर के वज़न के आधार पर रक्त एल्कोहॉल स्तरों का अनुमान प्रस्तुत करती है। **याद रखें:** एक जाम भी सुरक्षित रूप से ड्राइव करने की आपकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है!

रक्त एल्कोहॉल मात्रा (BAC)
पुरुष (M) / महिला (F) की तालिका

जाम की संख्या		पाउंड में शरीर का वज़न								ड्राइविंग स्थिति
		100	120	140	160	180	200	220	240	
0	M	.00	.00	.00	.00	.00	.00	.00	.00	केवल सुरक्षित ड्राइविंग सीमा
	F	.00	.00	.00	.00	.00	.00	.00	.00	
1	M	.06	.05	.04	.04	.03	.03	.03	.02	अक्षम ड्राइविंग कौशल
	F	.07	.06	.05	.04	.04	.03	.03	.03	
2	M	.12	.10	.09	.07	.07	.06	.05	.05	
	F	.13	.11	.09	.08	.07	.07	.06	.06	
3	M	.18	.15	.13	.11	.10	.09	.08	.07	
	F	.20	.17	.14	.12	.11	.10	.09	.08	क़ानूनन नशे में धुत
4	M	.24	.20	.17	.15	.13	.12	.11	.10	
	F	.26	.22	.19	.17	.15	.13	.12	.11	
5	M	.30	.25	.21	.19	.17	.15	.14	.12	
	F	.33	.28	.24	.21	.18	.17	.15	.14	

प्रत्येक 40 मिनट के शराब सेवन हेतु .01% घटाएँ।
1 जाम = 1.5 oz. 80 प्रूफ़ लिकर, 12 oz. 5% बियर, या 5 oz. 12% वाइन।

100 में से 5 व्यक्तियों से कम लोगों में ये मान अधिक हो सकते हैं।

धीरे चलें और सुरक्षित तरीके से निकलें।

सड़क का साझा करें

कैलिफ़ोर्निया का पैदल यात्रियों और साइकल चालकों के लिए प्रवर्तन और शिक्षण प्रोजेक्ट

इस कार्यक्रम के लिए निधि, नेशनल हाइवे ट्रैफ़िक सेफ़्टी एडमिनिस्ट्रेशन के माध्यम से कैलिफ़ोर्निया ऑफ़िस ऑफ़ ट्रैफ़िक सेफ़्टी कार्यालय से प्राप्त अनुदान द्वारा प्रदान की गई।

"थ्री फ़ीट फ़ॉर सेफ़्टी अधिनियम", किसी साइकल चालक के पास से गुजरते समय तीन फ़ीट की न्यूनतम मानक दूरी निर्धारित करता है।

सभी उम्र के ड्राइवर

किसी भी स्वरूप में (कॅफ़ सिरप जैसी दवाओं सहित) अधिक मात्रा में शराब के सेवन। कोई नशीली दवा लेने (नुस्खे वाली दवा सहित), या आपके ड्राइव करने की क्षमता को अक्षम करने वाले किसी भी शराब या नशीली दवा के संयोजन के उपयोग के बाद वाहन चलाना ग़ैर क़ानूनी है।

रक्त में शराब की सांद्रता (BAC) सीमाएँ

निम्न सहित किसी भी व्यक्ति का वाहन चलाना ग़ैर क़ानूनी है:

- 0.08% या अधिक BAC, यदि व्यक्ति की उम्र 21 या अधिक है।
- 0.01% या अधिक BAC, यदि व्यक्ति की उम्र 21 से कम है।
- किसी भी उम्र में 0.01% या अधिक BAC, यदि व्यक्ति प्रभावाधीन (DUI) ड्राइविंग परिवीक्षा के तहत है।
- 0.04% या अधिक BAC, एक वाणिज्यिक ड्राइवर लाइसेंस (CDL) अपेक्षित किसी भी वाहन में–ड्राइवर को वाणिज्यिक ड्राइवर लाइसेंस (CDL) जारी या जारी किए बिना।

आपको एक DUI के लिए हिरासत में लेने या गिरफ़्तार करने के बाद, DMV आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार के खिलाफ़ प्रशासनिक कार्रवाई कर सकता है। अदालत द्वारा उसी अपराध के लिए अलग कार्रवाई की जा सकती है। DMV की कार्रवाई केवल आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार से संबंधित है। न्यायालय की कार्रवाई में जुर्माना, जेल की सज़ा, ड्राइवर लाइसेंस (DL) में विलंब और DUI कार्यक्रम पूरा करना शामिल हो सकता है।

न्यायालय द्वारा DUI सज़ा की सूचना देने के बाद, DMV आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को निलंबित या निरस्त करने के संबंध में **अतिरिक्त** कार्रवाई कर सकता है।

जब आप कोई पोत, जहाज़, जेट स्की, वॉटर स्की, या उन जैसे अन्य उपकरण संचालित करते हैं, तो समान प्रावधान *(California Harbors and Navigation Code)* लागू होंगे। ये सज़ा आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड में दर्ज किए जाएँगे और न्यायालय द्वारा मोटर वाहन DUI सज़ा के लिए "पूर्व दोष" के निर्धारण में प्रयुक्त किए जाएँगे। इन दोषसिद्धियों का मोटर वाहन चलाते समय आपके द्वारा किए गए उल्लंघन के फलस्वरूप निलंबन या निरस्त कार्रवाई के अवधि निर्धारण या बहाली आवश्यकताओं के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।

स्वतः प्रशासन

जब आप कैलिफ़ोर्निया में ड्राइव करते हैं, तो एल्कोहॉल, ड्रग्स, या दोनों के संयोजन के प्रभाव में ड्राइव करने (DUI) हेतु गिरफ़्तारी के मामले में, आप अपने श्वास, रक्त, या किन्हीं विशेष परिस्थितियों में, मूत्र परीक्षण की सहमति देते हैं।

गिरफ़्तारी होने पर, अधिकारी आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) ले सकता है, 30 दिनों के लिए अस्थायी ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी कर सकता है, और निलंबन आदेश दे सकता है। आप 10 दिन के अंदर DMV प्रशासनिक सुनवाई होने का अनुरोध कर सकते हैं। गिरफ़्तार करने वाला अधिकारी आपसे श्वास या रक्त परीक्षण सबमिट करने के लिए कह सकता है। परीक्षण का चयन करने या परीक्षण पूरा करने से पहले आपको वकील से संपर्क करने का अधिकार नहीं है।

यदि आपका BAC का स्तर 0.08% या उससे अधिक है, तो शांति अधिकारी आपको गिरफ़्तार कर सकता है (CVC §§23152 या 23153)। यदि अधिकारी यथोचित रूप से मानता है कि आप शराब और नशीले पदार्थों के संयुक्त प्रभाव में हैं, और आपने पहले ही एक प्राथमिक शराब परीक्षण (PAS) और/या श्वास परीक्षण सबमिट कर दिया है, तो फिर भी आपसे एक रक्त या मूत्र परीक्षा सबमिट

करने की अपेक्षा की जा सकती है, क्योंकि श्वास परीक्षण में नशीली दवाओं की मौजूदगी का पता नहीं चलता है।

यदि आप अपेक्षित रक्त और/या मूत्र परीक्षण करवाने से मना करते हैं, तो आपकी मनाही के कारण आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार निलंबित किया जा सकता है। भले ही आप बाद में अपना मन बदल लें, आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार दोनों कारणों से निलंबित किया जा सकता है, हालाँकि दोनों कार्रवाइयाँ समवर्ती चलेंगी।

21 से कम उम्र–शराब के उपयोग के लिए शून्य सहिष्णुता

यदि आपकी उम्र 21 वर्ष से कम है, तो आपका एक हैंडहेल्ड श्वास परीक्षण, प्राथमिक एल्कोहॉल परीक्षण (PAS), या अन्य कोई एक रासायनिक परीक्षण करवाना ज़रूरी होता है। यदि आपका BAC का मान PAS पर 0.01% या उससे अधिक होता है, तो आपको 1 वर्ष के लिए निलंबित किया जा सकता है।

यदि आपका PAS, 0.05% BAC दर्शाता है, तो अधिकारी आपसे श्वास या रक्त परीक्षण करवाने के लिए कह सकता है।

यदि दोबारा परीक्षण में BAC, 0.05% या अधिक दर्शाता है, तो अधिकारी निलंबन आदेश जारी कर सकता है और आपको DUI के लिए गिरफ़्तार कर सकता है (CVC §23140)।

न्यायालय द्वारा DUI दोषसिद्धि

यदि आपको एल्कोहॉल और/या नशीले पदार्थ या दोनों के लिए DUI हेतु दोषी पाया जाता है, और आपका BAC स्तर काफी अधिक है, तो पहली बार दोषी पाए जाने पर आपको 6 महीने जेल की सज़ा हो सकती है और $390–$1,000 के बीच जुर्माने (तथा जुर्माने के 3 गुणा जुर्माना आकलन) की सज़ा हो सकती है। आपका वाहन ज़ब्त किया जा सकता है और वह भंडारण शुल्क के अधीन होगा।

पहली बार दोष सिद्धि होने पर आपका ड्राइविंग विशेषाधिकार 6 महीने के लिए निलंबित किया जाएगा और आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) की बहाली से पहले आपसे DUI कार्यक्रम को पूरा करने, कैलिफ़ोर्निया बीमा प्रमाण-पत्र (California Insurance Proof Certificate (SR 22)) फाइल करने, तथा सभी शुल्कों का भुगतान करने के लिए कहा जाएगा। कार्यक्रम की अवधि अलग हो सकती है। यदि आपके BAC का स्तर 0.15% या उससे अधिक है, और आपका अन्य कारणों के लिए उल्लंघनों का रिकॉर्ड है या आप रासायनिक परीक्षण करवाने से मना कर देते हैं, तो अदालत द्वारा 9 महीने या उससे अधिक अवधि के कार्यक्रम को पूरा करने का आदेश दिया जा सकता है। यदि आपके BAC का स्तर 0.20% या उससे अधिक है और अदालत आपको वर्धित DUI उपचार कार्यक्रम के लिए संदर्भित करता है, तो आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) 10 महीनों के लिए निलंबित किया जाएगा। आपको अपने वाहन पर इग्निशन इंटरलॉक डिवाइस (IID) स्थापित करने की जरूरत भी हो सकती है। यदि आपके श्वास में कोई एल्कोहॉल हो, तो एक IID आपको अपना वाहन चालू करने से रोकता है। यदि आपके DUI के परिणामस्वरूप किसी को चोट पहुँचती है, तो निलंबन अवधि 1 वर्ष की होगी।

1 जुलाई 2010 से 1 जुलाई 2017 तक प्रभावी, एलामीडा, लॉस एंजिल्स, सैक्रामेंटो या तुलारे काउंटियों के सभी पहली बार और बारंबार के DUI दोषियों को उनके स्वामित्व वाले और उनके द्वारा संचालित सभी वाहनों पर, एक विशिष्ट अवधि के लिए, एक IID स्थापित और अनुरक्षित करने की जरूरत है और उनके ड्राइविंग विशेषाधिकार की बहाली के लिए $45 के एक प्रशासनिक सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा (CVC §23700)।

गंभीर चोट या मौत से जुड़े मामलों में, आपको सिविल मुक़द्दमों का सामना भी करना पड़ सकता है। सभी DUI दोषसिद्धि 10 साल के लिए DMV के रिकॉर्ड में बने रहेंगे। उस अवधि के दौरान दोबारा उल्लंघनों के लिए अदालतें और/या DMV अधिक कठोर दंड लगा सकते हैं।

क़ानूनी स्तर से नीचे के BAC का मतलब यह नहीं कि आप सुरक्षित रूप से ड्राइव कर सकते हैं। लगभग सभी ड्राइवर क़ानूनी सीमा से निचले स्तरों पर एल्कोहॉल द्वारा अक्षमता प्रदर्शित करते हैं। जिस समय आपको रोका जाता है उस समय आपके द्वारा प्रदर्शित अक्षमता BAC माप के बिना भी आपको DUI के लिए दंडित करने हेतु पर्याप्त हो सकता है।

21 और अधिक उम्र वाले ड्राइवर–DUI कार्यक्रम और प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस

सभी DUI दोष सिद्धियों के लिए DUI कार्यक्रम को पूरा करना अपेक्षित है।

सामान्यतः, यदि आपकी उम्र 21 वर्ष से अधिक है, तो एक DUI कार्यक्रम में नामांकित हों, एक कैलिफ़ोर्निया बीमा प्रमाण-पत्र (California Insurance Proof Certificate (SR 22)) दायर करें, और प्रतिबंध तथा पुनर्निर्गम शुल्कों का भुगतान करें, और DMV द्वारा एक प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी किया जाएगा, बशर्ते कि आप एक वाणिज्यिक ड्राइवर लाइसेंस (CDL) धारक न हों। प्रथम DUI दोषसिद्धि में एक लाइसेंस अनुमत होता है जो आपको अपने कार्यस्थल तक जाने-आने और आपके रोज़गार के दौरान तथा DUI कार्यक्रम तक जाने-आने के लिए ड्राइव करने को प्रतिबंधित करता है। तथापि, यदि आपको "ट्रैफ़िक सुरक्षा" या "सार्वजनिक सुरक्षा" की दृष्टि से जोखिम माना जाता है, तो न्यायालय आपको प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस जारी न करने का DMV को आदेश दे सकता है। आपके खिलाफ़ अन्य कार्रवाइयाँ भी एक प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी करने को रोक सकती हैं।

ध्यान दें: वाणिज्यिक ड्राइवरों को 1 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है और वे वाणिज्यिक ड्राइवर लाइसेंस (CDL) में पदावनति के बिना प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस प्राप्त नहीं कर सकते हैं (अधिक जानकारी के लिए *कैलिफ़ोर्निया कमर्शियल ड्राइवर हैंडबुक (California Commercial Driver Handbook)* [DL 650] देखें)।

दूसरी और परवर्ती DUI दोषसिद्धियों के परिणामस्वरूप 2 वर्ष के निलंबन या 4 वर्ष तक के लिए निरस्त सहित, वर्धित जुर्माने लग सकते हैं। आपके द्वारा अपने निलंबन/निरस्त की निर्धारित अवधि को पूरा करने और DUI कार्यक्रम में या तो नामांकित होने या उसके एक भाग को पूरा करने पर, आप ज़रूरत पड़ने पर कहीं भी ड्राइव करने के लिए एक प्रतिबंधित ड्राइवर लाइसेंस (DL) प्राप्त कर सकते हैं, यदि आप:

- अपने वाहन में IID स्थापित करें।
- बिना IID के किसी वाहन को न चलाने के लिए सहमत हों।
- निर्धारित DUI कार्यक्रम को पूरा करने की सहमति जताएँ।
- एक SR 22 दायर करें।
- पुनर्निगमन और प्रतिबंध शुल्क का भुगतान करें।

निर्दिष्ट ड्राइवर कार्यक्रम

निर्दिष्ट ड्राइवर कार्यक्रम एक प्रभावाधीन ड्राइविंग-रोधी (DUI) प्रयास है जो काम करता है। यह कार्यक्रम बाहर जाते समय एक व्यक्ति को एल्कोहॉल युक्त पेय पदार्थों से परहेज करने के लिए प्रोत्साहित करता है ताकि वे सुरक्षित रूप से अन्य व्यक्ति(यों) के परिवहन के लिए जिम्मेदार रह सकें।

निर्दिष्ट ड्राइवर के रूप में भाग लेने केल लिए, व्यक्ति को:

- कम से कम 21 वर्ष की उम्र का होना चाहिए और उसके पास एक मान्य ड्राइवर लाइसेंस (DL) होना चाहिए।
- उसका 2 या अधिक व्यक्तियों के समूह का हिस्सा होना और मौखिक तौर पर सर्वर को निर्दिष्ट ड्राइवर के रूप में अपना परिचय करवाना ज़रूरी है।
- बाहर रहते समय उसे एल्कोहॉल युक्त पेय पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।
- वह अन्यथा अक्षम ड्राइवर नहीं होना चाहिए।
- उसका यह समझना ज़रूरी है कि किसी भी समय किसी भी व्यक्ति को सेवा से मना करने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है।

अतिरिक्त ड्राइविंग क़ानून/नियम

जो काम आपको नहीं करने चाहिए:

- जब वाहन में नाबालिग हो तो कभी धूम्रपान **नहीं करना चाहिए।** आपको $100 तक की सज़ा हो सकती है।
- एक हाईवे पर किसी जानवर को **फेंकना या छोड़ देना।** इस अपराध के लिए $1,000 तक का जुर्माना, 6 महीने की जेल की सज़ा, या दोनों द्वारा दंडित किया जा सकता है।
- हैंड्स-फ़्री डिवाइस का उपयोग किए बिना सेल फ़ोन **न चलाएँ** (नाबालिग, संबंधित जानकारी के लिए पृष्ठ 12 पर "नाबालिग और सेल फ़ोन" खंड देखें)।
- टेक्स्ट आधारित संप्रेषण लिखने, भेजने या पढ़ने के लिए वायरलेस संचार का उपयोग करते समय मोटर वाहन **न चलाएँ।**
- ड्राइव करते समय **दोनों** कानों में हेडसेट या इयरप्लग **न पहनें।**
- सामग्री या लोगों के इतने भार सहित वाहन **न चलाएँ** कि आप उसे नियंत्रण में न रख सकें, या वाहन के आगे या बाज़ू वाली चीज़ों को न देख सकें।
  - ऐसे असुरक्षित, बिना बँधे भार के साथ किसी वाहन को चलाना ग़ैर क़ानूनी है जो सुरक्षा के लिए ख़तरा हो (CVC 24002(a))। बिना बँधे भार (पिक-अप ट्रके के पीछे सीढ़ियाँ, बाल्टियाँ, और अन्य ढीली सामग्रियों) से अन्य मोटरचालकों, विशेषतः मोटरसाइकिल चलाने वालों को उनके सड़क पर गिरने से ख़तरा हो सकता है।
- एक यात्री वाहन में या पर कोई ऐसी चीज़ **न ले जाएँ** जो बाईं ओर से फेंडरों से परे निकल रही हो या दाईं ओर से फेंडरों के 6 इंच परे तक जा रही हो। वाहन के पिछले बम्पर से 4 फ़ीट से अधिक विस्तृत कार्गो को 12-इंच का लाल या फ़्लोरोसेंट नारंगी झंडा फहराना या रात में 2 लाल बत्तियाँ जलाना ज़रूरी है।
- वाहन के किसी ऐसे भाग में किसी को अनुमत न करें जो **यात्रियों के लिए न हो।**
- अपने वाहन की पेटी में किसी को सवार **न होने दें।** दोषी सिद्ध होने पर ड्राइवर और पेटी में सवार व्यक्ति, दोनों के लिए जुर्माना लग सकता है।
- किसी व्यक्ति को पिक-अप या अन्य ट्रक के पीछे सवार **न होने दें**, जब तक कि वाहन में सीट सुसज्जित न हो और व्यक्ति सीट और सुरक्षा बेल्ट, दोनों का उपयोग न करता हो।
- पशुओं का पिक-अप या अन्य ट्रक के पीछे परिवहन **न करें**, जब तक कि पशुओं को उचित रूप से बाँधा न गया हो; इससे पशुओं को गिरने, उछल-कूद करने या वाहन से बाहर गिरने से बचाया जा सकता है।
- किसी बच्चे या पशु को गरम वाहन में बिना रखवाली के **न छोड़ें** (पृष्ठ 21 पर "मोटर वाहन में बिना रखवाली के बच्चे" खंड और पृष्ठ 22 में "गरम मौसम के जोखिम" खंड को देखें)।
- किसी साइकिल, वैगन, रोलर स्केट्स, रोलर ब्लेड, स्की, स्लेड, खिलौना वाहन, स्केटबोर्ड आदि पर सवार व्यक्ति को खींच कर **न ले जाएँ।**
- सड़क के आस-पास कूड़ा **न फेंके।** इसके लिए जुर्माना $1,000 है और आपको अपनी फेंकी हुई चीज़ को उठाने के लिए मजबूर किया जा सकता है। आपके ड्राइविंग रिकॉर्ड में कूड़ा फेंकने के लिए दी गई सज़ा दर्शाई जाएगी।
- ऐसे चश्मे **न पहनें** जिसकी कनपटियाँ इतनी विस्तृत हों कि आप बाज़ू में स्पष्ट रूप से न देख पाएँ।
- वीडियो मॉनीटर से सुसज्जित वाहन **न चलाएँ**, यदि मॉनीटर ड्राइवर को दिखाई देता हो और वाहन की जानकारी, ग्लोबल मैपिंग डिस्प्ले, एक्सटर्नल मीडिया प्लेयर (MP3),

या सेटेलाइट रेडियो सूचना के अतिरिक्त कुछ और प्रदर्शित करता हो।

- अपना हॉर्न **न बजाएँ** जब तक कि वह टक्कर लगने से बचने के लिए सुरक्षा चेतावनी हो।
- अपने वाहन से कोई सिगरेट, सिगार, या अन्य ज्वलनशील या चमकती वस्तु बाहर **न फेंके**।
- हाई-वे या ट्रैफ़िक संकेतों पर कोई बंदूक **न चलाएँ**।
- आगे की विंडशील्ड या पीछे वाली विंडोज़ पर कोई ऐसे संकेत या अन्य चीज़ें डालकर अपने देखने की क्षमता को अवरोधित **न करें।** शीशों पर कोई वस्तुएँ न लटकाएँ। विंडशील्ड/विंडो स्टिकर आदि की केवल इन स्थानों पर अनुमति हैं:
  - यात्री के बगल वाली विंडशील्ड के निचले कोने या पीछे की खिड़की के निचले कोने में एक 7 इंच का चौकोर।
  - ड्राइवर की बगल वाली खिड़की के निचले कोने में एक 5 इंच का चौकोर।
  - ड्राइवर के पीछे बगल वाली खिड़कियाँ।
  - इलेक्ट्रॉनिक टोल भुगतान उपकरण के लिए आपके विंडशील्ड के केंद्रीय सबसे ऊपरी भाग में स्थित एक 5 इंच का चौकोर।
- किसी निर्दिष्ट जंगल क्षेत्र में मोटर वाहन **न चलाएँ** (CVC §38301.3)।
- ग़ैर-क़ानूनी रंगीन सुरक्षा ग्लास के साथ **ड्राइव न करें**। यदि आपकी त्वचा धूप के प्रति संवेदनशील है, तो आप दिन में यात्रा के दौरान हटाने योग्य सन-स्क्रीन का उपयोग कर सकते हैं, बशर्ते कि आपके पास अपने डॉक्टर का पत्र मौजूद हो।
- किसी शवयात्रा को अवरुद्ध न करें या उसमें **बाधा न डालें**। शवयात्रा में भाग लेने वाले वाहनों को पहले जाने का अधिकार है, और यदि आप शवयात्रा में हस्तक्षेप, अवरुद्ध या बाधित करते हैं, तो आपको तलब किया जा सकता है (CVC §2817)। शवयात्रा ट्रैफ़िक अधिकारी की अगुआई में संपन्न होता है। शवयात्रा में भाग लेने वाले सभी वाहनों पर उनकी पहचान के लिए विंडशील्ड मार्कर होंगे और उनके हेडलाइट्स चालू रहेंगे।
- किसी सार्वजनिक सड़क या हाई-वे पर किसी "पॉकेट बाइक" पर **सवारी न करें**, या किसी बच्चे को सवारी न करने दें। ये वाहन हाई-वे पर उपयोग के लिए निर्मित या डिज़ाइन नहीं किए गए हैं, और ये संघीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति नहीं करते हैं।
- ऐसे वाहन को **न चलाएँ** जिसमें ऐसा कोई विज़ुअल या इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद या उपकरण लगा हो जो लाइसेंस प्लेट पढ़ने या पहचानने में बाधा उत्पन्न करे।
- लाइसेंस प्लेट को किसी भी प्रकार **न बदलें**।

जो काम आपको करने चाहिए:

- आपको संकरी पहाड़ी सड़कों पर यथोचित संभव रूप से दाईं ओर **ड्राइव करना चाहिए**। यदि आप कम से कम 200 फ़ीट आगे नहीं देख पाते हैं, तो हॉर्न बजाएँ।
- आपको सूर्यास्त के 30 मिनट बाद अपने हेडलाइट का **उपयोग करना चाहिए** और उन्हें सूर्योदय से 30 मिनट पहले तक चालू रखना चाहिए।
- आपको अपने पास आने वाले वाहन के 500 फ़ीट के अंदर या आप जिस वाहन का अनुसरण कर रहे हैं उससे 300 फ़ीट के अंदर अपनी लाइटों को लो-बीम पर मंद **करना चाहिए**।
- यदि बर्फ़, बारिश, कोहरा, धूल या कम दृश्यता (1,000 फ़ीट या कम) के कारण विंडशील्ड वाइपरों के उपयोग की ज़रूरत है, तो अपने हेडलाइट्स चालू **करना चाहिए**।

- यदि आप किसी टक्कर में शामिल हों, तो आपको सुरक्षित स्थिति में अपने वाहन को ट्रैफ़िक लेन में **ले जाना चाहिए** (बशर्ते कि वह अक्षम न हो)। यदि आपका वाहन असुरक्षित क्षेत्र में छोड़ा जाता है और वह सुरक्षा चिंताओं का कारण बनता है, तो क़ानून प्रवर्तन द्वारा उसे टो या जब्त किया जा सकता है।

प्रशासनिक

वित्तीय जिम्मेदारी

कैलिफ़ोर्निया अनिवार्य वित्तीय दायित्व क़ानून की अपेक्षा है कि प्रत्येक ड्राइवर और मोटर वाहन का प्रत्येक मालिक हर समय वित्तीय जिम्मेदारी (दायित्व रक्षा) का अनुरक्षण करें। वित्तीय दायित्व के 4 स्वरूप हैं:

- मोटर वाहन दायित्व बीमा पॉलिसी।
- DMV के पास $35,000 की जमाराशि।
- कैलिफ़ोर्निया में कारोबार करने के लिए लाइसेंस प्राप्त कंपनी से हासिल $35,000 का जमानती बांड।
- DMV द्वारा जारी स्व-बीमा प्रमाण-पत्र।

जब भी आप वाहन चलाएँ आपके पास वित्तीय जिम्मेदारी का प्रमाण मौजूद होना चाहिए, और जब किसी ट्रैफ़िक स्टॉप या टक्कर के बाद माँगा जाए तो शांति अधिकारी को दिखाना चाहिए। यदि आप इस क़ानून का पालन नहीं करते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है या आपका वाहन जब्त किया जा सकता है।

बीमा आवश्यकताएँ

क़ानून कहता है कि जब भी आप वाहन चलाएँ और आपके स्वामित्व के सभी वाहनों से संबंधित अपनी कार्रवाईयों के लिए आपका वित्तीय रूप से जिम्मेदार होना आवश्यक है। अधिकांश ड्राइवर वित्तीय जिम्मेदारी के रूप में दायित्व बीमा पॉलिसी रखना पसंद करते हैं। यदि आप किसी टक्कर में शामिल हों जो आपके बीमा द्वारा रक्षित न हो, या आपके पास बीमा न हो, तो आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित कर दिया जाएगा। यदि ड्राइवर की पहचान नहीं हो पाती है, तो टक्कर में शामिल मोटर वाहन के मालिक का ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित कर दिया जाएगा।

आपके बीमा द्वारा प्रति टक्कर रक्षित न्यूनतम राशि निम्न* होनी चाहिए:

- एकल मृत्यु या चोट के लिए $15,000।
- एक से अधिक व्यक्तियों की मौत या चोट के लिए $30,000।
- संपत्ति को नुक्सान के लिए $5,000।

बीमा खरीदने से पहले यह जानने के लिए 1-800-927-HELP को कॉल करें कि क्या आपका एजेंट/ब्रोकर और बीमाकर्ता कैलिफ़ोर्निया बीमा विभाग द्वारा लाइसेंसकृत है।

यदि आप कैलिफ़ोर्निया सैर के लिए आए हैं या यहाँ हाल ही में आये हैं, तो जानें कि राज्य से बाहर की सभी बीमा कंपनियाँ कैलिफ़ोर्निया में कारोबार करने के लिए प्राधिकृत नहीं हैं। यहाँ ड्राइव करने से पहले अपनी बीमा कंपनी से पूछ लें कि क्या आप टक्कर होने की स्थिति में बीमा द्वारा रक्षित हैं। यदि कैलिफ़ोर्निया में आप किसी टक्कर में शामिल होते हैं, तो आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार के निलंबन से बचने के लिए निम्नलिखित 3 शर्तों की पूर्ति आवश्यक है:

1. आपका बीमा दायित्व शारीरिक चोट और संपत्ति को नुक्सान के लिए कवरेज प्रदान करना चाहिए जो इस खंड में उल्लिखित अपेक्षित सीमाओं के बराबर या उससे अधिक हो।
2. आपकी बीमा कंपनी द्वारा DMV के कैलिफ़ोर्निया में क़ानूनी सेवा के लिए उसके एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए मुख्तारनामा दायर करना ज़रूरी है।

---

* निम्न लागत वाली ऑटोमोबाइल पॉलिसियाँ Alameda, Contra Costa, Fresno, Imperial, Kern, Los Angeles, Orange, Riverside, Sacramento, San Bernardino, San Diego, San Francisco, San Joaquin, San Mateo, Santa Clara, और Stanislaus काउंटियों में उपलब्ध हैं। कृपया अपने बीमा एजेंट से संपर्क करें।

3. आपको कैलिफ़ोर्निया आने से पहले अपने वाहन का बीमा करवाना चाहिए। कैलिफ़ोर्निया में वाहन का पंजीकरण करने के बाद आप राज्य से बाहर पॉलिसी का नवीकरण नहीं कर सकते हैं।

आपके रिकॉर्ड में टक्करें

DMV निम्न द्वारा DMV को रिपोर्ट की गई प्रत्येक टक्कर की सूचना रखता है:

- क़ानून प्रवर्तन, बशर्ते कि रिपोर्टिंग अधिकारी किसी अन्य व्यक्ति की ग़लती का उल्लेख करे।
- टक्कर में शामिल आप या अन्य पक्ष, यदि किसी व्यक्ति को $750 से अधिक का नुक्सान पहुँचता है, या किसी को चोट पहुँचती है या मौत हो जाती है।

कारण ज़रूरी नहीं है कि किसके कारण टक्कर लगी; DMV को यह रिकॉर्ड रखना ज़रूरी है।

टक्कर, बीमा और नाबालिग

यदि आपकी उम्र 18 वर्ष से कम है, तो आपके माता-पिता या संरक्षक(कों) का आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) आवेदन पर हस्ताक्षर करना और आपकी ड्राइविंग के लिए वित्तीय जिम्मेदारी ग्रहण करना ज़रूरी है। जब आपकी उम्र 18 वर्ष की हो जाती है, तो आपके माता-पिता या या संरक्षक(कों) का दायित्व स्वचालित रूप से समाप्त हो जाता है।

यदि आप किसी टक्कर में शामिल हैं, तो आपके माता-पिता या अभिभावक नागरिक क्षति के लिए बाध्य होंगे और आपको भी दंड दिया जा सकता है।

अपवाद: जब आप नाबालिग हों, तब आपके माता-पिता या संरक्षक किसी भी समय आपका ड्राइवर (DL) लाइसेंस रद्द करवा सकते हैं।

टिकट पाना

यदि किसी ट्रैफ़िक क़ानून के उल्लंघन के लिए शांति अधिकारी द्वारा रोका और तलब किया जाता है, तो आपको ट्रैफ़िक अदालत में पेश होने के वचन पर हस्ताक्षर करना होगा। जब आप अदालत में जाएँ, तो आप दोषी होने या न होने की जिरह कर सकते हैं, या आप अर्थदंड खो (भुगतान कर) सकते हैं। जुर्माने का भुगतान करना दोषी दलील के समान ही है।

यदि आप ट्रैफ़िक टिकट की उपेक्षा करते हैं और अदालत में पेश होने का अपना वचन नहीं निभाते हैं, तो पेश होने में विफल (FTA) होना आपके ड्राइवर रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। यदि आप जुर्माने के भुगतान करने में चूकते हैं (FTP), तो अदालत द्वारा DMV को सूचित किया जाएगा और यह आपके ड्राइवर रिकॉर्ड में भी दिखाई देगा। चाहे 1 FTA या FTP हो, DMV द्वारा आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित किया जा सकता है। निलंबन समाप्त करने हेतु आपको ड्राइवर लाइसेंस (DL) पुनः जारी करने के लिए $55 का शुल्क लगेगा।

गतिशील ट्रैफ़िक क़ानून के एक उल्लंघन का दोषी सिद्ध होने पर प्रत्येक बार, अदालत द्वारा DMV को सूचित किया जाता है और अपराध आपके ड्राइवर लाइसेंस रिकॉर्ड में जुड़ जाता है। अन्य राज्यों द्वारा रिपोर्ट किये गये अपराध भी आपके ड्राइवर रिकॉर्ड में जोड़े जाते हैं।

शांति अधिकारी से बचना

कोई भी व्यक्ति, मोटर वाहन चलाते समय, जो अपनी ड्यूटी निभाने वाले शांति अधिकारी से जानबूझ कर बच कर भाग जाता है या भागने का प्रयास करता है, वह दुराचार का दोषी है और जो काउंटी जेल में 1 साल से अधिक समय के लिए कारावास द्वारा दंडनीय नही है (CVC §2800.1)।

पुलिस द्वारा पीछा करते समय यदि कोई व्यक्ति गंभीर शारीरिक चोट पहुँचाने के लिए दोषी पाया जाता है (CVC §2800.3(a)), तो वह निम्न के अधीन होगा:

- राज्य की जेल में 3, 5, **या** 7 सालों के लिए कारावास या एक काउंटी जेल में जो 1 साल से अधिक नहीं होती।
- जुर्माना जो $2,000 से कम न हो या $10,000 से अधिक न हो।
- जुर्माना और कारावास, दोनों।

जब कोई व्यक्ति पुलिस द्वारा पीछा करते समय बचने के प्रयास में हत्या के लिए दोषी पाया जाता है, तो उसे राज्य की जेल में न्यूनतम 4 से 10 वर्षों के लिए कारावास की सज़ा दी जा सकती है (CVC §2800.3(b))।

ड्राइवर रिकॉर्ड पर अंक

DMV द्वारा आपके सभी दोषसिद्धि और टक्करों का सार्वजनिक रिकॉर्ड रखा जाता है। प्रत्येक घटना सज़ा के प्रकार के आधार पर 36 महीने, या अधिक समय तक आपके रिकॉर्ड में बनी रहती है।

लापरवाह चालक उपचार प्रणाली (The Negligent Operator Treatment System - NOTS) लापरवाह चालक के अंकों पर आधारित है और इसमें ड्राइविंग विशेषाधिकार के प्रति चेतावनी पत्रों और प्रगामी प्रतिबंधों की कंप्यूटर जनित श्रृंखला सम्मिलित है।

आपको लापरवाह चालक माना जाएगा, यदि आपका ड्राइविंग रिकॉर्ड निम्नलिखित कोई एक "अंक गणना" कुल दर्शाता है:

- 12 महीनों में 4 अंक
- 24 महीनों में 6 अंक
- 36 महीनों में 8 अंक

1 अंक उल्लंघनों के कुछ उदाहरण:

- ट्रैफ़िक उल्लंघन
- टक्कर मारने की ग़लती

2 अंक उल्लंघनों के कुछ उदाहरण:

- लापरवाह ड्राइविंग या हिट-एंड-रन ड्राइविंग
- शराब/नशीले पदार्थ के प्रभाव (DUI) में ड्राइव करना
- ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित या निरस्त करने के बाद भी ड्राइविंग करना

यदि आपको 12 महीने में 4 अंक मिलते हैं, तो आप अपना ड्राइवर लाइसेंस (DL) गंवा बैठेंगे। वाणिज्यिक वाहन से होने वाले उल्लंघन की सामान्य आकलन से 1½ गुणा अधिक अंक गणना होगी। अंक गणना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए *कैलिफ़ोर्निया कमर्शियल ड्राइवर हैंडबुक (California Commercial Driver Handbook)* (DL 650) देखें।

यातायात भंग अभियुक्त स्कूल दोष-सिद्धि

जब 1 अंक ट्रैफ़िक उल्लंघन के लिए ड्राइवर को टिकट दिया जाता है, तब जज ड्राइवर को ट्रैफ़िक उल्लंघक स्कूल में भाग लेने के मौक़े की पेशकश कर सकते हैं। जिन ड्राइवरों के पास एक वाणिज्यिक ड्राइवर लाइसेंस (CDL) नहीं है, वे अपने ड्राइविंग रिकॉर्ड से उल्लेख को छिपाने के लिए 18-महीने की अवधि में एक बार भाग ले सकते हैं। स्कूल द्वारा अदालत को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पाठ्यक्रम के समापन की सूचना दी जाएगी। रिपोर्टिंग प्रयोजनों के लिए अब दस्तावेज़ भरने के प्रमाण-पत्रों का उपयोग नहीं किया जाता है; तथापि, छात्र को स्कूल से पाठ्यक्रम पूरा करने की एक रसीद प्राप्त होगी।

ध्यान दें: जब ग़ैर-वाणिज्यिक वाहन में वाणिज्यिक ड्राइवर को तलब किया जाएगा, तो ड्राइवर ट्रैफ़िक स्कूल में भाग लेने के लिए पात्र *हो सकता है।* कृपया DMV के वेबसाइट **www.dmv.ca.gov** पर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करें।

DMV द्वारा निलंबन या निरस्त

यदि आपको अनेक लापरवाह ड्राइवर अंक मिलते हैं, तो DMV आपको 1 वर्ष के परिवीक्षा के तहत रखेगा (जिसमें 6 महीने का निलंबन शामिल है) या आपके ड्राइविंग विशेषाधिकार को निरस्त कर सकता है (पृष्ठ 88-93 पर "प्रशासन" खंड में शामिल विषयों को देखें)। आपके निलंबन या निरसन आदेश में आपकी सुनवाई के अधिकार की सूचना दी जाती है।

निलंबन या निरसन अवधि के अंत में, आप एक नए ड्राइवर लाइसेंस (DL) के लिए आवेदन दे सकते हैं और आपको वित्तीय दायित्व का प्रमाण दिखाना होगा।

यदि आप हिट-एंड-रन या चोट में परिणत होने वाले लापरवाह ड्राइविंग के दोषी पाए जाते हैं, तो DMV आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) को निरस्त कर देगा।

जज द्वारा निलंबन

यदि ड्राइवर निम्नलिखित किसी एक के लिए दोषी पाया जाता है, तो जज द्वारा व्यक्ति का ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित किया जा सकता है:

- स्पीड क़ानून तोड़ना या लापरवाह ड्राइविंग।
- शराब या नशीले पदार्थ के प्रभाव (DUI) में ड्राइव करना
- हिट-एंड-रन।
- किसी घर से 1,000 फ़ीट की दूरी के अंदर वाहन में अशिष्ट आचरण और वेश्यावृत्ति में लिप्त रहना।
- ड्राइवर, यात्री, साइकिल सवार, या पैदल चलने वाले पर हमला जब अपराध हाई-वे पर घटित हो (सड़क उत्पात)।
- रेलवे ग्रेड क्रॉसिंग पर अपेक्षानुसार रुकने में विफल।
- किसी क़ानून प्रवर्तन से लापरवाही से बच कर भागते समय गुंडागर्दी या दुष्कर्म।

अंक गणना का लिहाज़ न करते हुए, कई गंभीर अपराध जिनमें वाहन का उपयोग किया जाए, के लिए जुर्माना और/या कारावास जैसे भारी दंड के पात्र हैं। यदि आप अपने वाहन का हथियार के रूप में प्रयोग करते हैं, तो आपका ड्राइवर लाइसेंस (DL) स्थाई रूप से निरस्त किया जा सकता है।

रिकॉर्ड गोपनीयता

आपके ड्राइवर लाइसेंस (DL) रिकॉर्ड की अधिकांश जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहती है। आपके निवास का पता केवल प्राधिकृत एजेंसियों द्वारा देखा जा सकता है। आपका डाक पता, यदि निवास पते से भिन्न हो, तो वह कम प्रतिबंधित होता है।

ड्राइवर की शारीरिक या मानसिक दशा के रिकॉर्ड गोपनीय रहते हैं।

आप मान्य (ID) पहचान के साथ शुल्क देकर किसी भी DMV कार्यालय से अपने ड्राइविंग रिकॉर्ड की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

तोड़फोड़/भित्तिचित्र-सभी उम्र

कैलिफ़ोर्निया क़ानून अदालतों को भित्ति-चित्र सहित तोड़फोड़ में लिप्त होने के लिए दोषी पाए गए व्यक्ति का 2 वर्ष तक ड्राइवर लाइसेंस (DL) निलंबित करने की इजाज़त देता है। यदि आप दोषी पाये जाते हैं और आपके पास ड्राइवर लाइसेंस (DL) नहीं है, तो अदालतें आपको ड्राइव करने के लिए क़ानूनन पात्र होने के दिनांक से 3 वर्षों तक ड्राइवर लाइसेंस (DL) जारी करने को विलंबित कर सकती हैं।

स्पीड प्रतियोगिताएँ/लापरवाह ड्राइविंग

लापरवाह ड्राइविंग या ऐसी स्पीड प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दोषी पाए गए व्यक्ति, जो किसी दूसरे व्यक्ति को शारीरिक रूप से चोट पहुँचाए, निम्न के अधीन हैं:

- किसी काउंटी जेल या राज्य जेल में न्यूनतम 30 दिनों से 6 महीने के लिए कारावास।
- $220-$1,000 की रेंज में जुर्माना, या
- जुर्माना और कारावास, दोनों (CVC §23104(a))।

बंदूक आदि रखना

अदालत निम्न कर सकता है:

- छिपाने योग्य हथियार या सक्रिय गोला-बारूद रखने के लिए दोषी पाए गए किसी नाबालिग के ड्राइविंग विशेषाधिकार को निलंबित या निरस्त करना।
- ऐसे अपराध के लिए दोषी पाए गए नाबालिगों के लिए ड्राइवर लाइसेंस (DL) प्रतिबंध लागू करना, जिसमें बंदूक आदि शामिल हों।

वाहन पंजीकरण आवश्यकताएँ

कैलिफ़ोर्निया वाहन पंजीकरण आवश्यकताओं का एक संक्षिप्त सार निम्नतः है। कृपया DMV की वेबसाइट **www.dmv.ca.gov** पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त करें।

कैलिफ़ोर्निया वाहन

जब आप किसी लाइसेंस-प्राप्त कैलिफ़ोर्निया डीलर से नए या इस्तेमाल किए गए वाहन की ख़रीदारी करते हैं, तो डीलर वाहन के पंजीकरण और स्वत्वाधिकार के लिए उपयोग कर शुल्क संग्रहीत करता है। उपयोग कर समकारी बोर्ड को अग्रेषित किया जाता है।

अंतरण और पंजीकरण शुल्क तथा दस्तावेज़ DMV को भेजे जाते हैं जो आपको अस्थायी संचालन का प्राधिकार देता है। सामान्यतः ख़रीदी गई दिनांक के बाद 6 से 8 सप्ताह में, जैसा यथोचित हो, आपको एक पंजीकरण कार्ड, लाइसेंस प्लेट, स्टिकर, और स्वत्व प्रमाण-पत्र प्राप्त होता है।

यदि डीलर बिज़नेस पार्टनर ऑटोमेशन (Business Partner Automation (BPA)) प्रोग्राम में भाग लेता है, तो डीलर या उनकी पंजीकरण सेवा DMV दस्तावेज़ों को संसाधित करेगी और ग्राहक को पंजीकरण कार्ड, लाइसेंस प्लेट, तथा स्टिकर जारी करेगी।

यदि आप प्राइवेट पार्टी से वाहन **प्राप्त करते या खरीदते** हैं, तो आपको **10 दिनों** के अंदर स्वामित्व का अंतरण करना होगा। DMV को निम्नलिखित प्रस्तुत करें:

- उचित रूप से पृष्ठांकित और भरा गया कैलिफ़ोर्निया स्वत्व प्रमाण-पत्र या पेपरलैस स्वत्व (REG 227) फॉर्म।
- धूम्र प्रमाणीकरण, यदि आवश्यक हो।
- उपयोग कर भुगतान, यदि आवश्यक हो।
- ओडोमीटर माइलेज प्रकटीकरण वक्तव्य, यदि लागू हो।
- उपयुक्त वाहन पंजीकरण शुल्क।

जब आप एक वाहन **बेचें या ट्रांसफर करें,** तो DMV को **5 दिनों के भीतर** रिपोर्ट करें। आप दायित्व के हस्तांतरण और रिलीज़ का नोटिस (Notice of Transfer and Release of Liability (REG 138)) फ़ॉर्म को ऑनलाइन भर सकते हैं, डाउनलोड कर सकते हैं, और भरा गया फ़ॉर्म मेल कर सकते हैं या डाक द्वारा फ़ॉर्म प्राप्त करने के लिए DMV को 1-800-777-0133 पर फ़ोन करके अनुरोध कर सकते हैं।

राज्य से बाहर के वाहन

किसी अन्य राज्य या विदेश में पंजीकृत वाहन को आपके निवासी होने या नौकरी प्राप्त करने के 20 दिनों के अंदर कैलिफ़ोर्निया में पंजीकृत करना होगा (अतिरिक्त निवास मानदंड के संबंध में जानकारी के लिए पृष्ठ 2 देखें)।

ध्यान दें: यदि आप कैलिफ़ोर्निया के निवासी हैं और आपने किसी दूसरे राज्य से एक **नया वाहन**, **ट्रक या मोटरसाइकिल** (इसमें डीज़ल-चालित कुछ वाहन भी शामिल हैं) प्राप्त किया है, तो **सुनिश्चित करें** कि वह कैलिफ़ोर्निया स्मॉग क़ानूनों की पूर्ति करता है; अन्यथा, वह यहाँ पंजीकरण के लिए योग्य नहीं होगा। DMV वाहन को कैलिफ़ोर्निया में पंजीकृत करने के लिए आवेदन स्वीकार **नहीं** कर सकता है यदि वाहन पंजीकरण के लिए योग्य नहीं पाया जाता है (कैलिफ़ोर्निया हेल्थ एंड सेफ़्टी कोड (CHSC) §§43150-43156)।

अनिवासी सैन्य कर्मी और उनके पति/पत्नी अपने गृह राज्य के वैध लाइसेंस प्लेट सहित या उनके अंतिम निर्दिष्ट ड्यूटी स्टेशन वाले राज्य से जारी प्लेट के समापन तक अपने वाहन कैलिफ़ोर्निया में चला सकते हैं। वे अपने पंजीकरण समापन से पहले अपने गृह राज्य में नवीकृत कर सकते हैं या कैलिफ़ोर्निया में वाहन का पंजीकरण करवा सकते हैं।

किसी राज्य से बाहर के वाहन के पंजीकरण के लिए आवश्यक मद हैं:

- स्वत्व या पंजीकरण के लिए भरा गया और हस्ताक्षरित (REG 343) फॉर्म।
- DMV, क़ानून प्रवर्तन एजेंट, या किसी ऑटो क्लब के कर्मचारी द्वारा संपन्न किया गया वाहन सत्यापन।
- बाहरी राज्य का स्वत्व और/या अंतिम बार जारी बाहरी राज्य का पंजीकरण कार्ड, यदि स्वत्व प्रस्तुतन न किया जाए तो।
- धूम्र प्रमाणीकरण, यदि आवश्यक हो।
- केवल वाणिज्यिक वाहनों के लिए भार प्रमाण-पत्र।
- उपयुक्त वाहन पंजीकरण शुल्क और उपयोग कर, यदि लागू हो।
- भरा गया ओडोमीटर माइलेज प्रकटीकरण वक्तव्य, यदि लागू हो।

यदि वाहन BPA प्रोग्राम में भर्ती किसी डीलर से खरीदा जाता है, तो डीलर द्वारा प्रलेखन DMV को प्रस्तुत किए जाएँ।

वाहन चोरी निवारण युक्तियाँ

संयुक्त राज्य अमेरिका में, औसतन प्रत्येक 21 मिनटों में एक वाहन की चोरी होती है। वाहन चोरी से पीड़ित व्यक्ति को खर्च उठाना पड़ता है और उससे बीमा प्रीमियम बढ़ जाता है। साथ ही, वाहन चोर अक्सर अन्य अपराध करने के लिए वाहनों की चोरी करते हैं।

अक्सर वाहन चोरी वहाँ ज़्यादा होती हैं जहाँ विस्तृत समयावधि के लिए दिन में किसी भी समय कई कार पार्क किए जाते हैं, जैसे कि शॉपिंग सेंटर, कॉलेज, खेल के कार्यक्रम, मूवी कॉम्प्लेक्स, और बड़े अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स।

यहाँ कुछ सुझाव दिये गये हैं, जिनकी आप वाहन चोरी का शिकार बनने की अपनी संभावना को कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप इन सुझावों का पालन करते हैं, तो तो आप वाहन चोरी का शिकार बनने की अपनी संभावना को कम कर सकते हैं।

- **कभी न छोड़ें:**
  - अपने वाहन को चालू या रखवाली के बिना, भले ही आपको चंद मिनटों के लिए ही दुकान में जाना पड़े।
  - इग्निशन में चाबियाँ।
  - तालाबंद गैरेज या कुंजी छिपाने वाले बॉक्स के अंदर कुंजियाँ।
  - आपका वाहन तालाबंद होने के बावजूद, पर्स, लैपटॉप आदि जैसी मूल्यवान वस्तुएँ जो बाहर से नज़र आए। उन्हें नज़रों से दूर रखें।
  - वाहन में स्वत्वाधिकार विलेख या क्रेडिट कार्ड जैसे व्यक्तिगत पहचान (ID) वाले दस्तावेज़।
- **हमेशा:**
  - अपनी खिड़कियों को ऊपर रोल करें और वाहन को लॉक करें भले ही वह आपके घर के सामने ही क्यों न पार्क किया गया हो।
  - जहाँ कहीं संभव हो, भारी-ट्रैफ़िक, अच्छी तरह रौशन इलाकों में पार्क करें।
  - पुलिस को तुरंत वाहन चोरी की सूचना दें।
- **सुझाव:**
  - स्टीयरिंग व्हील, कॉलम, या ब्रेक लॉक करने वाला यांत्रिक उपकरण स्थापित करें।
  - वाहन चोरी ट्रैकिंग/सुरक्षा प्रणाली ख़रीदने पर विचार करें, विशेषतऋ यदि आपके पास अक्सर चुराए जाने वाले मॉडल का वाहन हो।
  - जब आपको वैलेट, अटेंडेंट, या मैकेनिक के पास चाबी छोड़नी पड़े, तो केवल इग्निशन चाबी छोड़ें।
  - अपना लाइसेंस प्लेट और वाहन संबंधी जानकारी की प्रतिलिपि एक कार्ड पर तैयार करें, और वह जानकारी कार में नहीं, बल्कि अपने पास रखें। यदि वाहन चुरा ली जाए, तो पुलिस को इस जानकारी की आवश्यकता हो सकती है।

ड्राइवर लाइसेंस त्वरित तथ्य और अन्य प्रकाशन

ऑनलाइन उपलब्ध

- FFDL 3 *ड्राइवर लाइसेंस माध्यमिक समीक्षा रेफ़रल प्रक्रिया (Driver License Secondary Review Referral Process)*
- FFDL 5 *कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस की आवश्यकताएँ (Requirements for a California Driver License)*
- FFDL 5A *ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन देने हेतु अपेक्षित दस्तावेज़ (Documents Required to Apply for a Driver License)*
- FFDL 6 *कैलिफ़ोर्निया पहचान कार्ड की आवश्यकताएँ (Requirements for a California Identification Card)*
- FFDL 7 *कैलिफ़ोर्निया ड्राइवर लाइसेंस के लिए कैसे तैयारी और आवेदन करें (How to Prepare and Apply for a California Driver License)*
- FFDL 8 *सामाजिक सुरक्षा संख्या (Social Security Number)*
- FFDL 8A *सामाजिक सुरक्षा संख्या अनुपूरक आवश्यकताएँ (Social Security Number Supplemental Requirements)*
- FFDL 10 *संभावित रूप से असुरक्षित ड्राइवर (Potentially Unsafe Driver)*
- FFDL 14 *दृष्टि मानक (Vision Standards)*
- FFDL 15 *ड्राइवर रिकॉर्ड जानकारी का अवधारण (Retention of Driver Record Information)*
- FFDL 16 *वाहन टक्कर (Vehicle Collisions)!*
- FFDL 19 *अंतरिम लाइसेंसिंग (Provisional Licensing)*
- FFDL 22 *DMV की ड्राइविंग परीक्षा (Driving Test)*
- FFDL 24 *पहचान की चोरी (Identity Theft)*
- FFDL 25 *पहचान धोखाधड़ी (Identity Fraud)*
- FFDL 26 *ड्राइवर की सुरक्षा प्रशासनिक सुनवाई की प्रक्रिया (Driver Safety Administrative Hearing Process)*
- FFDL 27 *DMV की पुनर्परीक्षा प्रक्रिया (Reexamination Process)*
- FFDL 28 *ड्राइवर के ध्यान का खिंचाव (Driver Distractions)*
- FFDL 29 *संघीय घातक सामग्री आवश्यकताएँ (Federal Hazardous Materials Requirements)*
- FFDL 31 *इग्निशन इंटरलॉक उपकरण (Ignition Interlock Devices)*
- FFDL 32 *क़ानूनी मौजूदगी के लिए सीमित अवधि (Limited Term for Legal Presence)*
- FFDL 33 *ड्राइवर शिक्षा एवं ड्राइवर प्रशिक्षण (Driver Education and Driver Training) के लिए किसी ड्राइविंग स्कूल का चयन करना (Selecting a Driving School)*
- FFDL 34 *अंग तथा ऊतक दान पर त्वरित तथ्य (Fast Facts on Organ & Tissue Donation)*
- FFDL 35 *नशे में ड्राइव करना (Driving Under the Influence) - तत्काल ड्राइवर लाइसेंस का निलंबन या निरसन (Immediate Driver License Suspension or Revocation): 21 और अधिक उम्र के ड्राइवर (Drivers age 21 and older)*
- FFDL 36 *नशे में ड्राइव करना (Driving Under the Influence) - तत्काल ड्राइवर लाइसेंस का निलंबन (Immediate Driver License Suspension): 21 वर्ष से कम उम्र के ड्राइवर (Drivers Under age 21)*
- FFDL 37 *सड़क साझा करना (Sharing the Road)*
- FFDL 40 *मधुमेह और ड्राइविंग (Diabetes and Driving)*
- FFDL 41 *ड्राइवरों को उनकी ड्राइविंग स्वतंत्रता बनाए रखने में मदद करना (Helping Drivers Maintain Their Driving Independence)*
- FFDL 42 *फ़ायरफ़ाइटर अनुमोदन प्रशिक्षण आवश्यकताएँ (Firefighter Endorsement Training Requirements)*
- FFDL 43 *क्या आप सेवानिवृत्त सैनिक हैं (Are You a Veteran)?*
- FFDL 44 *इग्निशन इंटरलॉक डिवाइस (IID) पाइलट प्रोग्राम (Ignition Interlock Device (IID) Pilot Program)*
- FFDMV 17 *आपकी DMV जानकारी को कैसे साझा एवं इस्तेमाल किया जाता है (How your DMV information is shared or used)*
- *सुरक्षित ड्राइविंग के लिए वरिष्ठ गाइड (Senior Guide for Safe Driving* (DL 625)*)*
- *कैलिफ़ोर्निया माता-पिता-किशोर प्रशिक्षण गाइड (California Parent-Teen Training Guide* (DL 603)*)*
- *अपने अनुपूरक ड्राइविंग निष्पादन मूल्यांकन के लिए तैयारी (Preparing for Your Supplemental Driving Performance Evaluation* (DL 956)*)*
- *ड्राइविंग परीक्षा के मानदंड (Driving Test Criteria* (DL 955)*)*

थ्री फ़ीट फ़ॉर सेफ़्टी अधिनियम

एक **चालक** जो किसी **साइकल चालक** को गुजरने देना चाहता है उसका ऐसा कम से कम **तीन फ़ीट** की दूरी से करना ज़रूरी है, जब तक कि वह ट्रैफ़िक या सड़क की स्थितियों के कारण ऐसा करने में असमर्थ न हो। इन स्थितियों में, ड्राइवर को एक उपयुक्त और सुरक्षित गति तक गाड़ी को **धीमा** कर लेना चाहिए और केवल तभी गुजरना चाहिए जब ऐसा करने से कोई खतरा उत्पन्न न होता हो।

सचेत रहें: यह अधिनियम सितंबर 2014 में कानून बन गया है

BICYCLE SAFETY DMV CALIFORNIA DMV

www.dmv.ca.gov

साइकिल सुरक्षा और उससे जुड़े अन्य क्षेत्रों के बारे में जानें।

दुर्घटनाओं के कारण:

ध्यान भंग गाड़ी चलाने वाला ड्राइवर और ध्यान भंग पैदल यात्री



अधिक जानकारी के लिए:
www.dmv.ca.gov

ब्लाइंड स्पॉट्स

केवल ट्रकों के ही नहीं होते हैं।

ये सभी वाहनों में होते हैं। आपके वाहन के ब्लाइंड स्पॉट्स कहां हैं?

www.dmv.ca.gov
1-800-777-0133

कहीं भी, किसी भी समय, कोई भी उपकरण

DMV की सुविधा, ऑनलाइन समय-बचत और मोबाइल सेवाएं।

1-800-777-0133 या DMV मोबाइल ऐप

www.dmv.ca.gov

ज्ञान परीक्षण नमूना #1

1. जब आप निर्माण क्षेत्र से ड्राइव करते हुए गुज़रें, तो आपको:
   a. श्रमिकों को देखने के लिए वाहन धीमा करना चाहिए।
   b. अपनी अनुसरण करने वाली दूरी को कम करना चाहिए।
   c. सावधानी से निर्माण क्षेत्र को पार करना चाहिए और "जिज्ञासावश इधर-उधर" नहीं देखना चाहिए।

2. कोने में दाएँ मुड़ने के लिए, आपको:
   a. साइकिल लेन में प्रवेश नहीं करना चाहिए।
   b. यदि मुड़ने से पहले आप रुकते हैं, तो केवल साइकिल लेन में मिल जाना चाहिए।
   c. मुड़ने से पहले साइकिल लेन में मिल जाना चाहिए।

3. यदि कोई ट्रैफ़िक सिग्नल लाइट काम नहीं कर रहा हो, तो आपको:
   a. रुकना, और फिर सुरक्षित रूप से आगे बढ़ना चाहिए।
   b. चौराहे में प्रवेश करने से पहले रुकना और सभी अन्य ट्रैफ़िक को पहले जाने देना चाहिए।
   c. केवल ज़रूरी हो, तो गति धीमी करनी चाहिए या रुकना चाहिए।

4. एक पैदल चलने वाला आपका लेन पार कर रहा है लेकिन वहाँ कोई चिह्नित पारपथ नहीं है। ऐसे में आपको:
   a. सुनिश्चित करना चाहिए कि पैदल चलने वाला व्यक्ति आपको देखे, लेकिन ड्राइविंग जारी रखना चाहिए।
   b. सावधानी से पैदल चलने वाले के इर्द-गिर्द ड्राइव करना चाहिए।
   c. रुकना और पैदल चलने वाले व्यक्ति को सड़क पार करने देना चाहिए।

5. हमेशा अपनी सीट बेल्ट का उपयोग करें:
   a. बशर्ते कि वाहन का निर्माण 1978 से पहले हुआ हो।
   b. बशर्ते कि आप लिमोज़िन में हों।
   c. जब वाहन सीट बेल्ट से सुसज्जित हो।

6. बड़े ट्रक के सामने अधिक जगह निम्न के लिए आवश्यक है:
   a. फ़्री-वे में मिलते समय अन्य ड्राइवरों के लिए।
   b. ट्रक ड्राइवर द्वारा वाहन रोकने के लिए।
   c. दूसरे ड्राइवरों के लिए जब वे वाहन की गति धीमी करना चाहें।

7. पहली बारिश शुरू होने के बाद सड़कें फिसलन वाली बन जाती हैं। जब सड़क पर फिसलन हो, तो आपको:
   a. तेज़ी से घुमाने और तेज़ी से रोकने से बचना चाहिए।
   b. पहाड़ी पर ऊपर चढ़ते समय अपने टायरों की ट्रैक्शन को जाँचना चाहिए।
   c. आपके वाहन से आगे नज़र आने वाली दूरी को कम करना चाहिए।

8. टक्कर कई बार उस स्थिति में भी हो सकती है जबकि:
   a. सभी वाहन एकसमान गति पर यात्रा कर रहे हों।
   b. एक लेन की ट्रैफ़िक दूसरी लेनों की ट्रैफ़िक की तुलना में अधिक तेज़ी से यात्रा कर रही हो।
   c. एक वाहन ट्रैफ़िक के प्रवाह से अधिक तेज़ या धीमी गति से यात्रा कर रहा हो।

उत्तर: 1c, 2c, 3a, 4c, 5c, 6b, 7a, 8c

नोट्स

ज्ञान परीक्षण नमूना #2

1. जब आप स्टॉप से (रुकावट से दूर) ट्रैफ़िक में प्रवेश करते हैं, तो आपको:
   a. 200 फ़ीट तक दूसरे ट्रैफ़िक की तुलना में धीमी गति में ड्राइव करना चाहिए।
   b. ट्रैफ़िक की गति को पकड़ने के लिए समुचित बड़े अंतराल की ज़रूरत है।
   c. पहले दो वाहनों के पार करने की प्रतीक्षा करनी चाहिए और फिर लेन में ड्राइव करना चाहिए।

2. जब किसी और वाहन को पार कर रहे हों, तो अपनी लेन में वापस लौटना सुरक्षित है यदि आप:
   a. अपनी दाईं ओर वाहन को सीधे नहीं देख पा रहे हैं।
   b. अपने रियर व्यू मिरर में वाहन के हेडलाइट्स देखें।
   c. अन्य वाहनों के सामने वाले बम्पर को पार करें।

3. सामने से आने वाले वाहनों के लिए अपने हेडलाइट्स को मंद करें या जब आप वाहन के 300 फ़ीट के अंदर हों:
   a. आप पीछे से आ रहे हैं।
   b. वह आपके पीछे से आ रहा है।
   c. आपने पहले ही पार कर लिया है।

4. यदि आप किसी फ़्री-वे पर नारंगी रंग में निर्माण चिह्न और शंक्वाकार कोन देखें, तो आपको:
   a. गति धीमी करनी चाहिए क्योंकि आगे लेन समाप्त हो जाती है।
   b. आगे श्रमिकों और उपकरणों के लिए तैयार रहें।
   c. लेन बदलें और अपनी वर्तमान गति बनाए रखें।

5. आवासीय क्षेत्रों में यू-टर्न वैध हैं:
   a. एक-तरफ़ा सड़क पर हरे तीर के साथ।
   b. जब पास कोई वाहन न आ रहा हो।
   c. ठोस दोहरे दो सेट के आर-पार, पीली रेखाएँ।

6. आपके रक्त, श्वास या मूत्र में अल्कोहॉल की मात्रा के लिए रासायनिक परीक्षण हेतु आपकी सहमति:
   a. केवल उस स्थिति में यदि आप शराब पी रहे हों।
   b. जब भी आप कैलिफ़ोर्निया में वाहन चलाएँ।
   c. केवल टक्कर मारने की स्थिति में।

7. हरे तीर पर, आपको निम्न करना चाहिए:
   a. चौराहे पर किसी भी वाहन, साइकिल या पैदल चलने वाले को रास्ता देना चाहिए।
   b. केवल चौराहे पर पैदल चलने वालों को रास्ता देना चाहिए।
   c. आगे बढ़ने से पहले चार सेकंड इंतज़ार करना चाहिए।

8. मंद प्रकाश वाली सड़क पर रात को गाड़ी चलाते समय, आपको:
   a. धीमे से ड्राइव करना चाहिए ताकि आपके हेडलाइट द्वारा प्रकाशित क्षेत्र के अंदर आप रुक सकें।
   b. आपसे आगे वाले वाहनों को बेहतर तरीक़े से देखने के लिए हाई बीम हेडलाइट्स चालू करना चाहिए।
   c. इंस्ट्रूमेंट पैनल की लाइटें जलाए रखना चाहिए ताकि अन्य ड्राइवरों को स्पष्ट नज़र आएँ।

उत्तर: 1b, 2b, 3a, 4b, 5b, 6b, 7a, 8a

और नमूना टेस्टों के लिए, ऑनलाइन **WWW.DMV.CA.GOV** पर जाएँ।

नोट्स

नोट्स

क्लिक-इट और टिकट

Mail to: _____

Address: _____

City, State, ZIP Code: _____